भाद्रपद कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 154, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्लैक होल के बिना जीवन संभव नहीं हो सकता 16

कोहरा 2 में शामिल हुईं मोना सिंह 15

सैफई में सूदखोरों से परेशान परिवार ने पिया जहर, मुखिया सहित तीन की मौत

संवाददाता, सैफई (इटावा)

- सैफई थाना क्षेत्र के गांव भदेई में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार : कर्ज में डूबे एक किसान परिवार ने कोल्ड ड्रिंक में कीटनाशक घोलकर पी लिया। इससे किसान, उसकी भतीजी और विधवा भाभी की मौत हो गई। किसान की मां का कहना है कि कर्ज का काफी पैसा चुका देने के बाद भी सूदखोर परेशान करते थे। इसी कारण यह कदम उठाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

थाना क्षेत्र के गांव भदेई निवासी किसान दयाशंकर सिंह (28) ने अपने दिवंगत बड़े भाई उमाशंकर की पत्नी पूजा (30) व उसकी 13 महीने की बच्ची शिवि को सोमवार सुबह घर में कोल्ड ड्रिंक में कीटनाशक मिलाकर पिला दिया और खुद भी पी लिया।

घटना के वक्त दयाशंकर की मां अपने दो अन्य नातियों के साथ बाहर गई हुई थीं। जब वापस आई तो तीनों को घर के आंगन में तड़पता देखा और शोर मचाया। पड़ोसियों ने तीनों को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सोमवार देर रात दयाशंकर व बच्ची शिवि की मौत हो गई, जबकि पूजा ने भी मंगलवार शाम दम तोड़ दिया।

> किसान के परिवार के सदस्यों ने कोल्ड ड्रिंक में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर पी लिया है। प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि दयाशंकर को शराब पीने की लत थी। उसने पड़ोस के दुकानदार से सामान उधार ले रखा था। उसकी उधारी देनी थी। परिवार में आपसी विवाद की बात भी सामने आ रही है। इन्हीं दोनों कारणों से परेशान होकर यह कदम उठाया। जांच करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> – **संजय कुमार**, एसएसपी इटावा

मंदिर गईं दो सहेलियों के शव पेड़ से लटके मिले, हत्या का आरोप

फर्रुखाबाद के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र का मामला, विपक्षी दलों ने महिला सुरक्षा को लेकर सरकार को घेरा

संवाददाता, कायमगंज (फर्रुखाबाद)

अमृत विचार: गांव भगौतीपुर में सोमवार रात जन्माष्टमी के पर्व पर मंदिर के लिए घर से निकलीं दो सहेलियों के शव मंगलवार सुबह गांव के बाहर बाग में पेड़ पर फंदे पर लटकते मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि दोनों के शव दो दुपट्टे जोड़कर बनाए गए फंदे से लटके थे।

पुलिस के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के भगौतीपुर गांव निवासी पप्पू जाटव की 15 वर्षीय पुत्री शशि गांव में ही रहने वाली अपनी सहेली बबली (18) पुत्री रामवीर के साथ मंदिर में दर्शन के लिए निकली थी। रामवीर ने बताया कि शशि व बबली सोमवार रात करीब 10 बजे घर से कुछ ही दूरी पर स्थित मंदिर के लिए निकली थीं, जहां जन्माष्टमी का आयोजन किया गया था। पुलिस के अनुसार काफी देर के बाद जब दोनों वापस नहीं आईं तो परिजनों को आशंका हुई और दोनों की तलाश शुरू की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह दोनों के शव गांव के ही निकट बाग में आम के पेड़ से लटके पाए गए।सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, सीओ जय सिंह परिहार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों के शवों को फंदे से उतरवाकर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने हत्या करने के बाद शव लटका देने का आरोप लगाया है। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि पहली नजर में ये लग रहा है कि लड़कियों ने खुद से ऐसा किया है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। उनके शव के पास में मोबाइल फोन और एक लड़की के कपड़ों से सिम कार्ड मिला है। घरवालों ने तहरीर दी है। पुलिस की जांच चल रही है।

बबली (फाइल) शशि (फाइल)

घटना की खबर लगते ही सियासत हुई तेज...

इस घटना की खबर आने के बाद सियासत तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह एक बेहद संवेदनशील घटना है। भाजपा सरकार इस मामले में तत्काल निष्पक्ष जांच कराए और हत्या के इस संदिग्ध मामले में अपनी आख्या प्रस्तुत करे।' उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से समाज में एक भयावह वातावरण बनता है, जो नारी समाज को मानसिक रूप से बहुत गहरा आघात पहुंचाता है। महिला सुरक्षा को राजनीति से ऊपर उठकर एक गंभीर मुद्दे के रूप में उठाने का अपरिहार्य समय आ गया है।' इस मसले पर कांग्रेस ने भी राज्य सरकार को घेरा है। पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर लिखा कि आज उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में दो लड़कियों के शव बगीचे में लटके मिले। दोनों कल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिर गई थीं। वो घर वापस नहीं आईं। बटेंगे-कटेंगे जैसी घटिया बयानबाजी से वक्त मिले तो बेटियों को सुरक्षित कीजिए योगी जी।"

महबूबा की बेटी इल्तिजा भी चुनावी मैदान में

श्रीनगर। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के बिजबेहरा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी मैदान में पदार्पण किया। पीडीपी अध्यक्ष की मीडिया सलाहकार का दायित्व संभाल रहीं इल्तिजा 2019 में उस समय चर्चा में आईं, जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर दिया गया और सभी नेताओं को जेल में डाल दिया गया। उस समय उन्होंने इस मुद्दे पर खुलकर बात की।

संस्कृत के सभी विद्यार्थियों को मिलेगी अब बढ़ी हुई छात्रवृत्ति

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

- 19 करोड़ 65 लाख 94 हजार 800 रुपये का आएगा व्यय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में आए 14 प्रस्ताव में से 13 पर मुहर लगी। इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों में से एक उप्र. के संस्कृत विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई है। इसके तहत जहां कक्षा छह, सात और आठ के बच्चों को भी वजीफा देने का निर्णय लिया गया है, वहीं कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति की राशि में वृद्धि की गई है।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि पहले यह नियम था कि 50 हजार रुपये तक सालाना आमदनी वाले परिवार के बच्चों को ही छात्रवृत्ति दी जाती थी, लेकिन अब आमदनी की सीमा को हटा दिया गया है। अब जो भी छात्र संस्कृत विद्यालयों की निर्धारित कक्षाओं में पढ़ते हैं, उन सभी को छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस कवायद से 01 लाख 21 हजार 573 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। साथ ही, 19 करोड़ 65 लाख 94 हजार 800 रुपये का व्यय संभावित है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने बताया कि इसके अंतर्गत प्रथमा के कक्षा 6 एवं 7 के लिए 50 रुपये प्रतिमाह और कक्षा 8 के लिए 75 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही, पूर्व मध्यमा (कक्षा 9 व 10) के लिए 100 रुपये, उत्तर मध्यमा (कक्षा 11 व 12) के लिए 150 रुपये, शास्त्री के लिए 200 रुपये एवं आचार्य के लिए 250 रुपये प्रति माह की दर से दिए जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

ग्रामीणों को मिलेगा स्वच्छ व पर्याप्त पेयजल

लखनऊ। मंत्रिमंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल आपूर्ति योजनाओं के लिए संचालन एवं अनुरक्षण नीति-2015 के स्थान पर 'उप्र. के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजनाओं की संचालन एवं अनुरक्षण नीति-2024' को स्वीकृति गई है। दरअसल, भारत सरकार द्वारा साल 2019 में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत समाहित करते हुए जल जीवन मिशन शुरु किया गया और वर्ष 2017-18 से भारत सरकार द्वारा पाइप पेयजल योजनाओं के लिए 15 प्रतिशत धनराशि की व्यवस्था समाप्त कर दी गई। अब ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल की निरन्तर एवं पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

निजी कंपनियों को सौंपे जाएंगे घाटे में चल रहे गेस्ट हाउस

लखनऊ। मंत्रिमंडल ने सरकारी पर्यटक अतिथि गृहों को निजी हाथों में सौंपने का फैसला भी लिया। राज्य पर्यटन विकास निगम के सरकारी पर्यटक आवास गृह (सरकारी गेस्टहाउस) को निजी हाथों में 30 साल के लिए देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई है। इसी क्रम में निजी कंपनियां इन आवास गृहों का रखरखाव के साथ इनका संचालन करेंगी और सरकार को भी इससे आय होगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य में कुल 87 ऐसे टूरिस्ट गेस्ट हाउस हैं, जिनमें से घाटे में चल रहे गेस्ट हाउस को निजी कंपनियों को सौंपा जाएगा। इसी के तहत राज्य पर्यटन निगम के गेस्टहाउस ठेके पर देशी व विदेशी पर्यटकों के लिए दिए जाएंगे। जिससे पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सके और पर्यटन को विशेष रूप से बढ़ावा मिल सके।

बंगाल में डॉक्टर से दरिंदगी के खिलाफ नबान्न मार्च, पुलिस ने किया लाठचार्ज

आंसू गैस के गोले छोड़े, झड़पों में पुलिसकर्मियों समेत कई घायल

राज्य सचिवालय की ओर कूच कर रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश करती पुलिस। ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता और इससे लगे हावड़ा के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच उस वक्त झड़पें हुईं, जब आंदोलनकारियों ने सचिवालय की ओर मार्च करने के लिए अवरोधकों को गिराने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए 'नबान्न' (सचिवालय) पहुंचने की कोशिश कर रहे थे।

एमजी रोड, हेस्टिंग्स रोड और प्रिंसेप घाट के पास के इलाकों, संतरागाछी और हावड़ा मैदान में ज्यादा झड़पें हुईं, जिनमें कई प्रदर्शनकारी और कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और पानी की बौछारें और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। एक महिला प्रदर्शनकारी ने कहा, 'हमें पुलिस ने क्यों पीटा? हमने कोई कानून नहीं तोड़ा। हम डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करने को लेकर शांतिपूर्ण रैली कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।' भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने 'नबान्न अभियान' रैली में बर्बर कार्रवाई की है।

भाजपा का पुलिस कार्रवाई के खिलाफ बंगाल बंद का ऐलान

पश्चिम बंगाल में डॉक्टर दुष्कर्म-हत्याकांड को लेकर तनाव जारी है। मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को बंगाल बंद का ऐलान किया है। पश्चिम बंगाल में पार्टी के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा है कि कोलकाता में छात्रों के नबान्न आंदोलन में जिस तरह की बर्बरता ममता सरकार की तरफ से दिखाई जा रही है, वह लोकतंत्र की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंगाल में महिला सुरक्षा पर बोलना अपराध जैसा है, जबकि ममता राज में दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाएं आम हो गई हैं।

एक नजर

निर्विरोध आईसीसी के अध्यक्ष चुने गए जय शाह

दुबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगले अध्यक्ष चुने गए हैं। अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई का कामकाज संभाल रहे जय शाह 1 दिसंबर 2024 से आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। मौजूदा अध्यक्ष ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो रहा है और इस पद के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त थी। आईसीसी के अनुसार, जय शाह एकमात्र उम्मीदवार थे, जिन्होंने इस पद के लिए नामांकन भरा था और उन्हें निर्विरोध अगला अध्यक्ष चुना गया है। शाह को आईसीसी के बोर्ड में सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक माना जाता है।

राज्यसभा में राजग को मिला बहुमत, सीटें बढ़कर 112 हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

- 12 सीटों के लिए हुए उपचुनाव में 11 निर्विरोध जीतीं, 1 कांग्रेस के हिस्से

राज्यसभा की 12 सीटों पर उपचुनाव में सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 11 सीटों पर जीत मिली है। इनमें भाजपा 9, अजीत पवार गुट और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक-एक सीट मिली है। वहीं, तेलंगाना से कांग्रेस के एक उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी निर्विरोध जीते हैं।

राज्यसभा में 245 सीटें हैं। हालांकि वर्तमान में आठ सीटें- चार जम्मू-कश्मीर से और चार मनोनीत की सीटें खाली हैं। सदन की मौजूदा सदस्य संख्या 237 के साथ बहुमत का आंकड़ा 119 है। मंगलवार की 11 सीटों की जीत के साथ राजग 112 सीटों तक पहुंच गया है। राजग को छह नामांकित और एक निर्दलीय सदस्य का भी समर्थन प्राप्त है। इस तरह उसे राज्यसभा में बहुमत मिल गया है।

बिहार से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और भाजपा के मनन कुमार मिश्रा निर्विरोध जीते। केंद्रीय मंत्रियों रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

के. कविता को मिली जमानत पांच माह बाद तिहाड़ से रिहाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को राहत देते हुए मंगलवार को जमानत दे दी। करीब पांच माह से तिहाड़ जेल में बंद कविता शाम को रिहा हो गईं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि कविता करीब पांच महीनों से हिरासत में हैं और इन मामलों में उनके खिलाफ सीबीआई तथा ईडी की जांच पूरी हो गई है। पीठ ने कहा, 'इसीलिए इस मामले में जांच के उद्देश्य के लिए अपीलकर्ता (कविता) की हिरासत आवश्यक नहीं है।' शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत दिए जाने से इनकार करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के 1 जुलाई के आदेश को रद कर दिया।

- सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला पलटा

मायावती फिर चुनी गईं बसपा अध्यक्ष, आकाश का बढ़ा कद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आकाश आनंद कई राज्यों के प्रभारी बनाए गए

अमृत विचार: पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को फिर बसपा का अध्यक्ष चुना गया, जबकि उनके भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद कद बढ़ा दिया गया है। उन्हें दिल्ली-हरियाणा समेत कई राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में हुई केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया।

बैठक में पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने मायावती को फिर अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पेश किया। इस मौके पर मायावती ने कहा कि देश के करोड़ों दलितों व अन्य बहुजनों के हित में डॉ. आंबेडकर के संविधान की सच्ची जनहित व जनकल्याणकारी मंशा की पूर्ति व सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करने के लक्ष्य के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर व दिल्ली विधानसभा के आम चुनाव पूरी तैयारी व दमदारी के साथ बसपा को लड़ना है।

दस लाख की रिश्वत मामले में प्रधान आयकर आयुक्त गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने मंगलवार को आयकर (पटना और धनबाद) विभाग के प्रधान आयुक्त और चार अन्य को विभिन्न कर निर्धारणकर्ताओं से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार को चार निजी व्यक्तियों गुरपाल सिंह, राजीव कुमार, अशोक चौरसिया और प्रणय के साथ 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के दौरान गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने कुमार के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि वह अपने अधिकार क्षेत्र के तहत अपने पद का दुरुपयोग करके विभिन्न निर्धारणकर्ताओं को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत मांग रहे थे और स्वीकार कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने गिरफ्तारी के बाद पटना, धनबाद और नोएडा में करीब 21 जगहों पर छापेमारी की, जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज और सामान बरामद हुए।

- सीबीआई ने की कर्रवाई, 21 जगहों पर छापेमारी में आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

टीकाकरण से छात्राओं की हालत बिगड़ी

संवाददाता, सैफनी (रामपुर)

- गांव के स्कूल में लगाए जा रहे थे जापानी इंसेफेलाइटिस के टीके

अमृत विचार : जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) के टीकाकरण के दौरान चंद्रपुर कलां गांव के स्कूल में 10 छात्राओं की हालत बिगड़ गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। सभी छात्राओं को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। चिकित्सकों ने छात्राओं को भर्ती कर उनका प्राथमिक उपचार किया। हालत में सुधार होने पर 9 छात्राओं को घर भेज दिया गया, जबकि एक का अभी भी उपचार किया जा रहा है।

मंगलवार को क्षेत्र के चंद्रपुर कलां गांव के आदर्श पब्लिक स्कूल में जापानी बुखार की रोकथाम के लिए टीकाकरण किया जा रहा था। लगभग 120 बच्चों को टीके लगा दिए गए थे। इस दौरान 10 छात्राओं की हालत बिगड़ने लगी। इससे शिक्षकों और टीकाकरण करने आई टीम के होश उड़ गए। उन्होंने टीकाकरण रोक दिया और छात्राओं को सीएचसी शाहबाद भर्ती करा दिया। हालत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने 9 छात्राओं को घर भेज दिया। प्रधानाचार्य रामनिवास ने बताया कि कक्षा 6 की 12 वर्षीया छात्रा रेखा का अब भी उपचार किया जा रहा है। इस बीच उनके परिजन भी स्कूल पहुंच गए और हंगामा करने लगे। मामला बढ़ता देख एएनएम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह लोगों को शांत किया।

छात्राओं को अस्पताल ले जाते परिजन।

> जापानी इंसेफेलाइटिस की रोकथाम के लिए टीकाकारण अभियान चलाया जा रहा है। यह टीका बिल्कुल सुरक्षित है। चंद्रपुर कलां गांव में स्कूल के बच्चे इंजेक्शन देखकर घबरा गए। ग्लूकोज एवं अन्य तरह की दवा देने के बाद बच्चों को घर भेज दिया गया है। दिमागी बुखार से बचाव के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है।
> – **मोहित रस्तोगी**, चिकित्सा अधीक्षक, सीएचसी, शाहबाद

पैसों के बलबूते बांग्लादेशी नागरिकों को बसाने का चल रहा खेल, रेट कार्ड भी कर रखा है जारी

दो लाख रुपये में महाराष्ट्र, तो डेढ़ लाख में गुजरात

डीपी, शुक्ल, लखनऊ

- रेट कार्ड वायरल होने के बाद खुफिया एजेंसियां हुईं अलर्ट

अमृत विचार: गलत मंसूबा लेकर बांग्लादेशी पैसों के बलबूते भारत में अपनी घुसपैठ बना रहे हैं। यही नहीं, बांग्लादेशियों को भारत के अलग-अलग राज्यों में बसाने के लिए बाकायदा रेट भी तय कर रखा है।

यह रेट कार्ड वायरल होने के बाद गुप्तचर एजेंसियां सर्तक हो गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी राज्यों को भी सतर्क कर दिया गया है। गुप्तचर विभाग के हाथ लगी भारत के विभिन्न राज्यों में घुसपैठ की रेट की सूची बांग्ला और अंग्रेजी भाषा में है। सुरक्षा विभाग के एक अफसर की मानें तो भारत में घुसपैठ कर रहे बांग्लादेशियों को बसाने के लिए सबसे अधिक कीमत महाराष्ट्र की है। इस राज्य में बसने के लिए बांग्लादेशियों से दो लाख रुपये तक लिए जा रहे हैं। इसी तरह गुजरात के लिए बांग्लादेशियों से डेढ़ लाख रुपये वसूले जा रहे हैं। दिल्ली में सुरक्षित बसाने के लिए इनसे एक लाख रुपये लिए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य राज्यों में बसाने के लिए बांग्लादेशियों से 50-50 हजार रुपये वसूले जा रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि इस धंधे में शामिल लोगों को बांग्लादेशियों को भारत में सुरक्षित प्रवेश करवाने में सफलता भी मिल रही है। सूत्रों की मानें तो तय रेट में शर्त है कि घुसपैठियों को राज्य की भाषा भी सिखाई जाएगी। वहां के मौलानाओं से मुलाकात करवाकर उनसे परिचय कराया जाएगा। यही नहीं राज्य में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों से बांग्लादेशियों की सहभागिता भी सुनिश्चित कराने की बात सामने आई है।

आधार कार्ड बनवाने के लिए अलग से रकम नहीं

भारत की नागरिकता और यहां बसाने के एवज में ली गई रकम में आधार कार्ड और दूसरे दस्तावेज बनवाना भी शामिल है। सूत्रों का यह भी कहना है कि इन सबके पीछे कुछ राजनीतिक नेताओं के संलिप्त होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस खेल में शामिल लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए गुप्तचर एजेंसियों ने राज्यों में गोपनीय तरीके से पड़ताल शुरू कर दी है।

शहर में आज

☞ राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान के सौंदर्यीकरण को लेकर ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जाएगा 11:30 बजे।

☞ श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा कमेटी की ओर से शोभायात्रा यादव पंचायती धर्मशाला कंजरी सराय से निकाली जाएगी शाम 5:00 बजे।

एक नजर

केक काटकर जन्माष्टमी मनाते लोग।

केक काटकर मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। दिल्ली रोड स्थित मिलन विहार निवासी अनुराग शर्मा के आवास पर भी केक काटकर जन्माष्टमी मनाई गई। इस अवसर पर निधि शर्मा ने बताया कि जन्माष्टमी का त्योहार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के आठवें अवतार कृष्ण ने देवकी की कोख से उनकी आठवीं संतान के रूप में जन्म लिया था। मथुरा में कंस के कारागार में जन्म लेने के बाद उनके पिता वासुदेव उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहां छोड़ आए थे। कृष्ण का सारा बचपन नंद गांव में बीता। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर उसके अत्याचारों से मथुरावासियों को मुक्ति दिलाई।

वंचित वर्ग के बच्चों को खिलौने वितरित करते क्लब के सदस्य व अन्य।

बच्चों को बांटे खिलौने

मुरादाबाद, अमृत विचार : रोटरी इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मिशन के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट-3100 साक्षरता अभियान में रोटेरियन शरमिताभ सिन्हा ने हिमगिरि कॉलोनी स्थित संत राजिंदर सिंह स्कूल में वंचित वर्ग के छोटे बच्चों को खिलौने प्रदान किए। खिलौने पाकर बच्चे प्रफुल्लित हो गए। इस अभियान में एसएसजी फाउंडेशन के सदस्य राहुल गुप्ता ने भी सहयोग किया। स्कूल के प्रबंधक गिरीश चंद्रा ने इस कार्य के लिए क्लब के पदाधिकारियों का आभार जताया।

गोशाला में गोवंश को चारा खिलाते रोटेरियन विवेक गोयल। ● अमृत विचार

गोसेवा से होती है आनंद की अनुभूति

मुरादाबाद, अमृत विचार: रोटरी क्लब एक्सिस के पदाधिकारियों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में गोसेवा कर श्रीकृष्ण सेवा की अनुभूति की। क्लब की ओर से मंगलवार को मां भगवती गो पुनर्वास आश्रम में गोसेवा कर उन्हें चारा, चना गुड़ खिलाया।

क्लब के प्रशिक्षक रोटेरियन विवेक गोयल ने कहा किकलयुग में गोपाल अर्थात भगवान श्रीकृष्ण की प्रिय गोमाता की सेवा द्वारा हम वही आनन्दमयी अनुभूति का अनुभव करते हैं जो कदाचित स्वयं भगवान की सेवा करने पर द्वापर या अन्य युगों में होता होगा। रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस के सदस्यों ने आश्रम संचालक दीपक वार्ष्णेय से आश्रम में संरक्षित गोवंश का कुशलक्षेम पूछा और उनको गुड़, चना व चारा आदि खिलाकर गोसेवा की। क्लब के अध्यक्ष सागर राय ने कहा कि क्लब के द्वारा हर महीने कम से कम एक बार गोशाला का भ्रमण कर गोसेवा की जायेगी।

15 आपत्तियों का किया निस्तारण, कर वसूला

मुरादाबाद, अमृत विचार: जीआईएस सर्वे की आपत्तियों के निस्तारण और कर वसूली को लेकर दो जगह महानगर में शिविर लगा। इसमें 15 आपत्तियां निस्तारित कर 6,04,839 रुपये गृहकर व जलकर का जमा कराया गया।

जोन संख्या जोन संख्या चार लाजपत नगर पानी की टंकी के पास व गुइयां बाग में वार्ड पार्षद शीरीगुल के आवास पर शिविर लगाया गया। इन दोनों शिविरों में जीआईएस सर्वे से संबंधित 17 आपत्तियां आईं। जिनका मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार व क्षेत्रीय पार्षद की मौजूदगी में सुनवाई कर निस्तारित कराया गया। कई आपत्तियों के निस्तारण के लिए मौके पर टीम भेजी गई। कुल 15 शिकायतें निस्तारित हुईं। शिविर में गृहकर व जलकर का 6,04,839 रुपये जमा कराए गए। शिविर में क्षेत्रीय कर अधीक्षक के अलावा राजस्व निरीक्षक, जोनल कार्यालय के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

शासन ने इसी वर्ष जनवरी में जारी की थी 2 करोड़ 23 लाख रुपये की अंतिम किस्त

6 करोड़ 23 लाख से पूरा हुआ महिला शरणालय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : आठ साल से बन रहे महिला शरणालय की अंतिम किस्त 02 करोड़ 23 लाख रुपये शासन ने जनवरी में भेजी थी। जिसके बाद निर्माण कार्य जिला प्रोबेशन अधिकारी की देखरेख में चल रहा है। अब निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सितंबर के आखिर में महिला शरणालय के भवन का निर्माण पूरा हो जाएगा। पुराने भवन में रह रहीं निराश्रित महिलाओं को जल्द नये भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा। शासन से पैसा न आने के कारण चार साल से भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा था।

वर्ष 2016 में शासन ने निराश्रित महिलाओं के लिए मंडल स्तरीय महिला शरणालय भवन बनने की पहल शुरू की थी। शासन से इसके लिए मांगे गए प्रस्ताव में तत्कालीन जिला अधिकारी ने 6 करोड़ 73 लाख का प्रस्ताव भेजा था।

दिल्ली रोड स्थित महिला शरणालय भवन। ● अमृत विचार

दो महीने बाद शासन से 1 करोड़ 50 लाख की किस्त जारी हुई थी। इसके बाद कार्य कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया कराई गई। 2016 जुलाई में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ ने महिला शरणालय भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। इसके बाद सन् 2018 में 03 करोड़ की दूसरी किस्त आने बाद के निर्माण कार्य ने गति पकड़ी और उस समय भवन निर्माण 65 प्रतिशत हो चुका था। लेकिन, 2019 में कार्यदायी संस्थान के पास निर्माण कार्य के लिए मिली धनराशि समाप्त हो चुकी थी। 2019 में तत्कालीन जिला प्रोबेशन अधिकारी का कार्य भार राजेश गुप्ता संभाल रहे थे। उनके द्वारा कई बार शेष राशि के लिए शासन को पत्राचार किया गया।

लेकिन निर्माण कार्य को अवशेष धनराशि नहीं मिली। सन् 2024 में जनवरी में शासन ने महिला शरणालय भवन की शेष धनराशि 2 करोड़ 23 लाख भेज दिए थे। जिसके बाद जून में भवन का निर्माण दोबारा शुरू किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि सितंबर के आखिर तक महिला शरणालय भवन का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

जान पर भारी चाइनीज मांझा, हो रही बिक्री

आए दिन चाइनीज मांझे से हादसे का शिकार हो रहे लोग, जिम्मेदार बने अनजान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रतिबंध के बाद भी जिले में चाइनीज मांझा धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। जिसका शिकार हाईवे और शहर की सड़कों पर चलने वाले बाइक सवार हो रहे है। इसके बाद भी इस पर अंकुश नहीं लग रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे चाइनीज मांझे का कारोबार जारी है।

मौत की डोर अर्थात चाइनीज मांझा महानगर से लेकर देहात क्षेत्र में धड़ल्ले से दुकानों पर बिक रहा है। पतंगबाज चोरी-छिपे चाइनीज मांझे का इस्तेमाल कर लोगों की जान खतरे में डाल रहे हैं। चाइनीज मांझे से आए दिन बाइक सवार घायल हो रहे हैं। उसके बाद भी आज तक चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्ती नहीं हुई। काफी पहले प्रशासन की ओर से पूरे जिले में चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई भी की गई थी, लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिसके बाद दोबारा इसकी बिक्री धड़ल्ले से होने लगी।

चाईनीज मांझे से घायल श्याम गुप्ता।

पत्नी के साथ जा रहे बाइक सवार युवक की कटी गर्दन

मुरादाबाद, अमृत विचार : जनपद संभल के सिरसी निवासी अशरफ अपनी पत्नी आसमां को साथ लेकर बेटी के घर रामपुर के टांडा थाना खेत्र के भूपरी गए थे। बीते रविवार की सुबह दोनों बाइक से लौट रहे थे। रास्ते में वीरपुर थान गांव के पास पहुंचे तो अशरफ के गले पर अचानक चाइनीज मांझा आकर उलझ गया और गंभीर रुप से जख्मी हो गए। पति के गले से खून बहता देख आसमां घबरा गई। राहगीरों की मदद से उसने पति को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

पांच साल के बच्चे की जान ले चुका है चाइनीज मांझा

मुरादाबाद, अमृत विचार : लगभग नौ साल पहले चंदौसी रोड स्थित सरथल बैंटला गांव निवासी किसान आरिफ अपनी पत्नी व पांच साल के बेटे आमिर हमजा के साथ टांडा बादली रिश्तेदारी में जा रहे थे। बेटा आमिर हमजा बाइक पर आगे बैठा था। पंडित नगला बाईपास पर चाइनीज मांझे से पांच साल के आमिर हमजा की गर्दन कट गई। अस्पताल तक पहुंचते पहुंचते इतना खून बह गया कि बच्चे ने दम तोड़ दिया। जहां यह हादसा हुआ वहां पड़ोस में लोग पतंग उड़ा रहे थे।

मानव शरीर को पहुंचाता है बहुत नुकसान

मुरादाबाद, अमृत विचार : चाइनीज मांझा अगर किसी के शरीर को छू जाए तो कटना तय है। गर्दन में छू जाए तो गर्दन कटने के साथ-साथ जहर फैल जाता है। खून की सप्लाई वाली नस, हृदय से मस्तिष्क जाने वाली नस, श्वास की नली, खाने की नली भी कट जाती है। जिससे मौत भी हो सकती है। पतंग उड़ाते समय उंगली कटने पर हाथ पकने लगता है। कई बार पक्षी भी इसकी चपेट में आकर मर चुके है।

चाइनीज मांझे से कटी युवक की नाक

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइक सवार मिठाई विक्रेता अचानक चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की नवीन नगर शक्ति नगर निवासी श्याम घर के नीचे ही मिठाई की दुकान चलाते हैं। बताया गया कि बीते सोमवार को श्याम बाइक से कांशीराम नगर गए थे। वहां से लौटते समय लोकोशेड पुल पर अचानक चाइनीज मांझे की चपेट आ गए। इस हादसे में उनकी नाक बुरी तरह कट गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने श्याम के परिवार वालों को घटना की जानकारी दी।

10 अगस्त को बीटेक की छात्रा हुई शिकार

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस निवासी अधिवक्ता अजय बंसल की बेटी अंशिका ने चंडीगढ़ विश्व विद्यालय से बीटेक किया है। बीती 10 अगस्त को दिल्ली रोड पर बीटेक की छात्रा अंशिका की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई थी। उसे गंभीर हालत में कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में छात्रा की गर्दन का आपरेशन किया गया था।

पाइप पेयजल परियोजना में कमियां दूर करें

- जिलाधिकारी ने बहादुरपुर राजपूत गांव स्थित पाइप पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण
- परियोजना के अंतर्गत सड़क पुनर्स्थापना बेहतर न मिलने पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी अनुज सिंह ने विकासखंड डींगरपुर के बहादुरपुर राजपूत गांव पहुंचकर ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने वाल्व चेंबर का ढक्कन खुला होने आदि की जानकारी ली। कमियों को दूर करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने क्लोरीनेशन रूम का निरीक्षण किया और पंप ऑपरेटर से क्लोरीनेटर चालू होने और मानक के अनुरूप क्लोरीन मिलने की जानकारी ली। पंप ऑपरेटर ने बताया कि क्लोरीनेटर सक्रिय स्थिति में है। ऑटोमेशन सिस्टम के बारे में भी पूछा।

जिलाधिकारी को बताया गया कि ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना जल जीवन मिशन फेस-2 के अंतर्गत वर्ष 2021-22 में स्वीकृत हुई है, जिसकी लागत 167.91 लाख रुपये हैं। इसके अन्तर्गत पंप हाउस एल, नलकूप बोरिंग, सोलर पैनल, बाउंड्री वॉल, उच्च जलाशय वितरण प्रणाली बिछाने, पेयजल गृह संयोजन, सड़क पुनर्स्थापना एवं जलकल परिसर आदि का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। गांव में पेयजल का घरेलू कनेक्शन जोड़ने के बारे में जिलाधिकारी ने जानकारी ली। महेंद्र, समरपाल, उमेश, अमरपाल के घर व पंचायत घर पर लगे पेयजल गृह संयोजन की जांच में स्थिति ठीक मिली। लाभार्थियों ने बताया कि हर दिन सुबह और शाम को 6:00 बजे से 8:00 बजे तक पेयजल आपूर्ति की जाती है। पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क पुनर्स्थापना का कार्य संतोषजनक न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को चेतावनी दी कि निर्धारित मानक के अनुरूप सड़क बनवाएं।

बहादुरपुर राजपूत गांव में निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव व अन्य। ● अमृत विचार

पंचायत सचिवालय में पहुंचकर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी प्राप्त की। निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड के साथ सचिव नियमित रूप से पंचायत सचिवालय का संचालन कराएं। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय में चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनीं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजनाथ प्रसाद भगत, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

मंगलवार की दोपहर मौसम ने करवट ली तो आसमान में घने बादल छा गए। जिससे एक ओर जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली वही मौसम भी सुहावना हो गया। दिल्ली रोड पर लोकोशेड पुल से कुछ ऐसा रहा नजारा। ● अमृत विचार

एक सितंबर से लागू होगा नया सर्किल रेट

मुरादाबाद, अमृत विचार: नया सर्किल रेट एक सितंबर से लागू होगा। इसमें संपत्तियों के रेट और रजिस्ट्री की दरें 15-25 प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया था। जिस पर लोगों से आपत्तियां मांगी गईं। जिसमें 40 आपत्तियां आईं है। जिनके निस्तारण के बाद नये सर्किल रेट को एक सितंबर से प्रभावी कर दिया जाएगा। संपत्तियों के रजिस्ट्री व सर्किल रेट बढ़ाने से पहले जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी तहसीलों में और उप निबंधक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर रेटलिस्ट चस्पा कराकर आपत्तियां व सुझाव मांगा गया है। 24 अगस्त तक इसके क्रम में 40 आपत्तियां आई हैं। जिसमें 15-25 प्रतिशत तक रेट बढ़ाने को लेकर लोगों ने सुझाव व आपत्ति जताई है। अब बुधवार को इसके निस्तारण के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक होगी।

वाल्मीकि समाज ने फूंका चंद्रशेखर का पुतला

- गाजियाबाद की घटना से वाल्मीकि और जाटव समाज में बनी खाई

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

अमृत विचार : भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन स्थित आम्बेडकर पार्क के सामने नगीना के सांसद चंद्रशेखर का पुतला फुंका और उनके खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान भावाधस के राष्ट्रीय मुख्य संचालक लल्ला बाबू द्रविड़ ने वाल्मीकि धर्म समाज के कार्यकर्ताओं से आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं को सरे बाजार पीटने का ऐलान किया है। गाजियाबाद में आजाद समाज पार्टी के सम्मेलन में वाल्मीकि कार्यकर्ता पर हुए लाठीचार्ज से जिले में वाल्मीकि और जाटव समाज खाई सी बन गई है।

मंगलवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय मुख्य संचालक के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। जहां आजाद समाज पार्टी के नगीना सांसद चंद्रशेखर का पुतला हाथों में लेकर हाय-हाय के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद सांसद का पुतला फूंका। गाजियाबाद में आजाद समाज पार्टी के सम्मेलन में वाल्मीकि समाज के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करने से मामला बिगड़ गया। जिसको लेकर मुरादाबाद में वाल्मीकि धर्म समाज के कार्यकर्ताओं में रोष रहा है। इतना ही नहीं भावाधस के मुख्य संचालक ने खुलेआम आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं को दौड़ा दौड़ा कर पीटने का ऐलान किया। साथ ही आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी अंजाम भुगतने की चेतावनी दी।

आंबेडकर पार्क के सामने नगीना सांसद चंद्रशेखर का पुतला फुंकते भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के लोग। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी और उसके सांसद का सफाया करना अब वाल्मीकि समाज का नारा है। इस फरमान पर पूरे समाज ने उनका समर्थन किया है। पुतला फूंकने वालों में तेज पाल, सिब्बू, रॉवट चौधरी रवि द्रविड़, सुलीन, महिपाल, ज्ञान सिंह किशोर राहुल जगजीवन विजेंद्र भार्गव राम प्रकाश दीपू परछा, ओमकार चंद्र पाल मुकेश धीरज बिक्की, श्याम कुमार विशाल सरन रजनीश चौधरी गुड्डू दीपक भारती सतवीर वरुण मदान विशाल द्रविड़ धीरज धर्मेन्द्र मुलतानी आदि शामिल रहे।

कार्यक्रम शिव बाबा अमरनाथ मन्दिर, सराय खालसा में गोकुल महोत्सव व छप्पन भोग का आयोजन

आनन्द झूम उठा गोकुल में, यशोदा लाला जयो है

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: श्री गोकुल महोत्सव व छप्पन भोग समारोह का आयोजन शिव बाबा अमरनाथ मन्दिर, सराय खालसा में धूमधाम से हुआ। एसपी सिटी रणविजय सिंह, यशोदा, राजेश रस्तोगी, सरदार गुरविंदर सिंह, अमित गुप्ता आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का आरंभ किया।

भगवान लड्डू गोपाल का महाभिषेक पंचामृत दूध, दही, घी, शहद एवं गंगाजल से किया गया। इस मध्य ब्रह्म संहिता, पुरुष सूक्त एवं वैदिक मन्त्रों का उच्चारण वरिष्ठ वैष्णवों एवं आचार्य धीरशान्त 'अर्द्धमौनी' ने किया।

गोकुलधाम में आनन्द महोत्सव के बारे में आचार्य धीरशान्त दास ने कहा कि भगवान के प्रकटोत्सव में आनन्द स्वयं गोप गोपियों के साथ झूम झूम के नाचा। भगवान अपने भक्तों को परमानन्द प्रदान करने हेतु अवतरण करते हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर बहुत ही तीर्थ स्थान हैं, सब तीर्थों की यात्रा मनुष्य नहीं कर सकता है, संपूर्ण नदियों में जाकर मनुष्य स्नान नहीं कर सकता है, मगर जहां संकीर्तन होता है, हरि की कथा होती है, सत्संग होता है, वहां संपूर्ण तीर्थ विद्यमान होते हैं। इसलिए शास्त्रों में वर्णन है कि अन्न का कण कण और सत्संग का क्षण-क्षण कभी नहीं गंवाना चाहिए। जहां से मिले, जब मिले तुरन्त ग्रहण करना चाहिए।

गोकुल महोत्सव में उपस्थित एसपी सिटी रणविजय सिंह व अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य कर्मों से अधिक अशांत नहीं है वह इच्छाओं से, वासनाओं से अधिक अशांत है। जितने भी द्वंद, उपद्रव, अशांति और सबसे ज्यादा अराजकता कहीं है तो वह व्यक्ति के अन्दर ही है। मनुष्य अपना भाग्य स्वयं बनाता है।

इस दौरान रिंकू कुमार, मनीषा रानी, मनोज कुमार, मोनिका देवी, अमित कुमार, आरती रानी, अनिल सिक्का, कुरुश्रेष्ठ दास, अमन गुप्ता, कुमारी महिमा, निखिल कुमार, बेबी नताशा, हिमाक्ष कुमार, सौरभ अग्रवाल, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, राजकिशोर शास्त्री, ओमप्रकाश शर्मा, गिरधर गोपाल पाण्डेय, श्याम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

27 सितंबर तक दे सकते हैं आपत्ति और सुझाव

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिले के ड्राफ्ट सर्वेक्षण की रिपोर्ट तैयार हो गई है। इसके संबंध में सुझाव और आपत्तियां प्राप्त करने के लिए जनपद के पब्लिक डोमेन https://moradabad.nic.in पर 27 अगस्त से 26 सितंबर तक अपलोड किया गया है। साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कार्यालय व खनिज कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि इसके बारे में जन सामान्य से प्राप्त सुझाव और आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। सुझाव/आपत्तियां उपयुक्त पाए जाने पर उन्हें अंतिम रूप से दी जाने वाली जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कोई भी व्यक्ति अपना सुझाव और आपत्ति 28 अगस्त से 27 सितंबर तक प्रस्तुत कर सकता है।

घटने लगा रामगंगा नदी का जलस्तर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंगलवार को तेज धूप व उमस से लोग बेहाल रहे। बादल उमड़ते घुमड़ते रहे। लेकिन बारिश नहीं हुई। वहीं उत्तराखंड के पहाड़ों में बारिश कम होने से मुरादाबाद में रामगंगा नदी का पानी भी कम हो गया। जलस्तर उतरते क्रम में रिकॉर्ड किया गया। हालांकि कालागढ़ में गंगा का जलस्तर चढ़ते क्रम में रहा। गागन का जलस्तर मंगलवार को भी स्थिर रहा।

सोमवार की शाम को अचानक हुई थोड़ी देर की बारिश से राहत मिली थी। लेकिन मंगलवार को भी तेज धूप से लोगों को पसीने से तरबतर होना पड़ा। उमस ने भी लोगों को बेहाल किया। हालांकि बादल भी उमड़ते घुमड़ते रहे। मगर बारिश नहीं हुई। वहीं पहाड़ों में बारिश कम होने से नदियों के जलस्तर में उतार चढ़ाव का क्रम चला। कलेक्ट्रेट स्थित जिला आपदा कंट्रोल रूम से नदियों के जलस्तर पर नजर रखी गई। रामगंगा नदी का जलस्तर कटघर रेलवे पुल पर 189. 04 मीटर रहा। जो सोमवार की अपेक्षा उतार पर रहा। जबकि कालागढ़ में गंगा का 350. 680 मीटर जलस्तर रिकॉर्ड किया गया। जो चढ़ते क्रम में रहा। मुरादाबाद में गागन नदी का जलस्तर 189.10 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जो स्थिर रहा। जिला आपदा विशेषज्ञ सुजीत गौतम ने बताया कि रामगंगा नदी कटघर रेलवे पुल पर बाढ़ चौकियों पर सक्रियता है। नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है।

रामगंगा नदी के तट पर नाव से उतरकर घर जाते लोग। ● अमृत विचार

आज का मौसम

उमस भरी गर्मी रहेगी, छिटपुट बारिश हो सकती है

33.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:50 | सूर्यास्त 06:42

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

एक नजर

प्रबंधक के हत्यारोपियों पर लगेगा गैंगस्टर

मुरादाबाद, अमृत विचार : सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक वीर सिंह की हत्या करने वाले आरोपियों पर पुलिस गैंगस्टर लगाने की तैयारी कर रही है। गैंगस्टर की फाइल तैयार कर अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। अनुमोदन के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू की जाएगी। एसपी देहात संदीप कुमार मीणा के निर्देश पर मैनाठेर पुलिस ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मझोला थाना क्षेत्र के मानसरोवर कालोनी कावेरी पार्क के पास रहने वाले प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक वीर सिंह (65) की 16 अगस्त को देर रात गला घोंटकर हत्या कर दी थी। उनका शव मैनाठेर थाना क्षेत्र में चंदौसी कट के पास मिला था। सोमवार को पुलिस ने इस मामले में मझोला के ही शाहपुर तिगरी निवासी प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक मनोज कुमार, बुद्धि विहार सेक्टर-2 में रहने वाली संभल के गांव अतौरा निवासी शिक्षिका वीरबाला यादव और सिविल लाइंस के एमडीए डबल स्टोरी निवासी कार मैकेनिक अनिल कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया था।

खुद के बुने जाल में फंसता जा रहा शाहनवाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- स्वास्थ्य विभाग की जांच में हुआ खुलासा, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने की पुष्टि

अमृत विचार : ठाकुरद्वारा के एबीएम अस्पताल का अवैध तरीके से संचालन करने वाला शाहनवाज खुद के बुने जाल में फंसता जा रहा है। वह स्वयं रोगियों को ऑपरेशन से पहले एनेस्थीसिया देता था। मंगलवार को सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने पुष्टि की है।

सीएमओ ने बताया कि एनेस्थेटिस्ट डॉ. अरुण कुमार जैन ने अपने लिखित बयान में कहा है कि घटना के दिन और उससे पहले भी वह न एबीएम अस्पताल आए और न ही किसी को उन्होंने एनेस्थीसिया का डोज दिया था। जबकि, सर्जन डॉ. सरताज आलम ने सीएमओ से दावा किया था कि मरीज को एनेस्थीसिया डॉ. अरुण कुमार जैन ने दिया था। सीएमओ ने बताया कि घटना के दिन ऑपरेशन वाले जो पांच रोगी भर्ती थे, उन्हें एनेस्थीसिया स्वयं नर्स से दुष्कर्म के आरोपी शाहनवाज ने ही दिया था। सीएमओ ने दूसरी बात बताई है कि नर्स से दुष्कर्म के मुख्य आरोपी शाहनवाज अपने को बीयूएमएस डिग्री धारक होने का दावा कर रहा है। इसलिए उन्होंने जानकारी के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि एक-दो दिन में सभी बिंदुओं पर पुष्टि होने के बाद दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम ने क्षेत्रीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की गतिविधियों की भी जांच शुरू कर दी है। आठ अन्य आशाओं को भी जांच टीम ने चिह्नित किया है।

सीएमओ ने बताया कि क्लीनिक में नर्स से दुष्कर्म के मामले में आरोपियों का सहयोग करने की आरोपी आशा मेहनाज को पद से बर्खास्त करने के लिए ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान और अन्य सदस्यों के साथ ही एएनएम को लिखित में निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अनधिकृत रूप से एबीएम हॉस्पिटल के संचालन में डॉ. सरताज आलम, डॉ. हिमांशु चौधरी और डॉ. अरुण कुमार जैन तीनों आरोपी है। इनके खिलाफ कार्रवाई को उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसलि को भी पत्र लिख रहे हैं।

15 दिन में अपना पक्ष रखें आरोपी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के अस्पताल में नर्स से दुष्कर्म के आरोपी के पिता का मकान ग्राम समाज की भूमि पर बना पाया गया है। तहसीलदार न्यायालय में वाद दायर करने के बाद सात लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। उनको पंद्रह दिन में पक्ष रखने के लिए न्यायालय में बुलाया है। तहसीलदार भूपाल सिंह ने शाहनवाज के पिता सगीर अहमद समेत सात लोगों को नोटिस जारी किए हैं। उनसे पंद्रह दिन में अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है।

महानगर में जोरों पर चल रही गणेश चतुर्थी की तैयारियां, सजाए जा रहे मंदिर

घर-घर विराजेंगे महाराष्ट्र, राजस्थान के गजानन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: आगामी सात सितंबर को महानगर में गणेश चतुर्थी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसकों लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। महाराष्ट्र व राजस्थान से आए मूर्तिकारों ने भगवान गणेश की मूर्तियां तैयार करनी शुरू कर दी हैं। वहीं महानगर में होने वाले बड़े गणेश महोत्सव की भी तैयारियां तेज हो गई हैं।

महानगर में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। घर-घर भगवान गजानन विराजमान किए जाएंगे। जिसको लेकर महाराष्ट्र व राजस्थान से आए मूर्तिकारों ने गणेश महोत्सव के लिए पिछले दो महीने से ऑर्डर के अनुसार मूर्तियां तैयार करनी शुरू कर दी हैं। दिल्ली रोड स्थित खुशहालपुर में महाराष्ट्र व राजस्थान से आए मूर्तिकार गणपति महाराज की प्रतिमाएं बनाने में लगे हैं। मूर्तिकारों का कहना है कि इस बार पहले के मुकाबले मूर्तियों के अच्छे आर्डर मिले हैं।

वहीं दूसरी ओर महानगर के बाजार गंज, अताई मोहल्ला और अन्य स्थानों पर बड़े स्तर पर गणेश महोत्सव का आयोजन होता है। जिसको लेकर सभी आयोजक तैयारियों में जुटे है। वहीं जिला प्रशासन भी गणेश चतुर्थी के पर्व को शांतिपूर्ण माहौल व सुरक्षा के साथ संपन्न कराने की तैयारियों में जुट गया है।

गणेश चतुर्थी की तैयारी को लेकर खुशहालपुर में गणेश प्रतिमा को अंतिम रूप देता मूर्तिकार।

- मूर्तिकार दो माह से आर्डर पर तैयार कर रहे हैं भगवान गणेश जी की मूर्तियां

100 से 11 हजार रुपये तक हैं मूर्ति की कीमत

मुरादाबाद, अमृत विचार : गणेश चतुर्थी के लिए महानगर के खुशहालपुर में छह इंच से लेकर 10 फीट तक की मूर्तियां तैयार की जा रही हैं। जिसमें दो से तीन फीट तक की मूर्तियों की खूब डिमांड है। सबसे छोटी प्रतिमा छह इंच और बड़ी प्रतिमा 10 फीट तक की होती है। जिसमें 100 रुपये से लेकर 11 हजार रुपये तक की मूर्ति बाजार में उपलब्ध हैं।

बाइक सवार बदमाशों ने सेल्समैन से की लूट, पुलिस ने एक को पकड़ा

हाईवे पर बागड़पुर के पास लुटेरों ने दिया घटना को अंजाम

संवाददाता, पाकबड़ा

- सेल्समैन ने साहस दिखाते हुए एक लुटेरे को पकड़ लिया, पुलिस अन्य की तलाश में जुटी

अमृत विचार: सेल्समैन से चार बाइक सवार बदमाशों ने हाईवे की सर्विस रोड पर बागड़पुर के सामने करीब चार लाख रुपये लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहे लुटेरे में से एक को सेल्समैन ने पकड़ लिया। तीनों लुटेरों ने उसे छुड़ाने की कोशिश करते हुए सेल्समैन से मारपीट भी की। मगर छात्रों को आता देख बाकी लुटेरे भाग निकले। 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लुटेरे को अपने कब्जे में ले लिया है।

थाना क्षेत्र कटघर के मिलक कल्यानपुर गांव निवासी सुनील सिंह पुत्र रामगोपाल सिंह रेडिएंट कैशियर मैनेजमेंट कंपनी में सेल्समैन है। मंगलवार को रोजाना की तरह वह नया मुरादाबाद से ग्रीन ऑर्किड के पास अमेजन से 2,34,000 रुपये लेकर बर्गर किंग लोधीपुर की ओर जा रहा था। बैग में अन्य जगहों से भी एकत्र किए गए रुपये भी थे। जैसे ही वह बागड़पुर अंडरपास से लोदीपुर की ओर थोड़ी दूरी पर ही पहुंचा तभी पीछे से मोटरसाइकिल सवार ने उसके आगे मोटरसाइकिल लगा दी और बहस करने लगा। इतने में ही तीन लोग अपाचे बाइक से आ गए। चारों ने उसे मिलकर मारना शुरू कर दिया और रुपये का बैग छीन लिया। बैग छीन कर चारों लोग भागने लगे। जिस पर सुनील ने उनमें से एक को पकड़ लिया और उसकी उंगलियों को मुंह से काट लिया। इतने में ही पकड़े गए बदमाश को शोर सुनकर उसके तीनों साथी बाइक से दोबारा उतर कर आए और उसे छुड़ाने लगे। लेकिन सुनील ने हिम्मत नहीं हारी और बदमाश को पकड़े रहा। इतने में ही उधर से कॉलेज के छात्र आ रहे थे।

उन्होंने शोर सुनकर सभी को पकड़ना चाहा तो तीन लुटेरे बाइक लेकर भाग निकले। उसके बाद 112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और एक लुटेरे को अपने कब्जे में ले लिया। सूचना पाकर एसपी सिटी ने मौका मुआयना किया। एसओजी व थाने की टीम बाकी लुटेरों को पकड़ने में लगी है। पीड़ित की तहरीर पर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पाकबड़ा क्षेत्र में दो बाइक सवार चार बदमाशों ने सेल्समैन से 3.80 लाख लूट लिए थे। वारदात में शामिल बरेली के आरोपी को हिरासत में लिया है।

पीड़ित सेल्समैन सुनील सिंह।

दूसरी पत्नी के साथ रह रहे पति ने महिला से की मारपीट

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र में बिना तलाक दिए दूसरी पत्नी के साथ रहे पति ने पीड़िता के साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी है। एसएसपी ने संबंधित थाने को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कांशीराम नगर निवासी शालू पुत्री राम प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी कटघर के छोटी मंडी देहरीघाट निवासी युवक से हुई है। मंगलवार को एसएसपी को तहरीर देकर शालू ने बताया कि पति ने उसे छोड़ दिया है। वह तलाक लिए बिना किसी दूसरी महिला के साथ रह रहा है। सास उसे आए दिन कॉल करके धमकी देती है। बीते दिन वह दवा लेकर आ रही थी इसी दौरान कांशीराम नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास सास, देवर और जेठ ने उसे रोक लिया।

आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। देवर ने धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया। आसपास के लोग एकत्रित हुए तो आरोपी भाग गए। एसएसपी ने सिविल लाइंस थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

कचहरी में तलाक का दवाब बनाने पर पति ने की आत्महत्या की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

रिश्तों में दरार

- बच्चों के साथ पति से अलग रहना चाहती है पत्नी
- चार दिन से गायब पत्नी ने फोन कर पति को कचहरी बुलाया था

अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में तलाक के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने को लेकर पत्नी के दबाव में आकर पति ने कचहरी में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घर से चार दिन से बच्चों के साथ गायब पत्नी ने अचानक फोन कर पति को कचहरी बुलाया था। इसके बाद अधिवक्ता के चैंबर में पत्नी तलाक के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर का दबाव बनाने लगी।

कटघर थाना क्षेत्र के करूला निवासी अकरम पुत्र असलम की शादी 26 साल पहले हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं। एक बेटा और एक बेटी। पीड़ित ने बताया है कि पत्नी शुक्रवार से बिना बताए पत्नी बच्चों को लेकर घर से चली गई थी। मंगलवार को अचानक से पत्नी ने फोन कर अधिवक्ता के चैंबर में कचहरी बुलाया। कचहरी में पत्नी उससे अलग रहने के लिए कहने लगी। अधिवक्ता के सामने पत्नी तलाक के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने लगी। हस्ताक्षर करने से इनकार करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी। बच्चों को उससे दूर रखने पर गुस्से में आकर पति ने कचहरी में ही जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया है कि घटना करीब 12 बजे की है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिला अस्पताल में उपचाराधीन अकरम।

प्रेम-प्रसंग में बदायूं की नर्स ने फंदा लगाकर दी जान

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र में नर्स ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह थाने के सामने ही निजी हॉस्पिटल में नर्स थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र के परसिया निवासी शोभा (24) पुत्री पंचमराम अपने साथी रूम पार्टनर के साथ मझोला थाना क्षेत्र के नया आंबेडकर नगर में किराये के मकान रह रही थी। शोभा थाने के सामने एक निजी अस्पताल में नर्स थी। उसकी रूम पार्टनर भी उसी हॉस्पिटल में नर्स है। शोभा दिन में ड्यूटी करती थी, जबकि उसकी पार्टनर रात में ड्यूटी करती है। सोमवार शाम को शोभा दिन की ड्यूटी खत्म करके कमरे पर पहुंची थी। इसी दौरान रात में शोभा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह शोभा के कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोस में रह रहे किरायेदारों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान मालिक के सहयोग से दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मामला प्रेम-प्रसंग का बताया जा रहा है।

अनदेखी : शहर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। लेकिन उनका कोई भी प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। कांठ रोड पर माल वाहक वाहन में चालक क्षमता से अधिक सामान लेकर ले जाता हुआ नजर आ रहा है। शहर के चौक चौराहों पर यातायात पुलिस तैनात रहती है, लेकिन उन्हें भी ऐसे वाहन नजर नहीं आते। ● अमृत विचार

आज आधा-आधा घंटे के लिए बाधित रहेगी आपूर्ति

मुरादाबाद, अमृत विचार: बुधवार को वितरण खंड द्वितीय व प्रथम के कंपनी बाग फीडर के हजारों उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुबह से आधा-आधा घंटे के लिए बाधित रहेगी। इसकी जानकारी अधिशासी अभियंता प्रथम और द्वितीय ने शेड्यूल जारी किया है। विवेकानंद 33 केवी विद्युत केंद्र पर ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने का कार्य किया जाना है। अधीक्षण अभियंता नगरीय मनीष चोपड़ा ने बताया कि वितरण खंड द्वितीय के 10 विद्युत केंद्रों से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम बजे तक हर आधे- आधे घंटे के लिए एक के बाद एक विद्युत केंद्र की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अलावा प्रथम वितरण खंड के कंपनी बाग फीडर के दो हजार उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

बरेली के युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कोहराम

- किराये के मकान में रह रहे दोस्त से मिलने मुरादाबाद आया था युवक
- भाई ने लगाया हत्या का आरोप, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में दोस्त के घर आए बरेली के युवक ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटनास्थल से फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। भाई ने हत्या कर फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। हालांकि पोस्टमार्टम में फंदा लगाने से मौत की पुष्टि हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बरेली जिले के कैंट थाना क्षेत्र के झील गौटिया लाल फाटक के पास रहने वाला रोमन कुमार (23) बरेली ई-बस डिपो में प्राइवेट जॉब करता था। कुछ दिन पहले उसका काम छूट गया था। परिवार में मां प्रीतबाला और एक भाई आनंद कुमार हैं। चचेरे भाई विकास ने बताया कि रोमन का एक दोस्त बरेली के ही शेरगढ़ के गांव जसनपुर निवासी प्रताप ठाकुर कटघर के कमला विहार पीतलबस्ती में किराये पर रहता है। सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे रोमन दोस्त के यहां जाने की बात कह कर घर से निकला था। रात करीब 11 बजे वह अपने दोस्त प्रताप के कमरे पर पहुंचा। दोस्त जिस मकान में किराये पर रहता है उसकी ऊपरी मंजिल निर्माणाधीन है। रात में किसी समय रोमन दोस्त के कमरे से निकल कर ऊपरी मंजिल पर चला गया। वहां गमछे से फंदा बनाकर चौखट के सहारे लटक गया। मंगलवार सुबह जब वह नजर नहीं आया तो दोस्त प्रताप ने आसपास तलाश की। जैसे ही वह ऊपरी की ओर गया तो उसको दरवाजा छत की ओर बंद मिला। इसके बाद उसने पड़ोसी की मकान के छत से जाकर देखा तो रोमन का शव फंदे से लटक रहा था। उसने कॉल करके रोमन के परिजनों को सूचना दी। दूसरी ओर पड़ोसियों से जानकारी मिलने पर मकान मालिक विश्वास अग्रवाल ने वहां पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में ही थाना प्रभारी कटघर संजय कुमार, पीतलबस्ती चौकी प्रभारी प्रबोध कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाएं हैं। पोस्टमार्टम के बाद परिजन उसका शव लेकर बरेली रवाना हो गए। हालांकि रोमन के भाई आनंद कुमार ने हत्या कर उसका शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि एक युवक का शव फंदे से लटका मिला है। वहां शराब की बोतलें भी मिली हैं। आसपास के लोगों ने बताया कि रात में मरने वाले युवक और उसके दोस्त ने शराब पार्टी की थी। उस दौरान कहासुनी भी हुई थी। उन्होंने बताया कि युवक के आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जनसेवा केंद्र संचालक से लूट करने वाला चौथा आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वारदात में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में जनसेवा केंद्र संचालक से लूट करने वाले चौथे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने जनसेवा केंद्र संचालक की रेकी कर रास्ते में तमंचा के बल पर बैग छीन लिया था।

थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सैफपुर पल्ला गांव निवासी राहुल कुमार पड़ोस के ही गांव जैतिया सादुल्लापुर में जनसेवा केंद्र चलाता है। राहुल एक सप्ताह पहले जनसेवा केंद्र बंद करके बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में दो बाइक पर सवार चार लुटेरों ने रास्ते में रोकर तमंचों के बल पर लैपटॉप एवं डेढ़ लाख की नकदी से भरा बैग लूट लिया था। राहुल के शोर मचाने पर गांव वालों की घेराबंदी से अमरोहा के थाना थाना नौगांव क्षेत्र के अकबरपुर पट्टी गांव निवासी आरोपी सूबेचंद को उसी दिन पकड़ लिया था। वहीं तीन लुटेरे बाइकों को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए थे। वारदात के बाद पुलिस टीम ने शनिवार की रात को रामपुर के कोतवाली मिलक कपनेरी (मिलक) निवासी अर्जुन और चंदौसी के गोशाला रोड निवासी पवन को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ के दौरान तीनों आरोपी एक ही बाइक पर सवार थे। कार्रवाई के दौरान रामपुर के कोतवाली मिलक कपनेरी (मिलक) निवासी विशाल मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मंगलवार को विशाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक लैपटॉप, 1200 रुपये और बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी सूबेचंद्र को जेल भेज दिया है।

शिकंजा | सितंबर से चलाया जाएगा नियमित चेकिंग अभियान, आरोपियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

शराब तस्करों की कमर तोड़ने की तैयारी में एसएसपी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद,

- आबकारी अधिकारी व सीओ की संयुक्त टीम बनाकर शराब के ठेकों की नियमित की जाएगी चेकिंग

अमृत विचार: जिले में मिलावटी शराब की बिक्री पर नकेल कसने की तैयारी की जा रही है। सितंबर से शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। पुलिस अवैध शराब कारोबारियों और माफिया पर कार्रवाई करेगी। शराब तस्करों की कमर तोड़ने के लिए एसएसपी तैयारी कर रहे हैं। सितंबर में आबकारी अधिकारी व सीओ की संयुक्त टीम बनाकर शराब के ठेकों की नियमित चेकिंग की जाएगी। विशेष टीम गठित कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जीरो टोलरेंस नीति को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। सितंबर से पुलिस प्रशासन शराब तस्करों पर नकेल कसने की तैयारी में जुटा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी गांव या शहर की कॉलोनी में शराब तस्करी करते हुए असामाजिक तत्व पकड़े जाएंगे, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सितंबर से तस्करों की धरपकड़ के लिए पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जाएगी। जिले में अवैध शराब कारोबारियों और माफियाओं की टोह लेने के लिए आबकारी अधिकारी व सीओ की संयुक्त टीम बनाकर नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। तस्करों के साथ-साथ आदतन शराबियों पर भी नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि शराब तस्करों की कमर तोड़ने की तैयारी की जा रही है। अगले माह से विशेष टीमों का गठन कर इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जिले की सीमा पर चाक-चौबंद व्यवस्था की जाएगी।

विवेचना लंबित रखना पड़ेगा भारी, एसएसपी सख्त

विवेचनाओं को लंबित रखने और लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने सख्त नाराजगी जाहिर की है। एसएसपी ने सभी सीओ को सितंबर के अंत तक लंबित विवेचनाओं का निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही बरतने पर विवेचकों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। शहर के थानों में करीब एक हजार विवेचनाएं लंबित हैं। जानकारी के मुताबिक, एसएसपी सतपाल अंतिल ने क्षेत्राधिकारियों को लंबित विवेचनाओं को निपटाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। शहर के सभी क्षेत्राधिकारियों को सितंबर के अंत तक लंबित विवेचनाओं को निपटाने की हिदायत दी है। सूत्रों के मुबातिक, सबसे ज्यादा सिविल लाइंस थाने की विवेचनाएं लंबित हैं। वहीं सबसे कम में महिला थाना आता है। दूसरे पर मझोला और तीसरे पर कटघर थाना आता है। ऐसे में लापरवाही बरतने पर विवेचकों के खिलाफ एक्शन लेने की सख्त हिदायत दी है।

असामाजिक तत्वों पर भी होगी कार्रवाई

एसएसपी ने बताया कि अधिकतर युवा सूखे नशे की जद में आकर अपराध को अंजाम देते हैं। इन पर भी कड़ी निगरानी से नकेल कसी जाएगी। उन्होंने बताया कि थानेदारों व पुलिस अधिकारियों को थानावार कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों व गुंडा तत्वों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सड़क दुर्घाटना, ई-कचरा, यातायात व्यवस्था और गोकशी समेत अन्य मुद्दों को सुदृढ़ बनाने की बात कही है।

मावा बेचकर लौट रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

हादसा

- पीलीकोठी के निकट हुआ हादसा, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाइक सवार मंडी से मावा (खोया) बेचकर लौट रहा था। पीलीकोठी के निकट सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।

भोजपुर थाना क्षेत्र के बाकरपुर अटायन निवासी हामिद हुसैन मंगलवार को बाइक से मावा बेचने मंडी गया था। इसी दौरान मंडी से लौटते समय पीलीकोठी के निकट तेज रफ्तार कार ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में हामिद (52) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक कार लेकर भाग गया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिवार के पूर्व प्रधान इमरान ने बताया है कि हामिद मावा बेचने का काम करते थे।

वह रोजाना सुबह मंडी आते थे। हामिद के चार बेटे और एक लड़की है। परिवार में हामिद ही कमाने वाले थे। उन्होंने बताया है कि घटना की सूचना के बाद बेटों के साथ यहां पहुंचे हैं। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया है कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। मामले में परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

शहर इमाम के चयन को उलेमाओं ने दिया ज्ञापन

बिलारी, अमृत विचार : नगर में शहर इमाम की मृत्यु के बाद उनकी जिम्मेदारी निभाने के लिए कुछ लोग चुनाव कराने की तैयारी में हैं। इसको लेकर उलमाओं और मुफ्तियों ने तहसील पहुंचकर ज्ञापन दिया। नगर में शहर इमाम को लेकर काफी समय से लोगों की रायशुमारी जारी है। पहले 25 मई को शहर इमाम के तीजे की रस्म पर जामा मस्जिद में सैकड़ों नागरिक एकत्र हुए और शहर इमाम के चुनाव को लेकर बड़े उलेमा धर्मगुरु इमाम पर फैसला छोड़ दिया गया था। कहा कि इस्लाम धर्म के मुताबिक और विशेष धर्म गुरु के फतवे के मुताबिक शहर इमाम का चुनाव होना चाहिए। लेकिन कुछ लोग शहर इमाम का चुनाव वोटिंग के जरिए करना चाहते हैं। इसको लेकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में मौलाना रफीक अहमद नईमी, मौलाना अखलाक हुसैन रिजवी, मुफ्ती गुलाम साबिर लतीफी, मौलाना गयूर अहमद, मौलाना मुतिउर्रहमान, मौलाना अली रजा, कारी रईस अशरफी आदि मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पूर्व में लेटरल एंट्री के माध्यम से नियुक्त लोगों को पद से हटाने और उन्हें दिए गए वेतन की वसूली की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी के नेतृत्व में कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। अफजल साबरी ने कहा कि बीती 17 अगस्त को केंद्र सरकार द्वारा ज्वाइंट सेक्रेटरी, डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर पोस्ट के लिए 45 नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 19 अगस्त को इन नियुक्तियों को पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को मिले आरक्षण के संवैधानिक अधिकारों पर हमला बताते हुए रद करने की मांग की थी। 20 अगस्त को केंद्र सरकार ने लेटरल एंट्री के लिए जारी विज्ञापन को आरक्षण का प्रावधान न होने का हवाला देते हुए वापस लेने का स्वागत योग्य काम किया। लेकिन, 2019 से अब तक जिन 63 लोगों की लेटरल एंट्री के जरिए नियुक्तियां हुई हैं, उन्हें भी क्यों पद से नहीं हटाया गया। वहीं अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के जिला चेयरमैन राजेंद्र वाल्मीकि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की दलितों व पिछड़ों के आरक्षण को लेकर नीयत में पहले से खोट है। प्रदर्शन में पार्टी के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, अमीरूल हसन जाफरी, इरशाद हुसैन, श्याम सरन, भयंकर सिंह बौद्ध, हाजी अहमर, कामिल मंसूरी, मुख्तियार सैफी, अनवर अली, मोहम्मद नाजिम, रईस सैफी, सोहेल पाशा, मोहम्मद आलम व बाबर सैफी समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

शासन ने बिना परमिट व फिटनेस के चलने वाले 800 वाहनों पर कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को दिए थे निर्देश

अब तक 40 बसें और आठ डंपरों के खिलाफ कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: संभागीय परिवहन विभाग राजस्व वसूली को लेकर पिछड़ रहा है। बिना परमिट व बिना फिटनेस वाली बसों व अन्य वाहनों को मार्ग पर न चलने देने के शासन के निर्देश के बाद संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारी कांवड़ यात्रा और अन्य त्योहारों को लेकर चेकिंग न किए जाने की दुहाई देकर खुद को बचाने में लगे हैं। कांवड़ यात्रा के बाद अब 280 बिना फिटनेस और परमिट के चल रही बसों में मात्र 40 बसों और आठ मिट्टी ढोने वाले डंपरों पर कार्रवाई की गई है।

कई जिलों में बस हादसे में मरने वालों की बढ़ती संख्या पर रोक लगाने के लिए सरकार ने गंभीरता से लिया है। बस हादसों में मरने वालों को सहायता देने के लिए की गई कार्रवाई में बसें बिना फिटनेस और बिना परमिट पाई गईं। जिससे सरकार को करोड़ों रुपयों के राजस्व की हानि होने की बात सामने आई थी। इसके बाद सरकार ने राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए निर्देश दिया। प्रदेश सरकार ने अब बिना परमिट और बिना फिटनेस चल रही बसों को बंद करने के लिए संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों को पांच महीने पहले निर्देश दिया।

विभाग के लखनऊ मुख्यालय से बिना परमिट और बिना फिटनेस के चल रही बसों और अन्य वाहनों के नंबर भी भेजे गए थे। ऐसे 800 से अधिक वाहनों के नंबर समाचार पत्रों में छपवाने के लिए कहा गया।

अभियान के दौरान हाईवे पर चेकिंग करते एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल। ● अमृत विचार

> बिना परमिट और बिना फिटनेस के किसी वाहन को सड़क पर चलने नहीं दिया जाएगा। प्रवर्तन दल रात और दिन ऐसे वाहनों की तलाश में चेकिंग कर रहा है। ऐसे वाहनों के चलने से विभाग को राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है।
> **-राजेश सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी, मुरादाबाद संभाग**

पांच महीनों में अब तक 40 बसों पर चालानी कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 8 मिट्टी ढोने वाले डंपर को सीज किया गया है। एआरटीओ आनंद निर्मल ने बताया कि अब तक चार लाख से अधिक जुर्माना वसूल कर राजकोष जमा करा दिया गया है।

वहीं स्कूलों में बिना परमिट और बिना फिटनेस के चलने वाले वाहनों को रोकने के लिए कई बार स्कूल प्रबंधन कमेटी के साथ विभागीय मीटिंग भी की गई है। कई स्कूलों के ऐसे वाहनों पर कार्रवाई कर उन्हें बंद भी किया गया है। जो ऐसे वाहनों से बच्चों को परिवहन करा रहे थे। साथ ही स्कूलों के प्रधानाचार्य को बिना फिटनेस व बिना परमिट के वाहनों में बच्चों को परिवहन कराने पर उन पर भी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र लिखकर किस स्कूल की किस नाम से मान्यता है यह भी जानकारी की गई। ताकि फर्जी स्कूल के नाम से कोई वाहन बिना कागजी कार्रवाई पूरी किए बच्चों को स्कूल ले जाने का कार्य तो नहीं कर रहा है। ऐसे ही एक स्कूल के दिल्ली रोड पर चलने की जानकारी होने पर विभाग के एआरटीओ आनंद निर्मल और आरटीओ राजेश सिंह ने जाकर उस स्कूल की दो बसों को सीज किया। अन्य छह बसों को स्कूल में संचालन न करने की चेतावनी दी है।

नये बिजली उपकरण भी नहीं झेल पा रहे गर्मी बारिश, लाइनों में फाल्ट से उपभोक्ता परेशान

लगातार 4-5 घंटे आपूर्ति बाधित, लोगों के फोन भी नहीं उठा रहे बिजली कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बिजली विभाग के नए उपकरण बरसात व गर्मी नहीं झेल पा रहे हैं। जबकि अधिकारियों का दावा है कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत बदले गए उपकरण पहले से बेहतर और अधिक क्षमता वाले हैं। लेकिन, ट्रांसफार्मर की लीड फुंकने और तारों से चिंगारियां निकलना आम बात हो गई है। बढ़े लोड से अन्य उपकरणों में भी फाल्ट हो रहे हैं। मंगलवार को सुबह से ही ट्रांसफार्मर व अन्य उपकरणों में फाल्ट से लाल मस्जिद, मानपुर में चार घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। लाइनपार के प्रकाश नगर मोहल्ले की तीन घंटे लगातार बिजली आपूर्ति गुल रही। गुरहट्टी विद्युत केंद्र में फाल्ट होने से बाला जी मंदिर से लेकर खालसा मोहल्ले में 2000 उपभोक्ताओं को तीन घंटे बिजली कटौती का दंश झेलना पड़ा।

मंगलवार को लाल मस्जिद मोहल्ले में ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर का सुबह 10 बजे फ्यूज उड़ गया। लाल मस्जिद विद्युत केंद्र के सामने कोयला व्यापारी मोहम्मद रईस ने बताया सुबह फाल्ट होने के बाद कई बार जेई लाइनमैन को फोन मिलाया लेकिन, किसी ने फोन नहीं उठाया। हालांकि दस कदम पर तहसील स्कूल विद्युत केंद्र पर मौजूद बिजली कर्मचारी फाल्ट सही करने लिए एक बजे पहुंचे। जिससे वहां रहने वाले 1200 उपभोक्ताओं को चार घंटे बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी।

वहीं मानपुर मोहल्ले में सुबह सात बजे तारों में चिंगारियां निकलने से पोल पर लगे तार अलग हो गए। इसी मोहल्ले के रहने अमित गुप्ता ने टाउन हाल विद्युत केंद्र के जेई को तारों में हुए फाल्ट को सही करने के लिए कई बार फोन किया लेकिन, रिसीव नहीं हुआ। जिससे मानपुर फीडर के एक सेक्शन के 400 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुबह दस बजे तक बाधित रही। वहीं गुरहट्टी विद्युत केंद्र के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में तेज आवाज के साथ हुए फाल्ट के बाद बालाजी मंदिर मार्ग और मोहल्ला खालसा के रहने वाले ढाई हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति लगातार तीन घंटे 4 बजे तक ठप रही।

दौलत बाग विद्युत केंद्र के क्षेत्र में पतंगबाज सिर का दर्द बन चुके है। रोज सुबह से शाम तक चाइनीज मांझे से दिन में 25 से 30 बार लाइनें ब्रेक हो रही हैं। पूरे दिन लाइन ब्रेक होने से बिजली आपूर्ति लगभग पूरे दिन गुल रहने लगी है। एसडीओ दीपक चौधरी ने बताया कि मंगलवार को सुबह सात से दसवां घाट, दौलत बाग और नागफनी में पतंगबाजों के चाइनीज मांझे से हर आधे घंटे में फाल्ट होने का सिलसिला शाम पांच बजे तक जारी रहा। चाइनीज मांझे से हो रहे फाल्टों से विभाग को भी क्षति पहुंच रही है।

दसवां घाट मोहल्ले में लाइन में हुए फाल्ट को सही करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

> उपकरण तो पहले से अधिक क्षमता के हैं। लेकिन, अब दाम कम होने और पुराने एसी सस्ते मिलने पर अधिकतर घरों में एसी लग गए हैं। जिससे पहले के मुकाबले गर्मी बढ़ते ही एक साथ अधिक लोड पड़ने से उपकरणों और तारों में फाल्ट होने की स्थिति बनती है।
> **-मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता नगरीय**

एक लाख रुपये की लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस

मैनाठेर, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के कोल्डड्रिंक कारोबारी ने छह लोगों पर एक लाख रुपये की लूट का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी। बाद में मामला पैसे के लेनदेन का निकलने पर दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

थाना क्षेत्र के डींगरपुर निवासी मोहम्मद उवैश कोल्डड्रिंक का कारोबार करता है। 26 अगस्त को कारोबारी बघा रोड पर किराने की दुकान पर कोल्ड ड्रिंक उतार कर दुकानदार द्वारा दी गई 1,00,000 की नगदी गिन रहा था। इसी दौरान सलमान, अरमान अपने अन्य चार साथियों के साथ आए और मारपीट करते हुए कोल्ड ड्रिंक व्यापारी से 1,00,000 रुपये लूट कर ले गए। पीड़ित व्यापारी मोहम्मद उवैश ने लूट का आरोप लगाते हुए पुलिस से मामले की शिकायत की थी। मैनाठेर इंस्पेक्टर किरणपाल सिंह ने इस मामले में पुलिस को तत्काल जांच के लिए लगाया। जानकारी में पता चला कि दोनों पक्षों के बीच पैसे के लेनदेन का मामला है।

स्थानीय समस्याओं का निस्तारण जल्द

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की द्वितीय कार्यकारिणी सभा राज्य कर कार्यालय के संकाय कक्ष में हुई। इसकी अध्यक्षता गुफरान माजिद ने की। संचालन शाहवेज मलिक द्वारा किया गया। इसमें संकाय की ओर से दिवाली उत्सव उत्सव और पारिवारिक सभा का प्रस्ताव पारित किया गया।

सभा में निर्णय लिया गया कि 25 अक्टूबर को दिवाली उत्सव उत्सव व पारिवारिक सभा का कार्यक्रम होगा। वहीं विभाग में आ रही समस्याओं के संदर्भ में अध्यक्ष गुफरान माजिद ने जानकारी दी कि इस बारे में एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 राज्य कर विभाग से वार्ता हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि स्थानीय स्तर की समस्याओं का समाधान जल्द कराएंगे।

जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा में मौजूद पदाधिकारी व अन्य।

● दिवाली उत्सव व पारिवारिक सभा का प्रस्ताव कार्यकारिणी की सभा में पारित

शासन स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यालय को पत्र लिखेंगे। महासचिव शाहवेज मलिक ने बताया कि संकाय का एक प्रतिनिधिमंडल अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में केंद्रीय जीएसटी कार्यालय मेरठ जाकर कमिश्नर सेंट्रल जीएसटी से मिलेगा। सभा में सैयद आरिफ अली, एल्डर कमेटी के चेयरमैन संजीव महेश्वरी, संजीव बिहारी भटनागर, विचित्र शर्मा, गौरव गुप्ता, राजीव कुमार विश्नोई, मोहम्मद खालिद, अजय अग्रवाल, विनीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

हक के लिए 240 सीएचओ लखनऊ रवाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) पिछले कई दिनों से काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यही नहीं उन लोगों ने ऑनलाइन स्ट्राइक भी कर रखी है। इस मामले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने मंगलवार को कड़ी कार्रवाई के निर्देश सीएमओ को दिए हैं।

बता दें कि कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स 28 अगस्त को राज्य स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। फिलहाल जिले में सीएचओ 14 अगस्त से ऑनलाइन हाजिरी नहीं दे रहे हैं। इसके बाद 21 अगस्त से वह लोग ऑनलाइन स्ट्राइक कर रहे हैं। उधर, उत्तर प्रदेश एसोशिएशन कम्युनिटी ऑफ हेल्थ ऑफिसर्स के पूर्व प्रदेश महामंत्री मुकेश चौधरी ने कहा कि मिशन निदेशक ने जैसा भी जो आदेश जारी किया है, यह उनका अपना मामला है। लेकिन, वह लोग लखनऊ में धरना प्रदर्शन के लिए मंगलवार शाम को ही चार बसों से निकले हैं, उनके साथ 240 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स मौजूद हैं। कुछ लोग ट्रेन से भी लखनऊ रवाना हो गए हैं।

धरना-प्रदर्शन में शामिल होने लखनऊ रवाना होते सीएचओ। ● अमृत विचार

253 सीएचओ को बर्खास्तगी की चेतावनी

मुरादाबाद, अमृत विचार: जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ वेलनेस सेंटरों की जिम्मेदारी संभाल रहे जिले के 253 सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स) को बर्खास्तगी की चेतावनी का नोटिस जारी किया गया है। यह सभी सीएचओ 14 अगस्त से हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर अपनी हाजिरी नहीं लगा रहे हैं। सीएचओ ऑनलाइन हाजिरी में रेटिना के मिलान की लागू की गई व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के दृष्टिगत सभी सीएचओ को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें हाजिरी नहीं लगाने पर सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी है।

सेमिनार हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की ओर से डिजाइनिंग पर सेमिनार का आयोजन

सेमिनार में निर्यातकों ने सीखे डिजाइनिंग के गुण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंगलवार को ईपीसीएच की ओर से आयोजित सेमिनार में महानगर के निर्यातकों ने डिजाइनिंग के बारे में जानकारी ली। निर्यातकों को बताया कि वह किस डिजाईन के आइटम तैयार करे, जिससे उनके कारोबार को सफलता मिल सके।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईपीसीएच) की ओर से महानगर में डिजाइनिंग पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें निर्यातकों को लाइफ स्टाइल एक्सेसरीज व लाइटिंग उत्पादों की डिजाइनिंग से जुड़ी बारीकियों को सिखाया गया। ईपीसीएच की ओर से आयोजित सेमिनार में निफ्ट की डिजाइनिंग सलाहकार वंदना भंडारी, फैशन स्नूप के पीयूष गिरोत्रा, सृष्टि श्रीवास्तव ने व्याख्यान दिया। सेमिनार में मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदुर्रहमान, सचिव व ईपीसीएच के सीओए सदस्य अवधेश अग्रवाल, यस के चेयरमैन जेपी सिंह, नजमुल इस्लाम, सलमान आजम समेत अन्य निर्यातक शामिल रहे।

यूपीआईटी शो में निर्धारित शुल्क देकर कराए आवेदन: ग्रेटर नोएडा में अगले महीने के एक्सपो मार्ट पर आयोजित होने जा रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेने के जनपद के उद्यमियों को आवेदन करने का आखिरी मौका है। संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि उद्यमी ओडीओपी समेत तीन श्रेणियों में प्रतिभाग करने के लिए अपना आवेदन निर्धारित शुल्क देकर करना होगा।

ईपीसीएच की ओर से आयोजित सेमिनार में मौजूद महानगर के निर्यातक। ● अमृत विचार

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

एक नजर

घायल को अस्पताल ले जाते लोग।

बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो घायल

कुंदरकी, अमृत विचार : मंगलवार को हाईवे पर सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार की दोपहर होरीलाल निवासी मो. नुरुल्ला कुन्दरकी और शफीक अहमद निवासी थांवला थाना बिलारी की बाइकें हाईवे स्थित बाईपास पर टकरा गई। इसमें दोनों लोग घायल हो गए। हादसे को देख घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची कुंदरकी पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें से कुंदरकी निवासी होरीलाल की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

बूथ स्तर पर कार्यकर्ता बनाएंगे प्राथमिक सदस्य

भारतीय जनता पार्टी की कार्यशाला में सदस्यता अभियान को लेकर की गई चर्चा

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर के हाईवे किनारे स्थित ब्रज गोपी भवन में भारतीय जनता पार्टी मंडल बिलारी की सदस्यता अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विजय भान सिंह ने की।

मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता ने बताया कि पार्टी 2014 -2019 में भारी संख्या में मोबाइल से मिस्ड कॉल के आधार पर प्राथमिक सदस्य बनाए थे। इस वर्ष भी पार्टी बूथ स्तर पर प्राथमिक सदस्य बनाएगी। यह अभियान 1 सितंबर से प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रथम सदस्य बनेंगे। उसके बाद सदस्यता अभियान की लॉन्चिंग प्रदेश, जिला स्तर व मंडल स्तर पर होगी। इसी प्रकार यह सदस्यता अभियान बूथ स्तर तक पहुंचेगा। जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर संपर्क के माध्यम से कम से कम एक बूथ पर 200 सदस्य बनाने होंगे। इसी प्रकार पार्टी के सक्रिय सदस्य के लिए कार्यकर्ताओं को 100 सदस्य बनाने होंगे। तभी वह पार्टी का सक्रिय सदस्य बनेगा।

उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा तीन तरीके से हम प्राथमिक सदस्य बना पाएंगे। जिसमें पार्टी द्वारा एक मोबाइल नंबर 8800002024 जारी किया जाएगा जो टोल फ्री नंबर होगा। उस पर मिस्ड कॉल कर एक मैसेज आएगा, जिसमें प्राथमिक सदस्यता नंबर आएगा, और उसके लिंक को भरकर पूरी प्रक्रिया की जाएगी। दूसरा विकल्प नमो ऐप के माध्यम से भी हम प्राथमिक सदस्य बना सकते हैं। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. विजय शर्मा, के.के गुप्ता, केपी राणा, जिला उपाध्यक्ष बाबूराम लोधी, डॉ. विश्वास शर्मा, मनोज ठाकुर, चौधरी ऋषिपाल सिंह, प्रधानाचार्य राजीव शर्मा, पं. रामनिवास शर्मा, प्रशांत चौधरी, हेमंत शर्मा, निखिल पांडे, पंकज चौहान, नवनीत यादव, मेघपाल सिंह, अभिनव चौधरी, शरद गुप्ता, अमित प्रजापति, राहुल जैन, किशन लाल प्रजापति, सुनील आर्य, संजय शर्मा, अजय ठाकुर, उमेश यादव, डॉ. गीता शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिलारी में कार्यशाला में बोलते जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विजय भान सिंह।

ठाकुरद्वारा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिला अध्यक्ष। ● अमृत विचार

कार्यशाला में दी सदस्यता अभियान की जानकारी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से सदस्यता अभियान की कार्यशाला सैंट मार्क्स स्कूल में हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष आकाश पाल द्वारा सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी दी गई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिले को तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के लिए 8800002024 मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर व ऑफलाइन फॉर्म भरकर भी दे सकते हैं। सक्रिय सदस्य बनने के लिए कार्यकर्ता को लगभग 200 सदस्य बनाने होंगे। प्रत्येक सदस्य का शुल्क केवल 100 रुपये निश्चित है। इस सदस्यता अभियान से पहले भारतीय जनता पार्टी के 21 करोड़ सदस्य बनाकर रिकॉर्ड बनाया था। जनपद में यह अभियान 4 सितंबर से 25 सितंबर तक व 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी, मनमोहन सिंह सैनी, ठाकुर अजय प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, दिनेश कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार, पवन पुष्पद, शिवेंद्र गुप्ता, नागेंद्र लांबा, सत्य प्रकाश गुप्ता, आशुतोष अग्रवाल, मुकेश चौधरी, जाकिर हुसैन, इकराम कुरैशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपेश रानी, लेखराज सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जैविक खेती स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: नगर के सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. दिनेश कुमार ने जैविक कृषि एवं खाद की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी।

उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक कृषि एक प्रकार की खेती है जिसमें रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों, जेनेटिक रूप से संशोधित जीवों (जीएमओ) और अन्य सिंथेटिक पदार्थों का उपयोग नहीं किया जाता है। इसके बजाय, ऑर्गेनिक कृषि में प्राकृतिक तरीकों का उपयोग किया जाता है। इसमें जैविक उर्वरकों का उपयोग, फसल चक्र, जैविक कीट नियंत्रण, मिट्टी की गहरी जुताई एवं स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाता है। ऑर्गेनिक कृषि का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना, जल संसाधनों का संरक्षण करना, जैव विविधता को बढ़ावा देना, स्वस्थ और सुरक्षित खाद्य उत्पादन करना है। इससे पर्यावरण की रक्षा, स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पादन, जल संसाधनों का संरक्षण व किसानों की आय में वृद्धि होगी। विद्यालय की प्रधानाचार्या रणजीत कौर, स्कूल कॉर्डिनेटर सतेन्द्र चौधरी, स्कूल फाउंडर जितेंद्र विश्नोई एवं मेनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने डॉ.दिनेश कुमार का विद्यालय आगमन पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ममता विश्नोई, अनवार हुसैन, विकास यादव, संजय सिंह, सौरभ चौहान, आमिल सैफी, दीपिका विश्नोई ,विनित, पारुल, अदीबा, इरम, खुशी, शाहरुख आदि मौजूद रहे।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. दिनेश कुमार को सम्मानित करता कालेज का स्टाफ। ● अमृत विचार

● **आईसीएआर के विशेषज्ञ ने छात्र-छात्राओं को दी जैविक कृषि व खाद की जानकारी**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र के निधन पर शोक

कांठ, अमृत विचार: नगर के बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के आजीवन सदस्य खूंटखेड़ा निवासी रघुवीर सिंह के निधन पर विद्यालय परिवार के सदस्यों ने दुख व्यक्त किया। विद्यालय में शोक सभा का भी आयोजन किया गया।

शोकसभा में छात्राओं, शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बता दें कि रघुवीर सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्वर्गीय अमर सिंह के सुपुत्र थे। वह परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत हो चुके थे और काफी समय से बीमार चल रहे थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या शिक्षा देवी, प्रबंधक सुशील कुमार, अंजना शर्मा, नीरज यादव, रेनू गौतम, खाल्दा तबस्सुम, चंद्रप्रभा देवी, राजबाला देवी, सुधा विश्नोई, अंजू शर्मा, सीमा आदि उपस्थित रहे ।

ग्राम रतूपुरा में चेहल्लुम के दौरान मौजूद पुलिस बल। ● अमृत विचार

रतूपुरा में चेहल्लुम पर निकले ताजिए

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन के चेहल्लुम पर अजादारों ने ताजियों को निकालकर गम का इजहार किया। ताजियों पर नजर ओ नियाज पेश की। इस बीच मेले का भी आयोजन किया गया।

ग्राम रतूपुरा में हर साल की तरह मंगलवार को चेहल्लुम मनाया गया। इसमें अजादारों ने ताजियों को बनाकर मातम किया। ताजियों पर आसपास के महिला और पुरुषों ने पहुंचकर नजर ओ नियाज पेश की। सोगवारों ने मातम कर कर्बला के शहीदों का याद किया। कर्बला की शहादत के चालीस दिन पूरे होने पर चेहल्लुम मनाया जाता है। चेहल्लुम में आसपास के दर्जनों गांवों के लोग पहुंचते हैं। इस बीच रतूपुरा में पुलिस बल का भी मौजूद रहा।

थाने के गेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कब्रिस्तान के पेड़ कटवाने पर प्रदर्शन

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार: मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम बसेरा खास के ग्रामीणों ने थाना पर प्रदर्शन करते हुए दबंगों पर कब्रिस्तान में खड़े पेड़ों को काटने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम स्थित कब्रिस्तान में शीशम,यूकेलिप्टिस आदि के पेड़ खड़े थे। जिनको ग्राम प्रधान व ग्रामवासियों की बिना अनुमति और मशिवरे के मुनाजिर और उसके साझेदार मेराज व जाबुल द्वारा काटा गया और फुरकान द्वारा पेड़ों को बेचा गया है। जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। जब ग्रामीणों ने उन लोगों से पेड़ों का पैसा मांगा तो उन्होंने इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान रिजवान, सत्तार, नसीम, नदीम, शमशाद, इकबाल, अबरार मौमीन और जर्रार आदि मौजूद रहे। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बताया कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

मानव सेवा के लिए समर्पित थी मदर टेरेसा

बिलारी, अमृत विचार: बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में मदर टेरेसा की जयंती पर प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि मानव सेवा और शांति के लिए उन्हें भारत रत्न और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अपनी सेवा भाव से उन्होंने जन-जन के हृदय में जगह बना ली थी।

प्रधानाचार्य ने बताया कि मदर टेरेसा एक महान महिला थी। उनके कार्यों और जीवन में मिली उपलब्धियां के बाद विश्व ने उन्हें एक नया नाम दिया। जिससे वह मदर टेरेसा के रूप में विख्यात हुई। उन्होंने एक मां की तरह अपना सारा जीवन गरीब और बीमार व्यक्तियों की सेवा में लगा दिया। शिक्षक आदित्य राघव ने बताया कि मदर टेरेसा एक कैथोलिक नन थी। 1948 में उन्हें भारत की नागरिकता मिली। इस मौके पर मनोज कुमार, अनिल चौहान, सुषमा राघव, परीक्षा, जूली आदि मौजूद रहे।

जाम्भाणी श्रीहरि कथा का समापन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: सात दिवसीय जाम्भाणी श्री हरि कथा के समापन समारोह पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। नवनिर्मित विश्नोई मंदिर विशनपुरा का उद्घाटन विख्यात संत स्वामी राजेंद्रानंद ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विभिन्न मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए गए।

ट्रस्ट श्री जंभेश्वर जी महाराज विराजमान श्री विश्नोई मंदिर के तत्वाधान में भगवान श्री कृष्ण के 5310 एवं भगवान श्री जंभेश्वर के 574 वें जन्मोत्सव पर सात दिवसीय जाम्भाणी श्री हरि कथा का आयोजन हरिद्वार के विख्यात संत एवं कथा वाचक स्वामी राजेंद्रानंद द्वारा किया गया था। इसके उपरांत कथावाचक राजेंद्रानंद ने नवनिर्मित मंदिर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर बिश्नोई समाज की समस्याओं के निराकरण के लिए कमेटी के गठन का निर्णय लिया व मंदिर में एक लाइब्रेरी की स्थापना, कथा श्रवण के मुख्य स्थान पर पक्का बरामदा बनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। हवन में महंत स्वामी चमन ऋषि, स्वामी प्रणवानंद, स्वामी सुखदेव मुनि, जगदीश आनंद, गोविंद शरणानंद, आचार्य अखिलेश मुनि, स्वामी मुक्तानन्द आदि संतों एवं पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू, पूर्व गन्ना समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, कुंवर सुरेंद्र सिंह, मास्टर सीपी सिंह, मास्टर धर्मपाल सिंह, श्रीओम सिंह बिश्नोई, मास्टर राजवीर सिंह, राजन बिश्नोई, भानु बिश्नोई, अभय बिश्नोई, सत्यम बिश्नोई, नीरज बिश्रोई आदि ने आहुतियां दी। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में विश्नोई युवा मोर्चे का विशेष सहयोग रहा।

मंच पर उपस्थित संत एवं अतिथि। ● अमृत विचार

● **नवनिर्मित विश्नोई मंदिर का फीता काटकर किया उद्घाटन**

कल होगा खाटूश्याम का जागरण

कांठ, अमृत विचार : 29 अगस्त को नगर में श्री खाटू श्याम सेवा मंडल द्वारा विशाल जागरण का आयोजन चावल मंडी में किया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष अथर्व बिश्नोई ने बताया कि प्रात: काल में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र, जगह-जगह पुष्पवर्षा से किया स्वागत

नगर में धूमधाम से निकली श्री रामडोल शोभायात्रा

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में धूमधाम से श्री रामडोल शोभायात्रा निकाली गई।

मंगलवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री रामडोल शोभायात्रा नगर में धूमधाम के साथ निकाली गयी। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि ओमकार सिंह बिश्नोई एवं अरविंद चौधरी ने फीता काटकर किया। रामडोल शोभायात्रा शिव मोहिनी मंदिर से प्रारंभ होकर नेता उपदेश चौराहा, मेन बाजार, पुराना बस स्टैंड, रामलीला मंदिर, संत रविदास मंदिर, पट्टीवाला होते हुए अपने गतंव्य स्थान पर पहुंची। शोभा यात्रा में सबसे आगे घनश्याम सिंह पहलवान व्यायाम शाला के पहलवान हैरतंगेज करतब दिखाते हुए चल रहे थे वही ट्रैक्टर-ट्रॉली पर प्रसाद, ढोल ताशे व बैंड, भगवान गणेश की प्रतिमा, रथ में भगवान श्री कृष्ण का झूला, जेल में देवकी वासुदेव, राम दरबार, सुंदरकांड, भगवान विष्णु, आदि की झांकियां सम्मिलित थी। शोभा यात्रा में प्रत्येक चौराहे पर भव्य आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केंद्र थी। जगह-जगह पर शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनीत पहलवान, राकेश कुमार, राजेंद्र बिश्रोई, पिंटू बिश्नोई, सचिन कुमार, प्रदीप कुमार, संजीव पाटिल, राजीव कुमार, संजीव विश्नोई, डॉ. जितेंद्र कुमार, सुमन कुमार, क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर के प्रतिनिधि विक्रम सिंह यादव, शुभम बिश्नोई, संजय नंबरदार, अजयवीर सिंह, राजीव कुमार, अरविंद राना, धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे। वहीं सीओ कांठ अपेक्षा निंबाड़िया, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज यशवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

शोभायात्रा का फीता काटकर आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में शामिल कलाकार।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स अहमद ब्रास आई.इन.सी मुरादाबाद की पार्टनरशीप डीड में जिसका पंजीकरण संख्या MBD-2551 में श्री शोइब अहमद पुत्र श्री तसलीम अहमद को शामिल किया गया है अब फर्म में 1. श्री तसलीम अहमद (33.34%) 2. श्री जुनैद अहमद (33.33%) 3. शोइब अहमद (33.33%) हिस्सेदार के रूप में है।

भवदीय (श्री तसलीम अहमद) पार्टनर
मैसर्स अहमद ब्रास आई.इन.सी प्लाट न० 68,69,70 एस० ई० जैड मुरादाबाद

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम CHESHTA NAVAL से बदलकर CHESHTA NAVAL JAIN रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। CHESHTA NAVAL JAIN W/O ARIHANT JAIN R/O 19, SAKET NEW CIVIL LINES मुरादाबाद।

सार संक्षेप

यज्ञ में आहुति देते नगर पंचायत का स्टाफ। ● अमृत विचार

कान्हा गोशाला में किया गया पूजन

कांठ, अमृत विचार : श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर पंचायत ऊमरी कला द्वारा कान्हा गोशाला में हवन एवं गोपूजन किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगर पंचायत ऊमरी कलां की कान्हा गो आश्रय स्थल पर स्वैतांक सारस्वत अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ऊमरी कला द्वारा पूजन हवन में आहुतियां दी गई। इसके उपरांत गो पूजन किया गया व गोवंशो की सेवा करते हुए उन्हें गुड़, हरा चारा, चना आदि खिलाया गया। इस दौरान गो आश्रय स्थल को सजाया गया था। इस अवसर पर नगर पंचायत ऊमरी कलां का समस्त स्टॉफ नजम अहमद लिपिक, जयकुमार लिपिक, सुरेन्द्र सिंह लिपिक, अनीस अहमद टीसी, परम सिंह, तय्यब, मुशाहिद, प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

यज्ञ में आहुति देते पुलिस अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

थाना छजलैट में आयोजित किए गए धार्मिक अनुष्ठान

छजलैट, अमृत विचार : श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर थाना छजलैट में पुलिस अधिकारियों द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर थाना छजलैट में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाड़िया एवं थाना अध्यक्ष लखपत सिंह ने परिवार एवं स्टाफ सहित यज्ञ में आहुति देकर सुख, समृद्धि की कामना की। पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाड़िया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। इस दौरान भजन कार्यक्रम सहित विभिन्न सांस्कृतिक आयोजित किए गए। कार्यक्रम में समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

बैठक में उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

कुष्ठ रोग जांच अभियान के तौर तरीकों पर हुई चर्चा

कांठ, अमृत विचार : नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम के तहत कुष्ठ रोग जांच अभियान के सुचारू क्रियान्वयन के तरीकों पर चर्चा के लिए बैठक हुई। बैठक में चिकित्सा अधिकारी ने प्रतिभागियों को अभियान के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों के जिला स्तरीय परीक्षण अभियान 2 सितंबर से 15 सितंबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान 14 दिन की अवधि में 297 टीम द्वारा संदिग्ध कुष्ठ रोग मामलों की पहचान करने के लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्र के हर घर का दौरा करेगी। इस दौरान बैठक में बीपीएम, चंद्रशेखर यादव, बीसीपीएम यासिर अली, पीएमडब्लयू अनिल कुमार सैनी और अनिता सिंह, एसटीएस निहाल खान आदि उपस्थित रहे।

रोगों की रोकथाम को किया एंटी लार्वा का छिड़काव

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर में संचारी रोकथाम के लिए नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी वअधिशासी अधिकारी ललित आर्य के निर्देश पर नगर के विभिन्न वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। मंगलवार को नगर के वार्ड एक व 2 में नगर पालिका की टीम ने मोहल्ले की सड़कों व नालियों पर एंटी लार्वा का छिड़काव किया। अधिशासी अधिकारी ललित राय ने बताया कि लगातार अलग-अलग वार्डों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एंटी लारवा नामक दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। ताकि लोग संचारी रोग से होने वाली बीमारियों से बच सकें।

वार्ड एक में दवा का छिड़काव करता कर्मी।

बाबा जाहर वीर के स्थान पर लगा नवमी का मेला

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के प्राचीन ताली तालाब पर स्थित बाबा जाहरवीर के स्थान पर नवमी मेले का आयोजन किया गया। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के स्थान पर प्रसाद चढ़ाकर अपने घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। मंगलवार को लगे नवमी मेले में भाजपा के ब्लॉक प्रमुख के पति वीर सिंह सैनी, ठाकुर अजय प्रताप सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल सिंह, नागेंद्र लामा, मुकेश चौधरी, पवन पुष्पद, पंकज कुमार, कमलेश कुमार, आशु वाल्मीकि आदि ने प्रसाद चढ़ाया। बच्चों ने दुकानों से खेल खिलौने भी खरीदे। साथ ही झूलों का भी आनंद लिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल ने बताया कि उक्त स्थान पर प्राचीन समय से मेला लगता आ रहा है। यहां जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से प्रार्थना कर मन्नतें मांगते हैं वह अवश्य पूरी होती है।

कार्यालय ग्राम पंचायत अकबरपुर सिहाली
विकास खण्ड छजलैट जनपद मुरादाबाद

पत्रांक: मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्राम पं0/निविदा/2024-25 दिनांक: 27.08.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत अकबरपुर सिहाली वि0ख0 छजलैट की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त-मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 03.09.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक अपनी-अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर विभाग में पंजीकृत प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत के साथ एफ0डी0आर0 आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 03.09.2024 को अपराह्न 3:30 बजे खोली जायेंगी।

क्र.सं.	कार्य का प्रकार	सामग्री की अनुमानित लागत	जमानत राशि	निविदा मूल्य	कार्य अवधि
1-	ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थलों पर पुलिया/जाल/सलैब नाली निर्माण कार्य।	152497.00	2%	200.00	1 माह
2-	मेन रोड से पंचायत भवन के गेट तक सी0सी0 टाईल्स एवं दिवार मिट्टी कार्य।	445251.00	2%	200.00	1 माह
3-	पंचायत भवन से पानी की टंकी तक सी0सी0 टाईल्स दिवार मिट्टी कार्य।	201059.00	2%	200.00	1 माह

शर्तें:-
1-आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदार को आयकर, व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देनाहोगा।
2-निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित होगा।
3-कोई भी निविदा बिना शर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अकबरपुर सिहाली
विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)

सचिव
ग्राम पंचायत अकबरपुर सिहाली
विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)

एक नजर

गायब किशोरी को पुलिस ने युवक के साथ पकड़ा

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पड़ोसी गांव में रहने वाली किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया था। किशोरी के गायब होने की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक के फोन नंबर को सर्विलांस पर लगा दिया था। आरोपी की लोकेशन मिलते ही दरोगा विकास राजपूत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर किशोरी को भी बरामद कर लिया। इसके बाद किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

दो बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया

रामपुर, अमृत विचार : थाना एएचटीयू और श्रम प्रवर्तन टीम ने रेस्क्यू करके दो बच्चों को छुड़ाया। टीम ने बालश्रम उन्मूलन अभियान, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी और बाल विवाह के बारे में बताया। महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान सिविल लाइन, पहाड़ी गेट पर होटल, ढाबा , रेस्टोरेंट व बेकरी की दुकानों आदि से दो बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराया। दुकानों के सेवायोजकों को बाल श्रम अधिनियम के बारे बताया। इस मौके पर थाना प्रभारी कल्पना देव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज शर्मा व चंद्र सिंह मौजूद रहे।

भाजपा डिजिटल तकनीक से चलाएगी सदस्यता अभियान

मसवासी, अमृत विचार : पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि भाजपा 2 से 25 सितंबर तक डिजिटल तकनीक से सदस्यता अभियान चलाएगी। भाजपा का उद्देश्य सदस्यता को सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी व सर्वग्राही बनाना है। स्वार ग्रामीण मंडल की कार्यशाला बिजारखाता के एक स्कूल में हुई। पूर्व सांसद ने कहा कि कार्यकर्ताओं घर-घर जाकर सदस्य बनाने है। मंडल अध्यक्ष पवन कुमार ने शीर्ष नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तय समय सीमा में लक्ष्य को पूरा करने में जी जान से जुट जाएंगे। कार्यशाला में अल्पसंख्यक मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री अमृता रंधावा, जिला उपाध्यक्ष महेश मौर्य, दीप गोयल,सतपाल चौधरी, नत्था राम, आशीष पाल, जयवर्धन मौर्य, महेंद्र मौर्य, संजीव मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, अशोक सैनी, राजेश यादव, लाखन मौर्य, विनोद सागर, शिशुपाल सागर, जयमल राम आदि उपस्थित रहे।

परिजनों ने हंगामा कर बुजुर्ग का निकाह रोका

संवाददाता, सैदनगर

- बुजुर्ग के बेटे और पोते ने बिचौलिए को लाठी-डंडों से पीटा
- हंगामा होने पर काजी और दुल्हन भी मौके से हुए फरार

अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में 75 वर्षीय बुजुर्ग के निकाह के दौरान हंगामा हो गया। बुजुर्ग के परिजनों ने बिचौलिया के साथ मारपीट कर काजी को भगा दिया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग की पत्नी की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। परिजनों से मनमुटाव के चलते बुजुर्ग ने निकाह करने की ठान ली। गांव के ही एक बिचौलिए के जरिए बुजुर्ग का रिश्ता पक्का हो गया। सोमवार की देर रात बिचौलिए के घर बुजुर्ग के निकाह की तैयारी होने लगी। दुल्हन अपने रिश्तेदारों के साथ बिचौलिए के घर पहुंच गई। निकाह पढ़ाने के लिए काजी को भी बुला लिया गया। निकाह की सूचना मिलने पर बुजुर्ग के परिजनों में हड़कंप मच गया। उनका का बेटा और पोते लाठी-डंडे लेकर बिचौलिए के घर पहुंच गए और बिचौलिए को पीट दिया। इससे मौके पर हंगामा हो गया। यह देख काजी और गवाह मौके से भाग गए। इस बीच दुल्हन भी मौका पाकर अपने रिश्तेदारों के साथ वहां से खिसक गई। हंगामे के चलते निकाह की तैयारियां धरी रह गईं। बुजुर्ग के निकाह करने की नाकाम कोशिश पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है।

बैंक शाखाओं में स्वीकृत ऋण का कराएं वितरण

रामपुर, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने बैंकर्स को निर्देश दिए कि वह अपनी बैंक शाखाओं में स्वीकृत ऋण वितरण कराना तय करें। विभिन्न कार्यालयों ने विभागीय योजनाओं की ऋण संबंधी पत्रावली भेजी हैं, उन्हें यथाशीघ्र स्वीकृत कराएं। किसी भी दशा में पत्रावलियों को प्रतीक्षा में न रखा जाए।

विकास भवन सभागार में मंगलवार को जिला सलाहकार समिति बैंकर्स की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, ओडीओपी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना आदि की समीक्षा की। सम्बन्धित बैंकर्स को निर्देश दिए कि इस वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

उद्यमियों, व्यापारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किया प्रतिभाग

उद्योग बंधुओं की बैठक में उठा स्टांप ड्यूटी का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सीडीओ डॉ. नंद किशोर कलाल ने व्यापारियों की समस्याएं सुनने के बाद जल्द से जल्द निस्तारण करने के आदेश दिए। उद्यमियों की बैठक में स्टांप ड्यूटी का मुद्दा भी गूंजा।

विकास भवन सभागार में मंगलवार को जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई। इसमें जिले के उद्यमियों, व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच कई मामलों को लेकर चर्चा हुई। स्वाति कैंफर एंड स्पेशलिटी केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स स्वाति मैन्थॉल एंड एलाइड केमीकल्स प्राईवेट लिमिटेड एवं वीटफ ग्लासेस ने विद्युत से सम्बन्धित समस्या के बारे में बताया। सीडीओ ने सम्बन्धित अधिशासी अभियंता को समस्या का जलद निस्तारण करने के निर्देश दिए। आशा इन्टरप्राइजेज ने स्टांप ड्यूटी छूट के संबंध में अग्रिम कार्रवाई के लिए कहा। निवेश मित्र पोर्टल पर समय उपरान्त प्रदर्शित हो रहे प्रकरणों पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण को कहा।

बैठक में बोलते मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल। ● अमृत विचार

बैठक में आईआईए रामपुर चैप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने उद्योगों से जुड़ी समस्याएं रखीं। बिलासपुर में औद्योगिक बिजली की आपूर्ति 18 घंटे करने व अचानक शट डाउन का मुद्दा रखा। शाहबाद रोड की इंडस्ट्री में पेड़ों के कारण तार टूटने की शिकायत, नहर खंड बिलासपुर से संबंधित समस्या, धारा 80 में मामले, इंडस्ट्री के खिलाफ झूटी शिकायतों का मामला रखा गया। व्यापार मंडल के शाहिद शम्सी ने जीएसटी से संबंधित शिकायतें रखी। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाकर शट डाउन एवं रोस्टिंग की पूर्व सूचना देने के आदेश भी दिए। कहा कि उद्यमियों की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से कराया जाए।

बैठक में आईआईए के पदाधिकारी श्रीष गुप्ता, अमित जैन, दीपक गुप्ता, देवेन्द्र सिंह एवं उद्योग विभाग के उपायुक्त मनीष कुमार पाठक, सहायक आयुक्त निहारिका जैन, सहायक प्रबन्धक पुष्पराज सिंह, औद्योगिक सुपारवाइजर एमपी सिंह, वरिष्ठ सहायक अमित कुमार शर्मा एवं रविन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

पहले भी बिगड़ चुकी है बच्चों की हालत, कर रहे हंगामा

जेई के टीके को पूरी तरह सुरक्षित बता रहे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जापानी बुखार से बचाव के लिए स्कूलों में बच्चों का टीकाकरण कराने के बाद हालत बिगड़ने पर अभिभावक स्कूलों में हंगाम कर रहे हैं। जबकि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दावा है कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार एक से 15 वर्ष के सभी बच्चों का टीकाकरण हर हाल में करना है। शाहबाद के कस्बा सैफनी के अलावा रामपुर में भी 22 अगस्त को एक स्कूल में टीका लगने के बाद बच्चों की हालत बिगड़ने पर महिलाओं ने हंगामा किया था। पुलिस ने किसी तरह गुस्साई महिलाओं को शांत कराया था। मंगलवार को शाहबाद के एक स्कूल में टीका लगने के बाद छात्राओं की हालत बिगड़ने पर यह मामला फिर गरमा गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस मामले में सफाई दे रहे हैं।

शहर के नेशनल स्कूल में 22 अगस्त को हंगामा करते हुए एक महिला का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें महिला का कहना था कि उनकी सहमति के बिना ही उनके बच्चे का टीकाकरण क्यों कराया गया। टीका लगने के बाद घर पहुंचने पर उनके बच्चे की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। इसके बाद बच्चे का निजी डॉक्टर से इलाज कराया गया। इस दौरान स्कूल में काफी हंगामा हुआ था। हंगामा बढ़ता देख प्रधानाचार्य को पुलिस बुलानी पड़ी थी। पुलिस ने हंगामा कर रही महिला को समझा बुझाकर शांत कराया था।

सीएचसी शाहबाद में भर्ती छात्राएं। ● अमृत विचार

306 स्कूलों में 34,401 बच्चों को लगे जेई के टीके

मंगलवार जनपद में 306 स्कूलों में 34,401 बच्चों को जेई टीके लगाए गए। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने अभिभावकों को बताया कि टीकाकरण से घबराने की जरुरत नहीं है। यह अभियान 22 अगस्त से 20 सितंबर तक चलेगा। जनपद में अब तक 1,07,670 बच्चों का टीकाकरण हो चुका है। टीकाकरण सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को माइक्रोप्लान के अनुसार कराया जा रहा है।

- जिले में एक लाख से अधिक बच्चों को लगे चुके हैं जेई के टीके
- टीकाकरण के लिए 7,84,335 बच्चों को किया गया चिन्हित

मंगलवार को सैफनी में टीकाकरण के दौरान छात्राओं की हालत बिगड़ गई। इससे पहले शाहबाद में भी बच्चों की हालत बिगड़ गई थी। जबकि, अधिकारियों का दावा है कि बच्चों को यह इंजेक्शन लगना बहुत जरूरी है। जिले में एक लाख से अधिक स्कूलों व मदरसों में पढ़ने वालों बच्चों को जेई के टीके लग चुके हैं। अभियान के तहत जनपद में 7,84,335 बच्चों को चिन्हित किया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि टीकाकरण के दौरान बच्चों को सिर्फ इंजेक्शन से घबराहट हो रही है। छात्राओं की हालत बिगड़ने के मामले में उनका कहना है कि टीकाकरण से कोई साइड इफेक्ट नहीं है। वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और डब्ल्यूएचओ से प्रमाणित है।

शाहबाद के स्कूल में किया टीकाकरण का विरोध

शाहबाद, अमृत विचार : मंगलवार को टीम इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल में टीकाकरण करने के लिए गई थी। वहां बच्चों को सूचना मिलते ही अभिभावक भी स्कूल पहुंचे गए और टीकाकरण कराने से मना कर दिया। इस पर एसडीएम सुनील कुमार भी स्कूल पहुंच गए। उन्होंने बताया कि अभिभावक टीकाकरण से मना कर रहे थे। मगर जब उन्हें इसके फायदे बताए गए तो वह अपने एक बच्चे को ही टीका लगावने को तैयार हो गए। कहा कि दूसरे बच्चे को अपने चिकित्सक से परामर्श के बाद ही टीका लगने देंगे।

छात्राओं की हालत बिगड़ने से परिजनों में गुस्सा

रामपुर, अमृत विचार : आदर्श पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य रामनिवास ने बताया कि एक दिन पहले उन्हें बताया गया था कि जापानी बुखार से बचाव के लिए छात्र-छात्राओं का टीकाकरण होना है। मंगलवार को डॉक्टरों की टीम ने 250 बच्चों का टीकाकरण किया। हालत बिगड़ने की सूचना पर छात्राओं के परिजन भी स्कूल में पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया।

डेंगू के 2 मामले और मिले मरीजों की संख्या 7 हुई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : एलाइजा की रिपोर्ट में शहर में दो डेंगू रोगी मिले हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। दो लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर टीम ने लोगों की सैंपलिंग की और आसपास के क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। लोगों को एहतियात बरतने की सलाह भी दी। अब जनपद में डेंगू के सक्रिय मामलों की संख्या 7 हो गई है।

गंगापुर आवास विकास और राहे रजा निवासी दो लोगों ने कई दिन से बुखार की शिकायत होने पर लैब में एलाइजा की जांच कराई तो उनमें डेंगू संक्रमण की पुष्टि हुई। दोनों के घर के आसपास हैं। मलेरिया निरीक्षक रिंकू वर्मा ने उनके क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। दो नए मामले मिलने के बाद जनपद में डेंगू के सक्रिय मामले 7 हो गए हैं। जनपद में डेंगू का खतरा फिर मंडराने लगा है। इससे बचने के लिए डरने की नहीं बल्कि एहतियात बरतने की जरूरत है। मलेरिया विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। जो लोग साफ-सुथरी जगह में रहते हैं, उन्हें डेंगू का खतरा सबसे ज्यादा होता है। सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, ठंड के साथ बुखार आना, जी मिचलाना, उलटी, आंखों में दर्द, मुंह का स्वाद खराब होना इसके लक्षण हैं। ऐसा होने पर तुरंत एलाइजा की जांच कराएं।

यह बरतें सावधानी

- कीटनाशक, एंटी लार्वा का छिड़काव कराएं।
- ढीले-ढाले, पूरी आस्तीन वाली शर्ट और पैंट पहनें।
- घर के आसपास किसी भी बर्तन में साफ पानी एकत्र न होने दें।
- फ्रिज व कूलर की सफाई नियमित रूप से करें।

शहर में डेंगू दो मामले मिले हैं। अब सक्रिय मामलों की संख्या 7 हो गई है। दोनों के घरों के आसपास एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया है। डेंगू से बचने के लिए लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है।

-संजय सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी

तेंदुए ने फिर पालतू कुत्ते को बनाया निवाला

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : सोमवार की देर रात तेंदुए ने फिर पालतू कुत्ते को अपना निवाला बना लिया। इससे ग्रामीणों में दहशत है। डीएफओ राजीव कुमार ने रेंजर सहित वन विभाग की टीम के साथ जमना-जमनी के जंगल में कांबिंग की। उन्होंने तेंदुए की लोकेशन ट्रेस करने के लिए दो टीमों का गठन किया है।

कई दिन से तेंदुए ने बेलवाड़ा, जमना जमनी सहित आसपास के गांवों में दहशत पैदा कर दी है। रविवार को तेंदुए ने जमना जमनी निवासी गोपी के पालतू कुत्ते को निवाला बनाया था। सोमवार की रात तेंदुआ पड़ोस के गांव भूबरी में जयपाल के कुत्ते को उठा ले गया। क्षेत्र में लगातार तेंदुए की चहल कदमी से ग्रामीणों दहशत है।

मंगलवार को डीएफओ ने वन क्षेत्राधिकारी मुजाहिद हुसैन सहित विभागीय टीम के साथ जमना जमनी के जंगल में कांबिंग की। बताया कि रात में लोकेशन मिलने पर बुधवार को उचित स्थान पर पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान डिप्टी रेंजर कुंदन सिंह भंडारी, वन दरोगा शील कुमार सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही।

गांव जमना जमनी के जंगल में तेंदुए की लोकेशन ट्रेस करने के लिए वन कर्मियों को निर्देश देते डीएफओ राजीव कुमार। ● अमृत विचार

- तेंदुए की लोकेशन ट्रेस करने के लिए वन विभाग की दो टीमें गठित

महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

रामपुर, अमृत विचार : महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

गंज थाना क्षेत्र के गूर्जर टोला निवासी जेबा की शादी कुछ माह पहले बिलासपुर निवासी जाकिर से हुई थी। चार दिन से जेबा मायके आई थी। सोमवार की शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल ले गए। जहां मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। गंज प्रभारी विजय पाल सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल से महिला के जहरीला पदार्थ खाने की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। महिला के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

अंडर-17 बालिका वर्ग कराटे में पहले स्थान पर रहीं आरती, शिवानी व अंजुम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं में मंगलवार को जनपद स्तरीय बालिका कराटे प्रतियोगिता हुई। अंडर-17 बालिका वर्ग में खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज की आरती, शिवानी व अंजुम प्रथम स्थान पर रहीं।

खेल विभाग की ओर से जारी किए गए कैलेंडर में 31 खेलों का लक्ष्य दिया गया है। यह सभी खेल जिला क्रीड़ा प्रभारी अरविंद कुमार भास्कर के निर्देश पर कराए जा रहे हैं। इसी के तहत मंगलवार को कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं में अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 कराटे प्रतियोगिता हुई। कन्या इंटर कालेज खारी कुआं की प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव ने छात्राओं से परिचय किया। अंडर- 14 बालिका वर्ग में कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की पाखी प्रथम रहीं। इसी स्कूल की नीजा और फलक अपने वर्ग में पहले स्थान पर रही। अंडर-19 वर्ग में कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की निखत व तनिष्का प्रथम रहीं। कन्या इंटर कॉलेज खाली कुआं के व्यायाम अध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहीं बालिकाएं अब मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इस मौके पर माउंट लिटरा स्कूल के व्यायाम अध्यापक प्रदीप गौतम और क्रीड़ा भारती के सदस्य राजीव कुमार, ममता देवी, वर्षा रानी, जीनत परवीन, ज्योति देवी, हीराकली आदि मौजूद रहे।

कन्या इंटर कालेज खारी कुआं में कराटे प्रतियोगिता में भिड़तीं खिलाड़ी।

- कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं में हुई जनपद स्तरीय प्रतियोगता

कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

स्वार, अमृत विचार : मुर्गा कारोबारी से 2.5 लाख रुपये के मुर्गे, 2 लाख रुपये व पिकअप छीनने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना टांडा के गांव कलिया नगली निवासी कुर्बान अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 जुलाई को उसका बेटा पिकअप में मुर्गे लेकर राजस्थान जा रहा था। स्वार-रामपुर मार्ग स्थित गांव समोदिया के अड्डे पर राजस्थान के जिला चूरू निवासी रफीक, समीर व नईम ने पिकअप को रोक लिया और राजस्थान चलने को कहा। उसके बेटे ने तीनों लोगों को वाहन में बैठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद तीनों लोगों ने हथियारों के बल पर उसके बेटे को कब्जे में करके पिकअप में लदे मुर्गो को 2.5 लाख रुपये में अपने परिचित को बेच दिया। विरोध पर तीनों ने मारपीट की और 2 लाख रुपये व पिकअप छीन ली।

लापरवाह अध्यापकों पर गिरेगी गाज, सीडीओ ने कसा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने जनपद के विद्यालयों में नामांकित छात्रों के सापेक्ष उपस्थिति को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को दो दिन में चिन्हित करें। उनके अभिभावकों को चेतावनी देते हुए शासन से मिले डीबीटी के पैसों की रिकवरी कराएं।

विकास भवन सभागार में मंगलवार को जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। इसमें मुख्य विकास अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि नामांकन के सापेक्ष शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई जाए। 50 प्रतिशत से कम उपस्थित वाले स्कूलों के स्टॉफ का वेतन आदि रोकने की कार्रवाई करने को कहा। खंड शिक्षा अधिकारियों से अपने विकास खंड के विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष 55 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यालयों की सूची दो दिन में उपलब्ध कराने को कहा।

खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में सम्बन्धित ग्राम प्रधान, पंचायत सेक्रेट्री, कोटेदार, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक कराते हुए इनके माध्यम से अनुपस्थित बच्चों के अभिभावकों से डोर-टू-डोर सम्पर्क करने के निर्देश दिए। जिन विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति 62 प्रतिशत से कम है ऐसे अध्यापकों को चेतावनी देते हुए उनकी सूची खंड शिक्षा अधिकारी तीन दिन में कार्यालय में उपलब्ध कराएं। कहा कि निपुण आकलन के सम्बन्ध में जिन विद्यालयों का छात्र-शिक्षक अनुपात 20 या 20 से कम है, उनकी सूची खंड शिक्षा अधिकारी दो दिन में उपलब्ध कराएं।

युवक का एक हत्यारोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

मिलक, अमृत विचार : रेलवे ट्रैक पर मिले युवक के शव के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ मिलक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया है।

मिलक के मोहल्ला नसीराबाद निवासी गिरीश रुहेला के 18 वर्षीय पुत्र चिराग का शव 11 अगस्त की शाम जालिफ नगला नया गांव स्थित रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था। उसकी गर्दन धड़ से अलग थी। गिरीश का कहना था कि चिराग उसके साथ मिलकर दुकान आदि लगाने का काम करता था। मोहल्ला नसीराबाद निवासी लीलाधर, राजपाल, राजवीर व राजेश उसके व्यापार को अच्छा चलता देख चिराग से रंजिश रखने लगे थे। नामजद तहरीर के आधार पर इस पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। मंगलवार को पुलिस ने राजपाल को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

कवायद रक्षा बंधन पर शासन ने बहनों के लिए 24 घंटे तक निशुल्क कर थी रोडवेज सेवा

9983 महिलाओं ने रोडवेज बसों में की फ्री यात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शासन के निर्देश पर रक्षा बंधन पर 24 घंटे के लिए रोडवेज की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई थी। इसका महिलाओं ने भरपूर फायदा उठाया। जिले में 9983 महिलाओं ने रोडवेज की बसों में फ्री सफर किया। इसका किराया लगभग 10,19,721 रुपये हुआ।

रामपुर डिपो में 84 बसें हैं। यह दिल्ली, मुरादाबाद, हल्द्वानी के लिए चलती हैं। रक्षाबंधन के पर्व पर शासन ने महिलाओं के लिए निशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई थी। ताकि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं अपने भाइयों के घर जाकर राखी बांध सकें। इसके तहत देखते हुए 18 अगस्त की मध्यरात्रि से 19 अगस्त को रात 12 बजे तक महिलाओं के लिए रोडवेज में निशुल्क सफर रहा। जिले में 9983 महिलाओं ने रोडवेज की बसों में सफर करके भाइयों को राखी बांधी। इस तरह से परिवहन निगम ने महिलाओं को मुफ्त सफर कराने पर 10,19,721 रुपये खर्च किए।

रोडवेज बस। ● फाइल फोटो

रक्षा बंधन के मौके पर इस बार 9983 महिलाओं ने रोडवेज की बसों में निशुल्क सफर किया। शासन ने 24 घंटे के लिए महिलाओं को रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा कराने का आदेश दिया था। - दीप चंद्र, एआरएम

पुलिस परीक्षा देने वालों ने भी की निशुल्क यात्रा

शासन ने कुछ दिन पहले ही यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए तिथियां घोषित कर दी थीं। इस बार परीक्षा पांच दिन होनी है। तीन दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण तरह से निपट चुकी हैं। दो दिन की परीक्षा शेष है। लेकिन पहली बार शासन की ओर से परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए राहत दी गई है। परीक्षा देने जाने के लिए अभ्यर्थियों के लिए रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा कराई जा रही है। प्रवेश पत्र दिखाने पर अभ्यर्थियों को शून्य रुपये का टिकट दिया जा रहा है। सारा खर्च परिवहन निगम वहन कर रहा है।

आजम पर दर्ज एक और मामले में आज आ सकता है फैसला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सपा नेता आजम खां के आचार संहिता से जुड़े एक और मामले में बुधवार को फैसला आ सकता है। आजम खां वीसी के जरिए कोर्ट में पेश होंगे।

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में तत्कालीन एसडीएम सदर पीपी तिवारी ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था 29 अप्रैल 2019 को सपा नेता आजम खां ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए रजा डिग्री कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र में कार से पहुंच गए थे। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएएल मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आज फैसला आ सकता है।

दो पैन कार्ड मामले में 3 सितंबर को होगी सुनवाई

अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में मंगलवार को गवाह ऋषिपाल की गवाही पूरी हो गई। इस मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने तीन सितंबर की तारीख नियत की है। दो पैन कार्ड रखने के आरोप में अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को बरेली से आए गवाह ऋषिपाल की गवाही पूरी हो गई। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां की ओर से पैन कार्ड वाले मामले में गवाही के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। इसमें सुनवाई के लिए तीन सितंबर की तारीख नियत की गई है।

एक नजर

मेला देखने गए युवक की बाइक चोरी, दी तहरीर

सैफनी, अमृत विचार : चेहल्लुम का मेला देखने कर्बला गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई है। पुलिस को तहरीर दे दी है। नगर के मोहल्ला कादरी निवासी मोहम्मद हफीज ने थाने में दी तहरीर में बताया कि सोमवार को वह चेहल्लुम का मेला देखने अपने बच्चों को लेकर कर्बला पर गया था। उसने अपनी बाइक कर्बला के सामने स्थित खेत में खड़ी की थी। वहां पहले से ही काफी वाहन खड़े थे। कुछ देर बाद वह मेला देखकर वापस तो बाइक वहां नहीं थी। उसने अपनी बाइक इधर-उधर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं लग सका।

सिर पर बोतल मारकर युवक को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : शराब के नशे में युवक ने दुकानदार के बेटे के सिर पर बोतल मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के न्यू कृष्णा विहार निवासी जितेंद्र कुमार गुप्ता के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित रस्तोगी धर्मशाला के पास उनकी दुकान है। पड़ोस के घर में राहुल रस्तोगी किराए के मकान में रहता है। राहुल दुकान अक्सर के पास खड़े होकर शराब पीता है। मना करने पर कई बार मारपीट कर चुका है। 25 अगस्त को राहुल ने उनके बेटे दिनेश गुप्ता के सिर पर बोतल मार दी। इससे दिनेश घायल हो गया। पुलिस ने राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को लेकर हुई कार्यशाला

शाहबाद, अमृत विचार : मंगलवार को शाहबाद-आंवला मार्ग स्थित एक फार्म हॉउस में भाजपा की राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें जिलाध्यक्ष हंसराज सिंह पप्पू ने कहा कि सदस्यता ऑन लाइन माध्यम से ग्रहण कराई जाएगी। कार्यकर्ता दिए गए लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए काम करें। प्रत्येक शक्ति केंद्र पर जिम्मेदारी व लक्ष्य बांटकर अभियान को सफल बनाएं।

कृष्णा विहार में झांकी के साथ पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना। ● अमृत विचार

पुलिस लाइन स्थित मंदिर में मौजूद राज्यमंत्री, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जिले में निकलीं शोभायात्रा

रात 12 बजते ही भगवान श्री कृष्ण के जन्म लेने बाद हुई आरती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मंगलवार को पूरे जिले में जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गईं। शाहबाद में भगवान कृष्ण के स्वरूप ने कंस का वध किया। टांडा में श्री कृष्ण रासलीला का मंचन किया गया। बिलासपुर में आतिशबाजी की गई।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूरे जिले में धूमधाम और आस्था के साथ मनाई गई। इस दौरान मंदिरों को सजाया गया। रात 12 बजते ही कृष्ण भगवान के जन्म लेते ही भक्त खुशी से झूम उठे। इसके बाद मंदिरों में भजन गाए गए और आरती हुई। घरों में महिलाओं ने पूजा-अर्चना करके व्रत खोला। पुलिस लाइन में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई।

नगर समेत जिले के सभी मंदिरों में सजावट की गई और झांकियां सजाई गईं। रात 12 बजे मंदिरों और घरों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। मंगलवार को प्रसाद बांटा गया। लोगों ने मंदिरों में जाकर कान्हा के साथ फोटो भी खिंचवाए। पुलिस लाइन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना के आवास पर भी कार्यक्रम हुआ और विभिन्न प्रकार की झांकियां सजाई गईं।

परिवार के साथ पूजा-अर्चना करते पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

श्री कृष्ण को पालना झुलाते बच्चे।

पुलिस लाइन में बच्चे बने राधा-कृष्ण

रामपुर, अमृत विचार : रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मन्दिर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म दिवस (जन्माष्टमी) के उपलक्ष्य में सोमवार की देर रात कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रात 12 बजे पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राधा-कृष्ण के भजन-कीर्तन हुए। इस मौके पर राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के अलावा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी परिवार सहित मौजूद रहे। 12 बजे के बाद एसपी ने आरती की। इसके प्रसाद बांटा गया।

हाथी, घोड़ा, पालकी जय कन्हैया लाल की

स्वार, अमृत विचार : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की। मंदिरों व घरों में लड्डू गोपाल को झूला झूलाया। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिरों में देर रात तक भजन-कीर्तन हुए। सोमवार को देर रात तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों में घढ़ियाल एवं जयकारे गूंजते रहे। यह सिलसिला मंगलवार तड़के तक चलता रहा। लोगों ने उपवास रखकर भगवान श्री कृष्ण की विधि विधान से पूजा-अर्चना की। चंद्रमा को अर्घ्य देकर रात 12 बजे व्रत खोला। मोहल्ला खास स्वार स्थित प्राचीन बड़ा शिव मंदिर, चक स्वार स्थित शिव मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, पंजाबी कालोनी स्थित गीता मंदिर, मुख्य बाजार स्थित हिन्दू समाज कल्याण धर्मशाला हनुमान मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया।

फीता काटकर जुलूस का शुभारंभ करते पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर व अन्य।

सींगनखेड़ा में शोभा यात्रा का शुभारंभ करते थाना अध्यक्ष अजयपाल सिंह।

जन्माष्टमी के जुलूस में झांकियों ने मन मोहा

भक्तों ने मंदिरों में पूरी रात किए भजन-कीर्तन, निकाली झांकियां

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : मंगलवार को नगर जन्माष्टमी का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। इस दौरान झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। देर शाम कंस के पुतले का दहन किया गया। यहां मेले का आयोजन भी हुआ।

श्रीराम-कृष्ण दरबार सभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार की शाम तमाम पात्र ठाकुरद्वारा मंदिर से सुसज्जित होकर झांकियों के रूप में कोतवाली के गेट पहुंचे। यहां भाजपा के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर व अन्य गणमान्य लोगों ने फीता काटकर झांकियों को रवाना किया। बजरंग चौक, बंगाली तिराहा, नगर पंचायत कार्यालय, बिलारी बस स्टैंड होते हुए जुलूस जयतौली रोड स्थित बाबा जाहरवीर की समाधि पर पहुंचा। यहां श्रीकृष्ण के रूप में सजे पात्र ने कंस के पुतले का दहन किया। दहन स्थल पर लगे मेले में बच्चों ने जमकर मस्ती की। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल, भाजपा नेता सुरेश बाबू, एमएलसी के प्रतिनिधि महेश गुप्ता, मंजूलता शर्मा, सुशील अग्रवाल, केशव गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मयंक अग्रवाल, मनोज भारद्वाज, अमित चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे।

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : सींगनखेड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर झांकियां निकाली गईं। मंदिरों में पूरी रात हुए भजन-कीर्तन हुए। अजीमनगर थाना क्षेत्र के सींगनखेड़ा गांव में थाना अध्यक्ष अजयपाल सिंह और किसान सेवा केंद्र के सभापति महेंद्र सिंह लोधी ने झांकियों का शुभारंभ किया।

शिवालय से शुरू हुई शोभायात्रा पूरे गांव में घूमी। इसमें झूला झूलते श्रीकृष्ण, काली का अखाड़ा, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, बजरंग बली, कंस आदि की झांकियां शामिल रहीं। बैंडबाजे के साथ कलाकार धार्मिक धुन बजाते चल रहे थे। शोभायात्रा का फूल बरसा कर लोगों ने स्वागत किया। सुबह मंदिर पर भंडारा हुआ। शोभा यात्रा की सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान भी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रधान भूपेंद्र लोधी, जयवीर सिंह रावत, जयपाल सिंह, ओम प्रकाश लोधी, भूप सिंह, डॉक्टर पप्पू, जगन सागर एवं कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : क्षेत्र के कोयला गांव स्थित पंचायत भवन में भाजपाइयों की कार्यशाला हुई। इसमें जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी ने कहा कि सदस्यता अभियान पार्टी के विस्तार और जनाधार को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पार्टी नये सदस्यों को जोड़कर अपने विचारों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचा सकती है। इसलिए कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत लगा दें।

जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी ने नये सदस्यों को प्रशिक्षित करने के बारे में बताया। कहा कि यह अभियान सिर्फ संख्या बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि पार्टी के विचारों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का एक अवसर है। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष लालता प्रसाद, सुरेन्द्र कुमार लोधी, भूकन लाल प्रधान, अमर सिंह, सुन्दर लाल, गौरव पांडे, होरी लाल आदि मौजूद रहे।

कार्यशाला में मौजूद भाजपा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **अभियान को सफल बनाने के लिए लगाएं पूरी ताकत**

रामऔतार बने तहसील अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना ने संगठन का विस्तार करते हुए ग्राम दबका निवासी रामऔतार को तहसील सदर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज पर हो रहे अत्याचार, शोषण के खिलाफ आवाज उठाते हुए समाज की समस्या को ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगे। बाबा साहब के आदर्शों पर चलकर समाज को जागरुक करेंगे। इस अवसर पर दिनेश बाबू, सत्यपाल सिंह बादल, राजीव अंबेडकर, राजेश गौतम, राहुल कुमार, अशोक कुमार, दिव्यांशु आदि मौजूद रहे।

आंबेडकर पार्क में तहसील अध्यक्ष को मनोनयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

दिक्कत गली-मोहल्लों में लगे हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर हैं क्षेत्रवासी, घरेलू कार्य हो रहे प्रभावित

अल्लाह हू दादा के मजार क्षेत्र में 5 दिन से पानी नहीं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मोहल्ला अल्लाह हू दादा मजार टावर वाली गली में पांच दिन से पानी नहीं आने से लोग परेशान हैं। मोहल्लेवासी इसकी शिकायत नगर पालिका के अधिकारियों से भी कर चुके हैं। लोग गली-मोहल्लों में लगे हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर हैं।

शहरवासियों को शुद्ध पेयजल और निर्बाध रूप से आपूर्ति दिलाने के नगर पालिका के दावे हवा-हवाई हैं। शहर में किसी न किसी क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। इसके कारण लोगों को पेयजल आपूर्ति के लिए परेशान होना पड़ रहा है। नालापार के मोहल्ला अल्लाह हू दादा वाले क्षेत्र की आबादी 3000 से अधिक है। लेकिन इस क्षेत्र में 5 दिन से पेयजल आपूर्ति नहीं आने से लोगों का बुरा हाल है। महिलाओं को घरेलू कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई दिन पानी का प्रेशर काफी धीमा था। लेकिन अब वह भी बंद है। लोग परेशान हैं और पेयजल आपूर्ति को सुचारु नहीं कराया जा रहा है।

मजार अल्लाह हू दादा क्षेत्र में पाइप लाइन से रिसता पानी। ● अमृत विचार

ओवरहेड टैंक की सफाई कराई थी। इसलिए पानी की आपूर्ति बंद हुई थी। लेकिन अब क्यों बंद है, इसके लिए संबंधित से पूछा जाएगा।

-दुर्गेश्वर त्रिपाठी
ईओ, नगर पालिका परिषद

कभी पाइपलाइन लीकेज तो कभी ओवरहैड टैंक के वॉल्व में खराबी आ जाती है। इससे क्षेत्र में आए दिन पानी का संकट बना रहता है। लोग बहुत परेशान हैं। **- मोहम्मद परवेज**

मोहल्ले में पानी रुक-रुककर आता है। लेकिन 5 दिन से पानी बिल्कुल भी नहीं आ रहा है। इससे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। **- डॉ. जावेद**

मोहल्लेवासी पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। पानी नहीं आने से घरों में खाना भी नहीं बन पा रहा है। घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। **- मोहम्मद असलम**

गर्मी से लोग पहले ही परेशान हैं। दूसरी ओर पेयजल आपूर्ति नहीं मिलने से बच्चे का हाल-बेहाल है। अधिकारी शिकायतों का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। **- मोहम्मद रमजान**

नबी-ए-करीम पर टिप्पणी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

रामपुर, अमृत विचार : नबी-ए-करीम मोहम्मद मुसतफा (स.) की शान में गुस्ताखी करने वालों के खिलाफ अखिल भारतीय अल्पसंख्यक अधिवक्ता एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इसमें कहा है कि टिप्पणी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। गलत बयानबाजी की मुस्लिम समाज घोर निंदा करता है। जिलाध्यक्ष मोहम्मद रेहान खां के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसमें उनका कहना है कि पैगंबर की शान में की गई अपमानजनक टिप्पणी से विश्व के मुसलमानों में आक्रोश है। रामगिरी महाराज के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में अब्दुल जमील खां, मोहम्मद शाहवेज, अजीम अली, अकरम आदि मौजूद रहे।

उधर शाहबाद में तहरीक-ए-तहफ्फुज-ए-सुन्नियत के जिला सचिव मौलाना इमरान रजा खान कादरी की अगुवाई में लोग तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मुफ्ती निजामुद्दीन, मौलाना आफताब, हाफिज शहजाद, इरशाद, हाफिज शावेज, शावेज मियां, यासीन खां, साईम खां आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

श्रीकृष्ण का जन्म होते ही की आतिशबाजी

टांडा, अमृत विचार : विश्वनाथ मढ़ी मंदिर पर चल रही श्री कृष्ण रासलीला में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के प्रसंग का मंचन किया गया। झांसी, मथुरा और वृंदावन के कलाकारों ने श्री कृष्ण जन्म महोत्सव का मंचन किया। रात 12 बजे कृष्ण जन्माष्टमी के तुरंत बाद लोगों ने आतिशबाजी एवं पटाखे फोड़ कर भगवान का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष रामस्वरूप सैनी, केवल राम सैनी, दयाराम सैनी, करन सिंह सैनी, माखनलाल सैनी सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोरी गाकर लड्डू गोपाल को पालने में झुलाया

बिलासपुर, अमृत विचार : भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर देर रात तक मंदिरों में ढोल-मंजीरों की धुन पर भजन-कीर्तन हुआ। भक्तों ने मटकी फोड़ी और दही-मक्खन का प्रसाद ग्रहण किया। लड्डू गोपाल को लोरियां सुनाकर पालने में झुलाया। कृष्ण मुरारी के जन्मोत्सव पर मंदिरों में पूरे दिन विविध कार्यक्रम हुए। मंदिरों में मोर पंखों से सुसज्जित लड्डू गोपाल की पालने में सजी झांकी के दर्शनों को भक्तों की पूरे दिन भीड़ लगी रही। लड्डू गोपाल को माखन खिलाकर उन्हें पालना झुलाने को भक्तों में होड़ सी लगी रही। भक्तों ने उपवास पर रहकर पूरा दिन श्रीकृष्ण का पूजन करके बिताया। रात में पंचामृत, पंजीरी प्रसाद रूप में ग्रहण कर उपवास खोला। रात में 12 बजे प्रभु के आगमन पर आतिशबाजी छोड़ी गई। इस मौके पर चेतन पारुथी, विशाल शर्मा, पूजा शर्मा, दुष्यंत अग्रवाल, रवि गोयल सहित आदि लोग रहे।

फुटबाल लीग आज से शुरू

रामपुर, अमृत विचार : जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में पहली बार होने जा रही रामपुर चैंपियन फुटबॉल लीग का मंगलवार की शाम 5 बजे शुभारंभ किया जाएगा। लीग का पहला मैच रामपुर बनाम टांडा यूनाइटेड के मध्य गांधी स्टेडियम में खेला जाएगा। ओपनिंग मैच के मुख्य अतिथि डॉक्टर आमिर अली होंगे। यह जानकारी जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अनीस अहमद ने दी।

मंडलायुक्त को गुलदस्ता भेंट करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मंडलायुक्त का कार्यकाल बढ़ने पर जताया हर्ष

रामपुर, अमृत विचार : मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह का एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ने पर अखिल भारतीय जाटव महासभा ने हर्ष जताया। प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर ने कहा कि उन्होंने जनपद में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। रामपुर को नई पहचान दिलाने का काम किया है। उन्होंने समाजिक कार्यों में अहम योगदान दिया, जिसे लोग आज भी याद करते हैं। इस मौके पर पदाधिकारियों ने मंडलायुक्त को मिठाई खिलाई। इस अवसर पर अजीत गौतम, महावीर प्रसाद मौर्य, दिनेश सागर, यशपाल सिंह, शांति सरन सागर आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनामी किया गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : पटवाई पुलिस ने फरार चल रहे 25,000 रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पटवाई के रहने वाले कुछ आरोपी संगठित गिरोह बनाकर हत्या जैसे अपराधों में लिप्त थे। 2 अगस्त को प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ वर्मा ने दिनेश शर्मा व प्रथी सिंह निवासी ग्राम जादोपुर थाना शहजादनगर, ऊषा उर्फ भूरी और फिरासात निवासी ग्राम एचौरा थाना पटवाई तथा कौसर निवासी ग्राम दुगनपुर थाना मिलक के खिलाफ गैगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। दिनेश शर्मा व ऊषा पहले से ही जेल में बंद हैं। जबकि कौसर को 18 अगस्त और 25,000 रुपये के इनामी फिरासत को थाना पटवाई पुलिस ने 20 अगस्त को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने पृथी 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। मंगलवार को पटवाई पुलिस ने पृथी सिंह को मणि शिव मन्दिर ग्राम मदारपुर के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

सुबह 10 से शाम 5 बजे तक नहीं मिलेगी बिजली

बिलासपुर, अमृत विचार : मोहल्ला कायस्थान में एचटी लाइन के तारों को बदलने के चलते 28 से 30 अगस्त तक सुबह 10 से शाम 5 बजे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार प्रसाद ने बताया कि मोहल्ला कायस्थान में बिजनेस प्लान के तहत तारों की मरम्मत कराई जाएगी। इसके कारण सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी।

नारा-ए-हैदरी की सदाओं से गूंजी फिजा

बिलासपुर, अमृत विचार : खजुरिया थाना क्षेत्र में शहीदाने कर्बला के चेहल्लुम पर ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान नारा-ए-हैदरी से फिजा गूंज उठी। मंगलवार को क्षेत्र के गांव मंसूरपुर, अहरो, करसौला आदि में ताजियों का जुलूस निकाला गया। इमामबाड़े से शुरू हुए यह जुलूस कई स्थानों से घुमते हुए कर्बला पहुंचे और ताजियों को सुपुर्दे खाक किया गया। आजादारों ने मातम किया और लोगों में लंगर तकसीम किया गया। इसके अलावा कर्बला के मैदान में मेले का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर ताजिएदार नबी हसन मिस्त्री, गौसिया अहमद, नामे अली, मिराज अहमद, साबिर हुसैन, इदरीस अहमद, इंतजार अहमद, मोहम्मद हसन, पीर बख्श, नसीर अहमद, उमर अहमद आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार, एसएसआई कमलेश कुमार सिंह, उदय प्रताप, योगेश कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत देवापुर वि.ख. मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद

पत्रांक- मीमो/ग्राम पंचायत सचिव/सामग्री टेण्डर/2024-25 दिनांक 27.08.2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पं. देवापुर में 15वां वित्त एवं पंचम राज्य वित्त से अवमुक्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 28.08.24 से 04.09.24 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर में पंजीकृत ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा मोहरबंद लिफाफे में दिनांक 04.09.24 सायं 2:00 बजे तक ग्राम पं. कार्यालय पर प्राप्त की जायेगी तथा जिनको दिनांक 04.09.24 सायं 2 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा के साथ धरोहर की धनराशि एफडीआर/एनएससी/बैंक चैक के रूप में ग्राम पं. के नाम से जमा की जायेगी। सामग्री घट एवं बढ़ सकती है। निविदा से संबंधित सभी शर्तों में परिवर्तन का अधिकार ग्राम पं. का होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम	प्राक्कलन की धनराशि	धरोहर राशि	निविदा की धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	असलम के घर से सलीम के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य	M150 CLASS BRICKS, CEMENT, 2.25FM COARSE SAND, 40 MM BRICK BLAST, 20 MM STONE GRIT, CC TILES ETC	125000.00	2%	200	10 दिन
2	हरपाल के घर से मुख्य सड़क तक सीसी व नाली निर्माण कार्य		480000	2%	200	10 दिन
3	इसराईल के घर से इकलास के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य		56000	2%	200	10 दिन
4	सब्बु के घर से मल्लू के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य		243000	2%	200	10 दिन
5	नब्बी के घर से इंतजार के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य		660000	2%	200	10 दिन
6	समी हाजी के घर सफी अहमद के घर तक सीसी व नाली निमार्ण कार्य		200000	2%	200	10 दिन
7	शाकिर के घर से कब्रिस्तान तक सीसी व नाली निर्माण कार्य		400000	2%	200	10 दिन
8	आरिफ के घर से असलम/सलीम के घर तक सीसी व नाली निर्माण		620000	2%	200	10 दिन
9	नाजिम के घर से अहमद के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य		760000	2%	200	10 दिन
10	तैलीयों वाले चौराहे से सरकारी स्कूल तक सीसी व नाली निर्माण कार्य		900000	2%	200	10 दिन
11	समुदायिक शौचालय में मरम्मत कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	200000	2%	200	10 दिन
12	कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	400000	2%	200	10 दिन
13	रेलवे लाईन से वाहिद के घर तक खड़ंजा व पुलिया निर्माण कार्य	M150 class Bricks, Cement, 2.25FM coarse sand, 40 MM brick blast, 20 MM stone grit etc	200000	2%	200	10 दिन
14	इदरीश के खेत से रेलवे लाईन तक खड़ंजा व पुलिया निर्माण कार्य		250000	2%	200	10 दिन
15	देवापुर में राम किशोर के खेत से कब्रिस्तान तक खड़ंजा व पुलिया निर्माण कार्य		440000	2%	200	10 दिन

1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

सचिव/ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवापुर
विकास खण्ड मूढ़ा पांडे, मुरादाबाद

तत्कर्म यत्र बंधाय सा विद्या सा विमुक्तये।
आयासायापर कर्म विद्यानय शिल्पनैपुणम्।।

कर्म वही है जो बंधन का कारण न हो और विद्या भी वही है जो मुक्ति की साधिका हो। इसके अतिरिक्त और कर्म तो परिश्रमरूप तथा अन्य विधाएं कला कौशल मात्र ही हैं।

संपादकीय

मानवीय समर्थन की सराहना

आज वैश्विक समुदाय जिन महत्वपूर्ण मुद्दों का सामना कर रहा है, उनमें भारत प्रमुख स्थान रखता है। भारत ने कुशलता से अमेरिका-रूस संबंधों के खराब दौर में भी खुद को सुरक्षित रखा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की और यूक्रेन के लिए शांति के संदेश एवं मानवीय समर्थन के लिए उनकी सराहना की। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए क्वाड जैसे क्षेत्रीय समूहों सहित अन्य मंचों के जरिये मिलकर काम करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा को कूटनीतिक संतुलन बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले बाइडन प्रशासन ने पिछले महीने उनकी रूस यात्रा की आलोचना की थी और कई पश्चिमी देशों ने इस पर नाराजगी जताई थी। बाइडन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए भारत और अमेरिका के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। साफ है कि बाइडेन अपनी कूटनीति की धार हिंद-प्रशांत में तेज करना चाहते हैं।

रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर हमला किया था। तब से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है। संयुक्त राष्ट्र ने 10,000 से अधिक नागरिकों की मौत की पुष्टि की है, लेकिन वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक होने की संभावना है। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा था कि यूक्रेन और रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए एक साथ बैठना चाहिए और भारत शांति बहाल करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। भारत एक ऐसा देश है जो वैश्विक राजनीति के शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है, भले ही उसे इसके लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हो। यूक्रेन की यात्रा पश्चिम और पश्चिम से बाहर सभी को यह दिखाने की रणनीति का हिस्सा रही कि भारत सभी से बात करने के लिए तैयार है। यह देखना महत्वपूर्ण है अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली में भारत की उभरती भूमिका,वैश्विक व्यवस्था की मजबूती और स्थायित्व में भारत के बढ़ते योगदान को किस तरह से देखा जा रहा है? अमेरिका को ये एहसास हो गया है कि बढ़ते हुए चीन का मुकाबला करने के लिए भारत के साथ सहयोग में बढ़ोतरी आवश्यक है क्योंकि चीन पहले से ही क्षेत्रीय स्तर पर और उसके आगे अपने महत्वपूर्ण आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर रहा है। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों की सामरिक स्थिति इन सवालों पर विचार करने के लिए एक नजर प्रदान करती है।

बाजार में खेल, खेल का बाजार

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ दशक पहले तक स्कूलों में राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज जैसे आयोजन होते थे, जिसमें दौड़, लंबी कूद, चक्का फेंक जैसी प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रमाण पत्र व 'सितारे' मिलते थे। वे प्रतियोगिताएं स्कूल स्तर, फिर जिला स्तर और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर तक होती थीं।

यह कटु सत्य है कि विजेता खिलाड़ियों पर जिस तरह से लोग पैसा लुटाते हैं असल में यह उनका खेल के प्रति प्रेम या खिलाड़ी के प्रति सम्मान नहीं होता, यह तो महज बाजार में आए एक नए नाम पर निवेश होता है। क्रिकेट की बानगी सामने है, जिसमें ट्रेनिंग से लेकर आगे तक कारपोरेट घरानों का सहयोग व संलिप्तता है। हमारे यहां बच्चों के लिए, शिक्षा के लिए किए जा रहे काम को जिम्मेदारी से ज्यादा धर्मार्थ का काम माना जाता है और तभी स्कूलों, हॉस्टल, खेल मैदान, खिलाड़ियों की दुर्गति, स्कूली टूर्नामेंट स्तर पर खिलाड़ियों को ठीक से खाना तक नहीं मिलना जैसी बातों को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता। हुक्मरान समझते हैं कि ''इतना कर दिया वह कम है क्या''।

यह हर बार होता है कि जब ओलंपिक या कोई अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धा समाप्त होती हैं और भारत के खिलाड़ी अपेक्षा से बहुत कम सफलता के बाद लौटते हैं तो आलोचना, व्यंग्य, व्यवस्था में सुधार की मांग और सुझाव का एक हफ्ते का दौर चलता है और फिर सब कुछ पुराने ढर्रे पर आ जाता है। खिलाड़ी को न सुविधा, न सम्मान,जो सफल होकर आए उन्हें झोली भर-भर कर पुरस्कार और व्यावसायिक विज्ञापन भी ,लेकिन सफलता पाने को मेहनत करने वालों को न्यूनतम सहयोग भी नहीं। सफल खिलाड़ी व तैयारी कर रहे प्रतिभावान खिलाड़ी के बीच की इस असीम दूरी की कई घटनाएं आए रोज सामने आती हैं। उसके बाद वही संकल्प दुहराया जाता है कि ''कैच देम यंग'' और फिर वही खेल का 'खेल' शुरू हो जाता है।

एरिक प्रभाकर! यह नाम कई के लिए नया हो सकता है,लेकिन अगर आप भारतीय ओलंपिक के इतिहास को खंगालेंगे तो इस नाम से भी परिचित हो जाएंगे। 23 फरवरी 1925 को जन्मे प्रभाकर ने 1948 में लंदन ओलंपिक में भारत की तरफ से 100 मीटर फर्राटा दौड़ में हिस्सा लिया था। उन्होंने 11.00 सेकेंड का समय निकाला और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। महज शुरू दशमलव तीन सेकेंड से वे पदक के लिए रह गए थे। हालांकि सन 1944 में वे 100 मीटर के लिए 10.8 सेकंड का बड़ा रिकार्ड बना चुके थे। वे सन 1942 से 48 तक लगातार छह साल 100 व 400 मीटर दौड के राष्ट्रीय चैंपियन रहे थे। उस दौर में अर्थशास्त्र में एमए, वह भी गोल्ड मेडल के साथ, फिर आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए रोड्स फेलोशिप पाने वाले पहले भारतीय, यही नहीं आजाद भारत की पहली आईएएस में चयनित श्री एरिक प्रभाकर की किताब 'द वे टु एथलेटिक्स गोल्ड' सन 1994 में आई थी व बाद में उसका हिंदी व कई अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद नेशनल बुक ट्रस्ट ने छापा।

काश हमारे खेल महकमे में से किसी जिम्मेदार ने उस पुस्तक को पढ़ लिया होता। उन्होंने बहुत बारीकी से और वैज्ञानिक तरीके से समझाया है कि भारत में किस तरह से सफल एथलीट तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने इसमें भौगोलिक स्थिति, खानपान चोटों से बचने आदि के बारे में भी अच्छी तरह से बताया है। भारतीय खेलों के कर्ताधर्ताओं हो सके तो कभी यह किताब पढ़कर उसमें दिए गए उपायों पर अमल करने की कोशिश करना। यदि वह पुस्तक हर खिलाड़ी, हर कोच, प्रत्येक खेल संघ के सदस्यों को पढ़ने और उस पर ईमानदारी से मनन करने को दी जाए तो मैं गारंटी से कह सकता हूं कि परिणाम अच्छे निकलेंगे।

कुछ दशक पहले तक स्कूलों में राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज जैसे आयोजन होते थे, जिसमें दौड़, लंबी कूद, चक्का फेंक जैसी प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रमाण पत्र व 'सितारे' मिलते थे। वे प्रतियोगिताएं स्कूल स्तर, फिर जिला स्तर और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर तक होती थीं। तब निजी स्कूल हुआ नहीं करते थे या बहुत कम थे और कई बार स्कूली स्तर पर राष्ट्रीय रिकार्ड के करीब पहुंचने वाली प्रतिभाएं भी सामने आती थीं, जिनमें से कई आगे जाते थे। ऐसी प्रतिभा खोज की नियमित पद्धति अब हमारे यहां बची नहीं है, लेकिन चीन, जापान के अनुभव बानगी हैं कि ''केच देम यंग'' का अर्थ है कि सात-आठ साल से कड़ा परिश्रम, सपनों का रंग और तकनीक सिखाना। चीन की राजधानी बेइपिंग में ओलंपिक के लिए बनाया गया 'बर्डनेस्ट स्टेडियम' का बाहरी हिस्सा पर्यटकों के लिए है, लेकिन उसके भीतर सुबह छह बजे से आठ से दस साल की बच्चियां दिख जाती हैं। वहां स्कूलों में खिलाड़ी बच्चों के लिए शिक्षा की अलग व्यवस्था होती है,ताकि उन पर परीक्षा जैसा दवाब न हो। जबकि दिल्ली में स्टेडियम में सरकारी कार्यालय व सचिवालय चलते हैं। कहीं शादियां होती हैं। महानगरों के सुरसामुखी विस्तार, नगरों के महानगर बनने की लालसा, कस्बों के शहर बनने की दौड़ और गांवों के कस्बे बनने की होड़ में मैदान, तालाब, नदी बच नहीं रहे हैं,जहां स्वाभाविक खिलाड़ी उन्मुक्त प्रेक्टिस किया करते थे। मैदान कंक्रीट के जंगल के उदरस्थ हुए तो खेल का मुकाम क्लब या स्टेडियम में तब्दील हो गया। वहां जाना,वहां की सुविधाओं का इस्तेमाल करना आमोखास के बस की बात होता नहीं। फिर खेल एशोसिएसन की राजनीति तो है ही। हाल के पेरिस ओलंपिक में ऐसे राज्यों से भी दो-दो लोग गए,जहां से कोई खिलाड़ी ही नहीं गया। सैंकड़ाभर से ज्यादा गैर खिलाड़ियों के दल ने कर दिया है। यह कटु सत्य है कि विजेता खिलाड़ियों पर जिस तरह से लोग पैसा लुटाते हैं असल में यह उनका खेल के प्रति प्रेम या खिलाड़ी के प्रति सम्मान नहीं होता, यह तो महज बाजार में आए एक नए नाम पर निवेश होता है। क्रिकेट की बानगी सामने है, जिसमें ट्रेनिंग से लेकर आगे तक कारपोरेट घरानों का सहयोग व संलिप्तता है। हमारे यहां बच्चों के लिए,शिक्षा के लिए किए जा रहे काम को जिम्मेदारी से ज्यादा धर्मार्थ का काम माना जाता है और तभी स्कूलों, हॉस्टल, खेल मैदान, खिलाड़ियों की दुर्गति, स्कूली टूर्नामेंट स्तर पर खिलाड़ियों को ठीक से खाना तक नहीं मिलना जैसी बातों को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता। हुक्मरान समझते हैं कि ''इतना कर दिया वह कम है क्या''। मुल्क का हर बच्चा भलीभांति विकसित हो,शिक्षित हो,उसकी प्रतिभा को निखरने का हरसंभव परिवेश मिले, यह देश के लिए अनिवार्य है, न कि इसके लिए किए जा रहे सरकारी बजट का व्यय या कोई दया। यह भाव जब तक पूरी मशीनरी में विकसित नहीं होगा, हम बालपन में उर्जावान, उदीयमान और उच्च महत्वाकांक्षा वाले बच्चों को सही ऊंचाई तक नहीं ले जा पाएंगे। अब समाज को ही अपनी प्रतिभाओं को तलाशने, तराशने का काम अपने जिम्मे लेना होगा। किस इलाके की जलवायु कैसी है और वहां किस तरह के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं इस पर वैज्ञानिक तरीके से काम हो। जैसे कि समुद्र के किनारे वाले इलाकों में दौड़ने का स्वाभाविक प्रभाव होता है। पूर्वोत्तर में शरीर का लचीलापन है तो वहां जिम्नास्टिक, मुक्केबाजी पर काम हो। झारखंड व पंजाब में हाकी। ऐसे ही इलाकों का नक्शा बनाकर प्रतिभाओं को उभारने का काम हो।

जिला स्तर पर समाज के लोगों की समितियां, स्थानीय व्यापारी और खेल प्रेमी ऐसे लोगों को तलाशे। इंटरनेट की मदद से उनके रिकार्ड को आंकड़ों के साथ प्रचारित करें। हर जिला स्तर पर अच्छे एथलेटिक्स के नाम सामने होना चाहिए। वे किन प्रतिस्पर्द्धाओं में जाएं उसकी जानकारी व तैयारी का जिम्मा जिला खेल कमेटियों का हो। बच्चों को संतुलित आहार, खेलने का, माहौल, उपकरण मिलें, इसकी पारदर्शी व्यवस्था हो और उसमें स्थानीय व्यापार समूहों से सहयोग लिया जाए। सरकार किसी के दरवाजे जाने से रही, लोगों को ही ऐसे खिलाड़ियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने के प्रयास करने होंगे। सबसे बड़ी बात जहां कहीं भी बाल प्रतिभा की अनदेखी होती दिखे, उसके खिलाफ जोर से आवाज उठानी होगी।

प्रसंगवश

नारायण का नर रूप

धर्मगत नीति और नीतिगत धर्म के अनेक उदाहरण महाभारत में है, जिसे कृष्ण ने समाज और व्यक्ति का मार्गदर्शन किया। एक महत्वपूर्ण प्रसंग अश्वत्थामा के मणिहरण के पश्चात उन्हें छुड़ा देना और युगों तक प्रायश्चित करने के लिए बाध्य होना भी है। कृष्ण ने अपने धर्मपरायणता की परीक्षा भी दी।

मृत बालक के रूप में जन्मे परीक्षित को जीवित करने के लिए उन्होंने अपने धर्म को दांव पर लगाते हुए उद्घोषित किया कि यदि मैंने आजन्म कभी धर्म का व सत्य का अतिक्रमण न किया हो तो यह बालक जी उठे। कृष्ण ने परीक्षित के जीवन के लिए अपना सत्य और धर्म न्यौछावर कर दिया। महाभारत के युद्ध में मोहग्रस्त पार्थ के सारथी के रूप में आत्मा की अमरता एवं निष्काम कर्मयोग का ऐसा पाठ पढ़ाया की गीता ऐसा कालजयी ग्रंथ बन जाता है,जो हर काल में प्रतिक्षण महाभारत में जूझते मानव के लिए मार्गदर्शक हो जाता है। परमात्मा होकर भी यज्ञ का ऐसा विनयी पुरुष जो अतिथियों का पादप्रक्षालन चुनता है। कर्षण करने वाला कृष्ण समूचे युग का चित खींचता रहता है,क्योंकि वह परात्पर तत्व है- कृष्णात्परं किमपि तत्वमहं न जाने। यह मधुसूदन सरस्वती का उपदेश अपने भक्तों के लिए है, जिनके बारे में कहा जाता है,उन्हें कृष्ण का साक्षात्कार हुआ था ,इसका अर्थ है कि श्रीकृष्ण से परे कोई तत्व है यह मैं नहीं जानता।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

गीता में कृष्ण ने कहा मैं समासों में द्वंद्व समास हूं,जो दो अलग-अलग संज्ञाओं को संयुक्त करने वाला है ,जो विपरीत ध्रुवों,विपरीत आवेशों को जोड़कर एक अन्य संभावना विकसित कर देता है। वस्तुतः कृष्ण तत्व पदार्थ को प्राण से तथा जीव को जगत से जोड़ता है। ऋग्वेद में एक मंत्रदृष्टा ऋषि के रूप में कृष्ण का उल्लेख कई मंत्रों में मिलता है,जिसे अंगिरस कृष्ण कहा गया है। छान्दोग्य उपनिषद् में इस ऋषि को देवकी नंदन कृष्ण के साथ जोड़ा जाता है। ऋग्वेद के मंत्रों में राधा और ब्रज का भी उल्लेख मिलता है। समाजवादी चिंतक डा राममनोहर लोहिया की दृष्टि में कृष्ण ऐसे महानायक हैं,जिन्होंने भारत में पूर्वऔर पश्चिम की संस्कृति और राजनीती का एकीकरण किया। देश की एकता अखंडता के लिए तमाम सत्ताकेंद्रों को ध्वस्त करके एक सत्ताकेंद्र कुरु में स्थापित किया द्वारिका में नहीं।

भारत के प्राचीन साहित्य में चंद्रमा

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सूर्य-चंद्र नाम के दो दानव भी थे। यह ठीक है कि चंद्रमा एक ग्रह पिंड है और उसका एक नाम सोम भी है। आठ वसुओं में सोम नाम का भी एक वसु था।

विश्व में प्रत्येक मानव समुदाय ने अपने सामाजिक मूल्यों की मर्यादा के लिए एक ईश्वर वाणी की प्रतिष्ठा की है। वह वेद और गीता हो या कुरान और बाइबिल हो, अवेस्ता हो अथवा गुरुग्रंथ साहब हो। ईश्वर वाणी का अर्थ है, शाश्वत और पूर्ण की वाणी। पूर्ण और शाश्वत क्या है,इसे मनुष्य अभी भी नहीं जान सका है। किसी दिन जान सकेगा, इस भावना का नाम आशा है। पूर्ण और शाश्वत को हम नहीं जानते,किंतु पूर्ण और शाश्वत की अवधारणा मनुष्य ने अवश्य विकसित की है। जब हम किसी ग्रंथ को शाश्वत और पूर्ण मान लेते हैं,तब यह कल्पना करना बहुत स्वाभाविक है कि वह ज्ञान पूर्ण और शाश्वत है। वेदों में विज्ञान था, यह उतना ही सच है, जितना यह कि हमारा पुरखा बीज-पुरुष था और हम उसकी संतान हैं ,मनुष्यता की समस्त संभावनाएं उस बीज में थीं और हैं। वेद आदि शास्त्रों में चन्द्रमा का भी वर्णन है।

सबसे पहली बात यह कि अज्ञात की पहचान ज्ञात बिंबों से की जाती है। आकाश की पहचान धरती के बिंबों के आधार पर की गई है। आकाश के ग्रह नक्षत्रों का नामकरण धरती पर मनुष्य के परिवेश और जीवन के आधार पर हुआ है। उदाहरण के लिए राशियों के नाम मेष, वृष, मिथुन, कर्क , सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ मीन । भेड़ से लेकर मछली तक के ये सारे बिंब धरती के हैं। सत्ताईस नक्षत्रों के नामकरण रोहिणी इत्यादि तथा सूर्य-चंद्र आदि ग्रहों के नामकरण भी धरती के उन लोगों के नाम के आधार पर हुए, जैसे उत्तर दिशा में ध्रुव है तो ध्रुव एक राजा था, उत्तानपाद का बेटा, जिसने अपनी बाल्यावस्था में बहुत कठिन तपस्या की थी। किस प्रकार से विमाता के द्वारा उसका तिरस्कार हुआ और वह घर से निकल पड़ा, मधुबन में जाकर उसे नारद मिले,नारद की प्रेरणा से उसने साधना की। इसी प्रकार से सात ऋषियों के नाम पर उन सात नक्षत्रों का नामकरण हुआ, जिसमें एक छोटा तारा अरुंधति के नाम का भी है। इसी प्रकार एक त्रिशंकु राजा था और दूसरे दूसरे जो राजा अथवा ऋषि थे उनके नाम के आधार पर आकाश के ज्योति-पिंडों का नामकरण किया गया। देवगुरु वृहस्पति तथा दैत्य गुरु शुक्राचार्य के नाम पर भी ग्रहों के नाम हैं। यहां यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो जाती है कि आकाश के ज्योतिपिंडों के नाम हैं, वे आकाश के नाम बाद में हैं, पहले वे धरती के नाम हैं, क्योंकि अज्ञात की व्याख्या ज्ञात से की जाती है तो सूर्य और चंद्रमा नाम भी पहले धरती के हैं। प्राचीन भारतीय साहित्य में चंद्रमा नाम के कई पात्र या चरित्र मिलते हैं।

सूर्य-चंद्र नाम के दो दानव भी थे। यह ठीक है कि चंद्रमा एक ग्रह पिंड है और उसका एक नाम सोम भी है। आठ वसुओं में सोम नाम का भी एक वसु था। सोम एक लता का भी नाम है। चंद्रमा अत्रि का बेटा था एक ऋषि था और समुद्र के मंथन से प्राप्त एक रत्न का नाम भी चंद्रमणि था। वैसे भारत में चंद्र नाम से पर्वत, नदी और सरोवरों के नाम भी मिलते हैं। चंद्रमा देवता तो है ही, प्रकृति के सभी करण और उपकरण देव माने गये थे- वायु, अग्नि, जल आदि। आकाश की खोज करने वाले जो ऋषि मुनि थे,उन्होंने जो भी साधन उस समय उपलब्ध थे, उनके आधार पर खगोल गणित का विकास किया था और उन्होंने जो गणित आविष्कृत की,वह आज भी अप्रामाणिक सिद्ध नहीं हो सकी है। उनकी जो काल-गणना है,वह ग्रह-नक्षत्र की गति के आधार पर ही की गई थी,जिसे पंचांग कहा जाता है। वाराह मिहिर, आर्यभट्ट, महर्षि पराशर, भास्कराचार्य, कमलाकर भट्ट ,कश्यप , देवल गर्ग गणेश दैवज्ञ आदि बहुत से ऋषियों के नाम मिलते हैं ,जो ग्रह-गति के जानकार थे।

वाराही-संहिता में उल्लेख मिलता है कि आकाशीय चंद्रमा का धरातल सूर्य की आभा से आधा प्रकाशित होता है और आधा छाया में होने के कारण अंधकार में रहता है। सिद्धांतकारों ने अपनी बात समझाने के लिए धूप में रखे हुए घड़े का उपमान दिया है,चंद्रमा के आधे भाग को अंधकार में बताने के लिए यह भी कहा कि बाहर रखे हुए शीशे से प्रतिबिंबित होकर सूर्य की किरणें भीतर किसी अंधेरी कोठी को प्रकाशित करती हैं, इसी तरह चंद्रमा से प्रतिक्षिप्त सूर्य की मूर्छित किरणें रात्रि में भूमि पर चांदनी बिखेरती हैं। अपने अनुमान के आधार पर ज्योतिर्विदों ने कहा था कि चंद्रमा के अनेक वर्ण हैं, उसको भस्म के समान वर्ण वाला, रूक्ष वर्ण वाला, किरण-हीन तथा श्यामवर्ण बतलाया गया हैं। भारतीय खगोलविदों ने उस जमाने के माप-योजन के आधार पर दूरी का भी अनुमान किया था। उन ऋषियों ने समुद्र में उठने वाली ऊंची-ऊंची तरंगों के साथ चंद्रमा की गति के संबंध को लक्षित किया था। चन्द्रमा की सुंदरता और आल्हादकता से मुग्ध होकर उन्होंने कहा -चंद्रमा मनसो जातः।

सोशल फोरम

जनरल बोगी और क्रीमी लेयर

अगर आपने कभी ट्रेन की जनरल बोगी में सफर किया होगा तो ही आप समझ सकते हैं कि ये सफर कैसे किया जाता है। जनरल बोगी में घुसने के लिए कोई जरा सी भी जगह देने को तैयार नहीं होता,लेकिन आप भी पूरी तैयारी के साथ आए रहते हैं। किसी तरह धक्का-मुक्की कर जगह बनाते हुए आप दरवाजे के करीब खड़े होने लायक गुंजाइश निकाल लेते हैं या फिर आपातकालीन खिड़की के रास्ते सीधे प्रवेश पा ही लेते हैं।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

ट्रेन चल पड़ती है। अब जिस सीट पर तीन लोगों की जगह है,वहां लोग जबरदस्ती जगह बनाते हुए छह सात की गुंजाइश निकाल ही लेते हैं। इतना सब करने के दौरान आपको ये ताना सुनने को जरूर मिलता है कि क्या भाई आप तो सर पर ही चढ़े आ रहे हो। आप किसी तरह चिरौरी करते हुए बस थोड़ा सा सरकने का अनुरोध करते-करते अपने लिए जगह बना ही लेते हैं। अब यहां तक तो सब ठीक होता है। जहां थोड़ी देर पहले तक आप पहले से चढ़े लोगों के लिए बाहरी थे,विजातिय थे। वहीं ट्रेन चलने के थोड़ी देर के वार्तालाप के बाद आप स्वजातीय हो जाते हैं। यानी आप अब उस बोगी के समूह द्वारा स्वीकार किए जा चुके हैं। अब आप भी बोगी के भीतर के समूह का ही एक हिस्सा हो चुके हैं। अब अगले स्टेशन पर फिर वही स्थिति उत्पन्न होती है। अब कोई नया व्यक्ति ट्रेन में घुसने के लिए पूरा जोर लगा रहा है और भीड़ उसे जगह नहीं दे रही है। हो सकता है कि वो नया व्यक्ति अंदर घुस आपसे सीट मांगे आपसे थोड़ी चिरौरी करे। तब ये पक्का है कि आप भी वही पुराना डॉयलाग मारेंगे।

अब आप इस ट्रेन की बोगी की तुलना एससी, एसटी पर सुप्रीम कोर्ट के क्रीमी लेयर वाले निर्णय से कीजिए। बोगी के अंदर बैठे लोग क्रीमी लेयर वाले हैं और जमीन पर बैठे या घुसने के लिए संघर्ष करने वाले। आंकड़ों के अनुसार देश मे एससी, एसटी की कुल जातियों में में कुछ को ही आरक्षण का लाभ मिला है। बाकी अधिकतर इससे वंचित हैं, लेकिन समस्या ये है कि वंचितों को हक उनके अपने बंधु ही नहीं देना चाहते।

-फेसबुक वॉल से

उत्सवधर्मिता भारत की सनातन परंपरा के प्रतीक श्रीकृष्ण

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रत्येक आयाम सहज और सरल मालूम होता है,पर बाल्यावस्था से लेकर अर्जुन को अपने विराट रूप के दर्शन कराने तक उनकी समस्त लीलाएं हमारा मार्गदर्शन करती हुईं विषमताओं से सामंजस्य स्थापित करना सिखाती हैं। छांदोग्य उपनिषद, महाभारत महाकाव्य और भागवत पुराण के अनुसार उनकी जीवन यात्रा को बाल्यकाल, युवावस्था का मैत्रीभाव, गृहस्थ जीवन, गीता का उपदेशक और संन्यासी के रूप में बांटकर सुगमता से समझा जा सकता है।

कृष्ण का मतलब है, जो चराचर जगत के सभी प्राणियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसलिए सृष्टि का कण-कण कृष्ण की ओर आकर्षित होता है। कृष्ण अकेले हैं,जो सोलह कलाओं से परिपूर्ण परमपुरुष हैं, इसलिए सृष्टि के समस्त रूप-रंग और आकार-प्रकार कृष्ण में समाए हुए हैं। सनातन संस्कृति की अवतारी परपंरा में कृष्ण अकेले हैं,जो दुखों के महासागर में हंसते-गाते-नाचते द्वीप की तरह हैं। उत्सवधर्मिता भारत की सनातन परंपरा है,उत्सव भारतीय जनमानस की जीवनशैली का अहम हिस्सा है। कृष्ण की समस्त लीलाएं यानी जन्म से लेकर देह-विसर्जन तक प्रेम और उत्सव पर आधारित हैं।

देवताओं के ऋषि सांदीपनि हैं। वे भगवान कृष्ण, बलराम और सुदामा के गुरु थे। उन्हीं के आश्रम में श्रीकृष्ण ने वेद और योग की शिक्षा और दीक्षा के साथ ही 64 कलाओं की शिक्षा ली। भगवान जब यहां आए तब उनकी उम्र महज 11 वर्ष 7 दिन थी। वे यहां 64 दिनों तक ही रहे। इन 64 दिनों में उन्होंने 64 विद्याएं सीखीं। इन 64 दिनों में उन्होंने 16 दिन में 16 कलाएं, 4 दिन में 4 वेद, 6 दिन में 6 शास्त्र, 18 दिन में 18 पुराण, 20 दिन में गीता का ज्ञान प्राप्त किया था। श्रीकृष्ण का ज्ञान अखंड था। सनत्कुमार के जिस प्रश्न का उत्तर स्वयं ब्रह्मा भी न दे सके,उसका समाधान श्रीकृष्ण ने किया। श्रीकृष्ण ने अपने गुरु की ज्ञानोपदेश करने की आज्ञा का अच्छी तरह से पालन किया। अर्जुन श्रीकृष्ण को अपना गुरु मानते थे। जब अर्जुन ने कहा कि 'भगवन्! मैं उलझन में पड़ गया हूं। आप मुझे ज्ञान दीजिए।' तब भगवान श्रीकृष्ण ने मोहजाल में फंसकर निर्जीव पड़े अर्जुन को गीतारूपी 'दुग्धामृत' का जो पान कराया उससे अर्जुन के हृदय के सारे विकार कपूर की तरह उड़ गए और उसे अपने कर्तव्य का ज्ञान हो गया। जब भगवान ही स्वयं उपदेशक हों वहां मनुष्य के मोह, अज्ञान आदि विकार रह ही कैसे सकते हैं?

श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रत्येक आयाम सहज और सरल मालूम होता है, पर बाल्यावस्था से लेकर अर्जुन को अपने विराट रूप के दर्शन कराने तक उनकी समस्त लीलाएं हमारा मार्गदर्शन करती हुईं विषमताओं से सामंजस्य स्थापित करना सिखाती हैं। छांदोग्य उपनिषद, महाभारत महाकाव्य और भागवत पुराण के अनुसार उनकी जीवन यात्रा को बाल्यकाल, युवावस्था का मैत्रीभाव, गृहस्थ जीवन, गीता का उपदेशक और संन्यासी के रूप में बांटकर सुगमता से समझा जा सकता है।

कृष्ण द्वारा कंस का वध अहंकार पर विजय प्राप्ति का प्रतीक है। जब व्यक्ति हर तरह के अहं का विसर्जन कर देता है तो उसके हृदय में विनयशीलता और दयालुता स्थापित हो जाती है। कृष्ण को प्रायः मुरलीधर के रूप में दिखाया जाता है। मुरली को हर वक्त श्रीकृष्ण अपने संग रखते हैं। मुरली आंतरिक रूप से खाली है और उसमें आठ छिद्र भी हैं। यह इस बात का परिचायक है कि जब हमारा अंतःकरण निर्मल और पारदर्शी हो जाता है तो ईश्वरीय कृपा की अनुभूति होने लगती है। गीताकार के रूप में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा,'ज्ञानी पुरुष कर्मफल की इच्छा का परित्याग करते हुए कर्म करता है और समस्त प्रकार के बंधनों से मुक्त होकर आध्यात्मिक आनंद को प्राप्त करता है।'

श्रीकृष्ण अर्जुन को निमित्त मानकर जनसाधारण को संदेश देते हैं,'अर्जुन! सृष्टि में ज्ञान से श्रेष्ठ कोई दूसरी वस्तु नहीं है और ज्ञान प्राप्ति के लिए श्रद्धा, आस्था और आत्मसंयम को धारण करना अनिवार्य है।' कृष्ण सदैव कर्म के प्रति प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं। वह कोई निजी हित साधने या व्यक्तिगत लाभ उठाने के लिए कर्म से प्रेरित नहीं होते। इसलिए अर्जुन के माध्यम से समस्त संसार को कर्मफल की चिंता से मुक्ति का संदेश देते हैं। उपनिषदों अनुसार 16 कलाओं से युक्त व्यक्ति ईश्वरतुल्य होता है। चंद्रमा के प्रकाश की 16 अवस्थाएं हैं उसी तरह मनुष्य के मन में भी एक प्रकाश है। मन को चंद्रमा के समान ही माना गया है, जिसकी अवस्था घटती और बढ़ती रहती है। चंद्र की इन सोलह अवस्थाओं से 16 कलाओं का चलन हुआ। व्यक्ति का देह को छोड़कर पूर्ण प्रकाश हो जाना ही प्रथम मोक्ष है। श्रीकृष्ण 16 कलाओं से युक्त पूर्ण अवसर थे।

पलटने का चौका

कुशल शासक के संकल्पों और निर्णयों में दृढ़ता होनी चाहिए। केन्द्र की मोदी सरकार अपने पिछले कार्यकाल तक इस सिद्धांत पर पूरी तो नहीं, किंतु काफी कुछ खरी उतरती रही,लेकिन अब अपने नवीन संस्करण में लुचुर-पुचुर दिख रही है। ज्यादा डर मजबूत विपक्ष का और थोड़ा अपनी बैसाखियों का भी है। अभी तो थोड़े ही दिन हुए हैं,निर्णय पलटने का क्रम जारी है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

1995 के वक्फ बोर्ड अधिनियम में कुछ संशोधन प्रस्तावित करने वाला एक बिल सरकार लाई थी। संशोधन वाजिब थे,समर्थक घटक भी हां में हां मिला रहे थे, किंतु विपक्ष और मुस्लिम संगठनों के हो हल्ला के चलते, सरकार ने इसे संयुक्त संसदीय समिति को सौंप कर खटाई में डाल दिया। आरक्षण के बिंदु पर सुप्रीम कोर्ट ने कोटे के अंदर कोटा तय करने का अधिकार हाल ही में सरकारों को दे दिया है। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की है कि इस संवर्ग के संपन्न हो चुके लोग यानी क्रीमी लेयर की पात्रता/अपात्रता भी गौर करने योग्य है। यह सरासर आदर करने योग्य निर्णय व टिप्पणी हैं,लेकिन निहित स्वार्थों से ग्रसित तत्वों ने शोर मचाया और मोदी ने बिना देर लगाए कह दिया हम यह निर्णय नहीं लागू करेंगे और क्रीमी लेयर भी पूर्ववत् लाभान्वित होती रहेगी। एक और सरकारी निर्णय केंद्र में कोई चार दर्जन अफसरों की लेटरल एंट्री को लेकर था। इसके अनुसार बाहर के अनुभवी विशेषज्ञों की भर्ती करना था, जैसी पहले भी सदा होती रही है। इसके विरोध में भी कुछ अपने कुछ पराये मुखर हुए और मोदी सरकार ने एतत्संबंधी विज्ञापन वापस ले लिया।

पलटी मारने की यह हैट्रिक पूरी हो ही पाई थी कि प्रकृति ने भी पलटने में सहयोग कर दिया और अभी कुछ महीना पहले महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक किले में मोदी द्वारा अनावृत की गई वीर शिवाजी की 35 फीट ऊंची प्रतिमा पलट गई। वहां मोदी समर्थक एकनाथ शिंदे की सरकार है, जो कह रही है कि मूर्ति का निर्माण भारतीय नौसेना ने करवाया था। बहरहाल राज्य सरकार और नौसेना दोनों मोदी के ही हैं। कार्यों की यह गुणवत्ता देखने लायक है। इस तरह सरकार तीन मास के कार्यकाल में पलटने का चौका लगा चुकी है। आगे देखिए क्या-क्या होता है!

एक नजर

किशोर को सांप ने डसा हालत गंभीर

संभल/जुनावई ,अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के गांव दबथरा श्याम निवासी 16 वर्षीय आकाश पुत्र चंद्र प्रताप मंगलवार को खेत से फसल का मलबा उठाकर बाहर रख रहा था। मलबे में बैठे सांप ने आकाश को डस लिया। सांप को देखकर आकाश ने शोर मचाकर दौड़ लगाई और खेतों में काम कर रहे लोगों को बताया। परिजन आकाश को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई पहुंचे। डॉक्टर ने उपचार देकर आकाश को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन आकाश को बहजोई ले गए।

लकड़ी जलाने के विरोध में तहेरे भाई पर मारपीट का आरोप

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला नई बस्ती रेलवे स्टेशन निवासी दौलतराम ने सोमवार की देर शाम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि घरेलू काम में जलाने के लिए खेत में सूखी लकड़ी रखी हुई थी। आरोप है कि तहेरे भाई ने बिना पूछे लकड़ियों को जला दिया। जब इस बात का विरोध किया तो तहेरे भाई ने मारपीट करते हुए दौलतराम को घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाजार से केले खरीदने गया किशोर हुआ गायब

संभल/सौंधन, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सिहावली निवासी राजेंद्र के परिजनों ने सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर व्रत रखा था। व्रत में खाने के लिए राजेंद्र का 13 वर्षीय पुत्र अमित मुहल्ला के ही अपने साथी योगेश के साथ थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर की बाजार से केला खरीदने आया था, लेकिन अमित देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने घर पहुंचकर योगेश से अमित के बारे में पूछताछ की। योगेश ने बताया कि अमित सौंधन बाजार से बैठकर ई रिक्शा संभल की ओर गया। जिसके बाद परिजन रात भर अमित की इधर उधर व रिश्तेदारी में तलाश करते रहे। किशोर का पता नहीं चलने पर मंगलवार को परिजन थाने पहुंचे और तहरीर देकर पुलिस से अमित की गुमशुदगी दर्ज कर पता लगाने की मांग की।

देर रात अवैध अस्पताल पर छापा, सील किया

नोडल अधिकारी ने मरीजों को जिला अस्पताल भेजने को बुलाई एंबुलेंस लेकिन रोगियों ने किया इन्कार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : असमोली क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला में स्थित अवैध अस्पताल पर एसडीएम ने सोमवार को देर रात छापेमारी की। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी सर्विलांस पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। मरीजों को जिला अस्पताल भेजने के लिए एंबुलेंस बुलाई लेकिन मरीजों ने जाने से इन्कार कर दिया। नोडल अधिकारी ने अवैध अस्पताल को सील करते हुए दो डॉक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। देर रात में हुई छापेमारी से अवैध अस्पताल संचालकों में खलबली मची रही।

गांव शहबाजपुर कला में स्थित न्यू लाइफ हास्पिटल पर सोमवार को देर रात एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने छापेमारी की। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी सर्विलांस डॉ.मनोज चौधरी, डॉ.अनुज कुमार, विजय कुमार, भानु प्रताप, गिरीश शर्मा, सुभाष चंद्र आदि पहुंच गए। अस्पताल में तीन मरीज भर्ती मिले। जानकारी करने पर पता चला कि डॉ.मोहम्मद कसीम और डॉ.उजमा द्वारा मरीजों का इलाज ड्रिप लगाकर और उसमें बीमारी से संबंधित इंजेक्शन मिलाकर किया जा रहा था। कर्मचारियों से भी जानकारी ली गई। दोनों डॉक्टरों को मौके पर बुलाने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं आए और न ही अस्पताल से संबंधित सीएमओ द्वारा जारी प्रमाण पत्र और शैक्षिक योग्यता से संबंधित वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया। जिससे साफ हुआ कि अस्पताल का संचालन अवैध रूप से मरीजों को धोखा देकर रुपये हड़पने के उद्देश्य से किया जा रहा है। अस्पताल पर कार्रवाई घंटों तक चलती रही।

नोडल अधिकारी ने अवैध अस्पताल को सील करते हुए सामान थाने में प्रस्तुत किया। इस मामले में डॉ.मोहम्मद कसीम और डॉ.उजमा निवासी गांव शहबाजपुर कला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई।

असमोली के गांव का अस्पताल जहां कार्रवाई की गई। ● अमृत विचार

असमोली के शहवाजपुर में अस्पताल में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

- **देर रात में हुई छापेमारी से अवैध अस्पताल संचालकों में खलबली**
- **दो डॉक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट**

जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम विनय मिश्रा। ● अमृत विचार

विकास खंड कार्यालय के पीछे बंजर जमीन पर बनेगा पार्क

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: विकासखंड कार्यालय संभल के पीछे स्थित बंजर जमीन पर प्रशासन खूबसूरत पार्क बनाने की तैयारी कर रहा है। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने बताया कि कई दशक पहले किसी ने फर्जी तरीके से जमीन को कब्रिस्तान के रुप में दर्ज करा लिया था। जिससे 1987 में तत्कालीन एसडीएम ने खारिज कर दिया था।

उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि विकासखंड संभल के पीछे ग्राम समाज की बंजर की जमीन स्थित है। अब से कई दशक पहले किसी व्यक्ति ने फर्जी तरीके से जमीन को कब्रिस्तान में दर्ज करा लिया था।

एसडीएम ने बताया कि 1987 में तत्कालीन एसडीएम ने फर्जी तरीके से कराए गए कागजों में दर्ज कब्रिस्तान को खारिज कर दिया था। अब इस बंजर जमीन पर खूबसूरत पार्क बनाने की तैयारी की जा रही है। पार्क निर्माण के समय जमीन पर स्थित कब्रों को क्षतिग्रस्त नहीं किया जाएगा। इन लोगों ने भ्रम फैला रखा था कि जमीन कब्रिस्तान की है, लेकिन कहीं भी रिकॉर्ड में यह जमीन कब्रिस्तान के रूप में दर्ज नहीं है।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी विजय प्रकाश का निधन

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: संभल में भाजपा नेता के रूप में तीन दशक से भी ज्यादा समय तक हिंदू हितों के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानी 79 वर्षीय विजय प्रकाश त्यागी एडवोकेट का बीमारी के चलते निधन हो गया। विजय प्रकाश त्यागी राम मंदिर व अन्य आंदोलनों में वह आठ बार जेल गये थे।

विजय प्रकाश त्यागी की फाइल फोटो।

महमूदपुर इम्मा गांव निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी विजय प्रकाश त्यागी की हालत बिगड़ने पर बेटे सुभाष त्यागी व अन्य निजी अस्पताल लेकर गए लेकिन कुछ ही देर में उनका निधन हो गया। विजय प्रकाश त्यागी के निधन का संदेश सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ तो श्रद्धांजलि देने के लिए उनके मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित आवास पर लोग जुटना शुरु हो गए। अंतिम संस्कार से पहले पुलिस गार्द ने उन्हें सलामी दी। एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने भी पुष्प अर्पित किए। शाम को गोमा श्मशान घाट पर विजय प्रकाश त्यागी का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में लोकतंत्र सेनानी चौधरी महिपाल सिंह,एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, राजेश सिंघल, भारत सिंह यादव, कपिल सिंघल, संजय सांख्यधर,कमलकांत तिवारी सहित अनेक लोग शामिल हुए। **लंबे समय तक किया समाज के लिए संघर्ष, पांच बार लड़े चुनाव:** विजय प्रकाश त्यागी की पहचान कट्टर हिंदूवादी नेता के रूप में रही। वह परिणाम की चिंता किये बिना समाज के हक की लड़ाई के लिए सड़क पर उतर जाते थे। विजय प्रकाश त्यागी चार बार विधानसभा व एक बार लोकसभा का चुनाव लड़े लेकिन जीत नहीं पाये। श्रीराम मंदिर आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। वह श्री राम मंदिर आन्दोलन में जेल गये जबकि इमरजेंसी में भी उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाला गया।

विजय प्रकाश त्यागी को सलामी देते जवान। ● अमृत विचार

- **हिंदुओं के हितों के लिए लंबे समय तक किया संघर्ष**
- **श्रीराम मंदिर व अन्य आंदोलनों में आठ बार गए थे जेल**

एसडीएम ने छापा मार कर दो क्लीनिक किए सील

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **एक क्लीनिक पर सरकारी दवा का किया जा रहा विक्रय**

अमृत विचार: नगर पंचायत मौलागढ़ के शिव मंदिर मार्ग पर दो क्लीनिकों पर एसडीएम व सीएचसी प्रभारी ने छापा मारा। दोनों ही क्लीनिक के स्वामी पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं दिखा सके। जबकि एक क्लीनिक पर सरकारी दवा बेची जा रही थी। एसडीएम ने दोनों क्लीनिकों को सील कर सरकारी दवा कब्जे में ली है।

मंगलवार की शाम साढ़े चार बजे एसडीएम नीतू रानी व सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंदर सिंह नगर पंचायत मौलागढ़ के शिव मंदिर मार्ग पर पहुंचे। यहां ओमपाल द्वारा चलाए जा रहे क्लीनिक पर छापा मारा। ओमपाल क्लीनिक का कोई पंजीकरण व डिग्री नहीं दिखा सका। जबकि क्लीनिक के बराबर चल रहा मेडिकल स्टोर चेक किया। जिसको उसकी पत्नी संचालित करती मिली। ओमपाल ने बी फार्मा की डिग्री एसडीएम को दिखाई। मगर क्लीनिक चलाने संबंधी कोई कागज नहीं दिखा सका। एसडीएम के आदेश पर क्लीनिक को सील कर दिया गया। इसके बाद एसडीएम संजीव पुत्र भागीरथ सिंह के क्लीनिक पर छापा मारा। जहां क्लीनिक चलाने वाले संजीव पंजीकरण या डिग्री नहीं दिखा सके। क्लीनिक पर एसडीएम ने सरकारी दवा पकड़ी। बताया गया कि दवा क्लीनिक चलाने वाले युवक का पिता नरौली सीएचसी से लेकर आता है। जिसे क्लीनिक से मरीजों को बेच दिया जाता है।

अवैध क्लीनिक पर छापा मारतीं एसडीएम नीतू रानी।

सार संक्षेप

वार्षिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रेड हाउस बना विजेता

बबराला, अमृत विचार : लोहिया कान्वेंट स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में रेड हाउस विजेता बना। प्रतियोगिता का आरंभ निदेशक उमेश यादव ने मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिता में 32 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। जूनियर वर्ग (कक्षा छह से 8 और सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) के कंपटीशन का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासु बनाना रहा। रेड, ब्ल्यू, ग्रीन और येलो हाउस के बीच हुई साइंस क्विज में छात्रों से विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इनका छात्रों ने बेबाकी से उत्तर दिया। 5 राउंड की क्विज के दौरान प्रत्येक राउंड में चार प्रश्न पूछे गए। प्रश्न के उत्तर का समय 30 सेकेंड रखा गया। जूनियर विंग में प्रथम स्थान पर रेड हाउस, द्वितीय ब्लू हाउस और तीसरे स्थान पर ग्रीन हाउस रहा। वहीं सीनियर वर्ग में भी प्रथम स्थान पर रेड हाउस, दूसरे स्थान पर ग्रीन हाउस और तीसरे स्थान पर ब्लू हाउस रहा। निदेशक उमेश यादव ने कहा कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी संबंधी सहगामी प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन की क्षमता और बौद्धिकता का विकास होता है। इस दौरान प्रधानाचार्या सविता सिंह, हेमलता यादव, अंकित सक्सेना, आनंद गौतम, जतिन राजपूत, अमित, बृजेश, दुर्गेश, धर्मेंद्र आदि रहे।

कोतवाल को ज्ञापन देते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अत्याचार और भ्रष्टाचार के विरोध में ज्ञापन देकर उठाई आवाज

गुन्नौर, अमृत विचार : आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर के निर्देश पर जिलाध्यक्ष मनीष यादव के नेतृत्व में अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन गुन्नौर कोतवाली प्रभारी विनीत कुमार को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा कि ब्रिटिश राज में पुलिस को सत्ता के उत्पीड़न और दमन चक्र का प्रमुख हथियार माना जाता था लेकिन यह अत्यंत कष्ट का विषय है कि आजाद भारत में आज भी पुलिस सत्ता की कठपुतली के रूप में ही काम कर रही है। आजाद अधिकार सेना मांग करती है कि भारत में पुलिस के सत्ता की दासी बनकर काम करने की स्थिति को समाप्त किया जाए। इस दौरान भगवान सिंह, नवनीत गांधी, हरीश यादव, नेत्रपाल सिंह आदि रहे।

खेल रही बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर जख्मी किया

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में घर के बाहर रास्ते में मुहल्ला के बच्चों के साथ खेल रही छह साल की बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर जख्मी कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने कुत्ते को भगाकर बच्ची का जिला अस्पताल में उपचार कराया। थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी यूसुफ की छह वर्षीय पुत्री सोफिया मंगलवार को घर के बाहर रास्ते में मुहल्ला के ही अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। अचानक से कुत्ते ने आकर सोफिया सहित सभी बच्चों को घेर लिया। कुत्ते से बचकर अन्य बच्चे तो भागने में कामयाब हो गए, लेकिन सोफिया रास्ते में ही गिर गई। रास्ते में गिरते ही कुत्ते ने बच्ची पर हमला कर दिया और नोच-नोच कर जख्मी कर दिया। चीख पुकार को सुनकर मौके पर परिजनों ने लाठी डंडों से डरा-धमकाकर कुत्ते को भगाया। जिसके बाद परिजन सोफिया को लेकर आनन फानन में जिला अस्पताल आ गए और डॉक्टर से सोफिया का उपचार कराया।

घायल बच्ची।

सदस्यता अभियान चलाने के दौरान सपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सपा ने चलाया जागरूक सदस्यता अभियान

बबराला, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की ओर से छात्र नौजवान पीडीएफ जागरूक सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष युवजन सभा मोहम्मद फहद और अखिलेश यादव रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष छात्र सभा सुनील यादव, जिलाध्यक्ष युवजन सभा पप्पू यादव, फैजान शाह, केपी यादव, पप्पू यादव, विभोर अग्रवाल, प्रदेश सचिव युवा जनसभा सुनील यादव, भावेश यादव आदि रहे। संचालन जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने किया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर स्कूल में छात्रों ने फोड़ी दही हांडी, सजी झांकियां

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान, हल्लू सराय में दही हांडी फोड़ने के कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। नृत्य नाटिका की प्रस्तुति भी दी।

श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान में सर्वप्रथम श्री कृष्ण-राधा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया गया। श्रीकृष्ण राधा के रूप में सजे छात्र-छात्राओं ने नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। बच्चों ने राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत करते हुए फैंसी ड्रेस में भी हिस्सा लिया। जिसके बाद छात्रों की माखन चोर टोली ने लगभग 15 फिट की ऊंचाई पर रस्सी से बंधी दही हांडी को मीनार बनाकर फोड़ने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद दही हांडी फोड़ी जा सकी। छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए दही, माखन और टाफी बांटी गईं। हिंदू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि दही हांडी का त्योहार भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित है। इस दौरान दीपक शर्मा, आकांक्षा ठाकुर, शेखर कुमार, पारुल ठाकुर, ज्योति, नंदिनी, काजल, अदिति वर्मा, छाया ठाकुर, गौरव कश्यप, संजीव कुमार, पायल ठाकुर, आरती शर्मा आदि रहे।

श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान में मटकी फोड़ने की प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बच्चे।

डीएसएम शुगर मिल में जन्माष्टमी उत्सव आरंभ करते अतिथि।

डीएसएम के जन्माष्टमी उत्सव में रही गीत व संगीत की धूम

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। गीत संगीत के साथ ही नाटक की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत यूनिट हेड आशीष शर्मा और पारुल शर्मा ने मंदिर में दीप प्रज्वलित करने के पश्चात पूजा-अर्चना करके की। अनिरुद्ध ने वंदना पाठ किया जबकि ओम शर्मा और शुभ शर्मा ने अपनी प्रस्तुति दी। उसके बाद शुभी, स्पर्श, आरोही, देवांश, सिया, सोना, किट्टू, अंश अहलावत, पलक, खुशी, वैष्णवी,अंजलि, अनश, आरिश, दीपा, ने गीत प्रस्तुत किया। सुदामा और कृष्ण नाटक में अंशु, आयुष, नितिन सुभानी, इशू और वंशु की प्रस्तुति को सभी ने सराहा। गेम प्रतियोगिता में आशीष शर्मा संतोष चौहान, अमित अग्रवाल, संजीव कुमार , अभय शर्मा और पंकज गुप्ता का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। मटकी फोड़ कार्यक्रम में नीटू सिंह की टीम विजेता रही। कार्यक्रम का संचालन राजन कुमार दीक्षित उप महाप्रबंधक प्रशासन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पारुल शर्मा, रंजना दीक्षित, मोना शर्मा, अंशु, इंदु, सुषमा चौहान, पूजा चौहान, रीना अहलावत, निधि तिवारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

विधि विधान से किया श्रीकृष्ण का अभिषेक

रजपुरा, अमृत विचार : श्री श्याम सरकार आश्रम गवां में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर धार्मिक अनुष्ठान हुआ। निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर में गुरुकुल गवां के आचार्यों समेत 31 ब्राह्मणों ने श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। आचार्यों ने वेद मंत्रों का उच्चारण किया तो पूरा पंडाल गूंज उठा। श्री श्याम सरकार आश्रम में भगवान गणेश की पूजा के साथ अभिषेक का शुभारंभ हुआ। अभिषेक आश्रम के महंत एवं संरक्षक दीक्षित महाराज ने कराया। गुरुकुल गवां विद्यालय के संचालक आचार्य राघव द्विवेदी भी रहे। मौजूद श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसा प्रथम बार देखा है कि निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर में श्रीकृष्ण का अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई हो। इस दौरान भगवानदास दिवाकर, हिमांशु शर्मा, अमर सिंह, आचार्य सोनू भारद्वाज, आचार्य राघव द्विवेदी, अमर सिंह ठाकुर आदि रहे।

जुनावई में फूलडोल शोभायात्रा यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बैंडबाजे के साथ निकली फूलडोल शोभायात्रा

संवाददाता,जुनावई

अमृत विचार : जुनावई क्षेत्र के गांव कादराबाद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में फूलडोल शोभायात्रा बैंडबाजे के साथ निकाली गई। पुलिस बल मुस्तैद रहा।

गांव कादराबाद में श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। जिसके बाद शिव मंदिर से फूलडोल शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा मां काली मंदिर, साप्ताहिक बाजार होती हुए भोला देव मंदिर पहुंची। जिसके बाद चामुंडा मंदिर और गलियों से होकर पुन्नासे मंदिर पर आकर शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में शिव पार्वती समेत कई झांकी शामिल रहीं।

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह पुलिस बल के साथ रहे। वहीं रजपुरा और गुन्नौर थाना पुलिस भी लगाया गया। इस दौरान मुरारी लाल शर्मा, महेंद्र वर्मा, संजीव शर्मा, राजीव शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, पूर्व प्रधान पति ऋषिपाल यादव आदि रहे।

दुष्कर्म पीड़िता ने कहा धमका रहा है आरोपी

संभल,अमृत विचार: दुष्कर्म पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस पर आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि गिरफ्तारी नहीं होने पर आरोपी धमकी दे रहा है।

हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़िता ने अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र को आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में कहा कि 29 मार्च को दिन में दो बजे घर में घुसकर गांव के ही यूनुस ने दुष्कर्म किया था। जिसकी शिकायत थाने पहुंचकर पुलिस से की थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। डीआईजी के आदेश पर 12 अगस्त को पुलिस ने यूनुस के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। रिपोर्ट दर्ज होने के 15 दिन बाद भी पुलिस यूनुस को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। महिला ने बताया कि गिरफ्तारी नहीं होने की वजह से यूनुस फैसले का दबाव बना रहा है और मना करने पर धमकी दे रहा है।

समीक्षा डीएम ने कहा, बच्चों को निपुण बनाने में भूमिका निभाएं अध्यापक

बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों से किया संवाद

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: निपुण भारत अभियान के तहत कक्षा एक व कक्षा दो के शिक्षकों के साथ डीएम राजेंद्र पैंसिया ने संवाद कर अभियान की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बहजोई व संभल विकास खंड को निपुण भारत अभियान के तहत निपुण कैसे बनाया जाए इसको लेकर शिक्षकों से चर्चा की।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कक्षा एक व कक्षा दो के प्रधानाध्यापकों से कहा कि विकासखंड संभल व बहजोई को 31 अक्टूबर तक 100 प्रतिशत निपुण विकासखंड बनाना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को संदर्शिका प्रशिक्षण का प्रयोग करते हुए एवं उसके अनुसार ही पढ़ाया जाए। पहले जो 6 क्लास होंगे उसमें सबसे पहले तीन भाषा के क्लास एवं बाद में तीन गणित के क्लास लगाए जाए।

डीएम अध्यापकों कहा कि 12 पंजिकाओं जो ऑनलाइन भरी जाएंगी उनको पूर्ण रूप से भरा जाए। यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार अध्यापक अपना अपना कार्य करें । डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कहा कि जनपद के विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाई जाए। बीएसए अलका शर्मा शिक्षक व अधिकारी मौजूद रहे।

परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के साथ बैठक करते डीएम राजेंद्र पैंसिया।

- **स्कूलों में कार्य करते समय अपने मोबाइल को स्विच ऑफ रखें**

एक नजर

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव डारनी के पास बाइक सवार को ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गांव डारनी निवासी बृजेश पुत्र सुरवी सिंह सोमवार की शाम गांव कुढ़फतेहगढ़ में दंगल देखने गया था। बृजेश दंगल देखकर रात में बाइक पर सवार होकर घर आ रहा था। रात नौ बजे बाइक सवार गांव के बाहर पहुंचा तो सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को रेफर कर दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड पर प्रथमा बैंक के पास युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव बनियाखेड़ा की मढ़ैया निवासी लाखन पुत्र छोटे लाल सोमवार की सुबह आठ बजे मजदूरी करने चन्दौसी गया था। रात साढ़े आठ बजे मजदूर गंभीर हालत में थाना बनियाठेर क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित प्रथमा बैंक के पास मिला। उधर से गुजर रहे गांव के रोहताश ने लाखन को पहचान लिया और उसके घर सूचना दी। कुछ ही देर में परिजन भी मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बाइक से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

संभल, अमृत विचार : नगर पंचायत गवां निवासी जलालउद्दीन मंगलवार को अपनी पत्नी गुलशन के साथ बेहटा रसूलपुर सराय में स्थित निजी स्कूल से चार वर्षीय पोती इंशा को बाइक से लेकर घर जा रहे थे। बबराला मार्ग पर गवां के पास अचानक गुलशन बाइक से सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। जलालउद्दीन बाइक रोकर गुलशन को उठाकर पास के निजी डॉक्टर को दिखाया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर उसे रेफर कर दिया।

रथयात्रा मार्ग के तारों को कसने में जुटे बिजली कर्मी

कई मोहल्लों में बिजली संकट , सुबह नौ बजे आपूर्ति बंद होने से गहराया पेयजल संकट , लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: विद्युत विभाग की ओर से मंगलवार को रथयात्रा मार्ग पर झूलते विद्युत तारों को दुरुस्त करने का कार्य किया गया। इसके अलावा जर्जर विद्युत तार व पोल को बदला भी गया। जिससे सुबह नौ बजे से विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई। जिससे लोगों को पेयजलापूर्ति संकट का सामना करना पड़ा।

गणेश चतुर्थी पर शहर में रथयात्रा भ्रमण करेगी। रथयात्रा मार्ग पर कई स्थानों पर विद्युत तार ढीले होने के कारण काफी नीचे लटक गए हैं। जिससे रथयात्रा के मद्देजनर विद्युत विभाग की ओर से मंगलवार को रथयात्रा मार्ग पर विद्युत तारों को दुरुस्त करने का कार्य किया गया। साथ ही इसी मार्ग पर जर्जर विद्युत तारों व खंभों के स्थान पर नए तार व खंभे लगाए गए। कार्य के चलते मंगलवार को सुबह नौ बजे हनुमानगढ़ी उपकेंद्र से जुड़े बिसौली गेट, राज मोहल्ला, बूढ़ी माता, कच्चा कटरा, पक्का कटरा, विजय लक्ष्मी टाकीज, गुलडेहरा रोड, मोती मोहल्ला, डहरिया मोहल्ला, ब्रह्म बाजार मारवाड़ी मोहल्ला आदि क्षेत्रों की बिजली बंद कर दी गई।

गणेश रथयात्रा मार्ग पर झूलते तारों को कसने के निर्देश देते एसडीओ। ● अमृत विचार

- उमस भरी गर्मी में महिलाओं व बच्चों को अधिक परेशानी हुई
- शाम सात बजे तक विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी थी

दिन भर विद्युत आपूर्ति ठप रहने से उपभोक्ताओं को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। वहीं उमस भरी गर्मी ने भी काफी परेशान किया। जिससे महिलाओं व बच्चों को अधिक परेशानी हुई। वहीं दिन भर विद्युत आपूर्ति बंद रहने से दुकानदार भी इधर-उधर समय बिताते नजर आए। मंगलवार की शाम सात बजे तक उक्त क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी थी।

अभी तक चिन्हित नहीं किए गए रथयात्रा मार्ग के जर्जर भवन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- रथयात्रा में एक लाख से अधिक लोगों की रहती है भागीदारी

अमृत विचार: गणेश चतुर्थी पर निकलने वाली रथयात्रा को मात्र दस दिन का समय शेष रह गया है। मगर अभी तक प्रशासन ने रथयात्रा मार्ग का निरीक्षण कर जर्जर भवनों को चिंहित नहीं किया है। रथयात्रा वाले दिन एक लाख से अधिक लोग रथयात्रा देखने पहुंचते हैं। जिसमें बड़ी संख्या में लोग भवनों की छतों से रथयात्रा देखते हैं। रथयात्रा मार्ग पर कई ऐसे भवन हैं, जो जर्जर हो चुके हैं।

सात सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की रथयात्रा निकाली जाएगी। प्रशासन हर वर्ष रथयात्रा से दस दिन पहले ही यात्रा का मार्ग का भ्रमण करके जर्जर भवनों का निरीक्षण कर उनके स्वामियों को नोटिस जारी करता है। जिससे रथयात्रा वाले दिन जर्जर भवनों पर किसी को नहीं बैठने दिया जाता है। ताकि कोई हादसा न हो सके। मगर इस बार प्रशासन की ओर से रथयात्रा मार्ग का भ्रमण कर जर्जर भवनों का निरीक्षण नहीं किया गया है। ऐसे में अगर रथयात्रा वाले दिन लोग जर्जर भवनों पर बैठकर रथयात्रा देखते हैं, तो हादसा का खतरा बना रहेगा।

> जल्द ही रथयात्रा मार्ग पर भ्रमण कर जर्जर भवनों का निरीक्षण किया जाएगा। नगर पालिका के जेई को कुछ नोटिस दिए हैं, जो निरीक्षण के दौरान जर्जर भवनों स्वामियों को दिए जाएंगे।
>
> -नीतू रानी, एसडीएम

बबराला में रैली निकालते हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न के विरोध में निकली रैली

संवाददाता, बबराला

- हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हिंदुओं की सुरक्षा की मांग उठाई

अमृत विचार: आर्य समाज के बैनर तले मंगलवार को दोपहर बाद निकाली गई जन आक्रोश रैली के लिए हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन के सामने जुटे। यहां से लोग बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य बाजार रेलवे रोड के रास्ते इंदिरा चौक के लिए रवाना हुए।

लोग 'बंटोगे तो कटोगे', हिंदू एकता जिंदाबाद और बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इंदिरा चौक पहुंचे। मुख्य चौराहे पर आधा घंटा तक जोरदार नारेबाजी कर रोष जताया। विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता उमाकांत शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां की कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, आर्य समाज के सुरेंद्र शर्मा, शिवनारायण शर्मा, तिलक सिंह, गंगाराम यादव, रामवीर सिंह, भुवनेश कुमार शिक्षक, मुकेश मित्तल आदि ने बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की।

पुण्यतिथि पर गायक मुकेश के गीतों की गूंजी स्वर लहरी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- झुन्नीलाल धर्मशाला में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार: पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश की 48वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार की रात आठ बजे सीता रोड स्थित झुन्नीलाल धर्मशाला में एक शाम मुकेश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गायकों में पार्श्व गायक मुकेश के गीतों की स्वरलहरी बिखेर कर समां बांध दिया।

सर्वप्रथम गोपाल शर्मा ने एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल गाना गाकर कार्यक्रम को दिशा दी। अखिलेश खिलाड़ी ने मुकेश का गाना ओरे ताल मिले नदी के जल में नदी मिले सागर में गीत गाकर चार चांद लगा दिए। प्रहलाद राय ने दुनिया बनाने वाले, नरेंद्र कुमार ने चांदी की दीवार न तोड़ी, शहर की उभरती सिंगर काजल त्यागी ने गोपाल शर्मा के साथ हम तुम युग से गीत मिलन के गाते रहेंगे, फूल बड़े नाजुक होते हैं, धीरे-धीरे बोल कोई सुन ना ले, क्या खूब लगती हो, तुमने किसी से कभी प्यार किया है आदि गानों पर जुगल बंदी कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। नितेंद्र चौहान ने सारंगा तेरी याद में, कृष्ण मधुकर जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे गीत सुना कर समां बांध दिया। संचालन सर्वेश कुमार चीनी ने किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश ओमी लाला, अमित सराफ, अमित अप्पू, संगीता सिमर, राजेश पाल, डीपी प्रधान आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करता कलाकार।

बिजली अव्यवस्था पर व्यापारियों में रोष

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: शहर की लड़खड़ाई बिजली व्यवस्था को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में रोष व्याप्त है। व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को अधिशासी अभियंता सत्यदेव सिंह से मिला और नगर की विद्युत समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार की ओर से चलाए जा रहे सौर ऊर्जा के तहत ऑनलाइन आवेदन करने पर विभाग की ओर से कोई भी रिस्पांस नहीं दिया जा रहा। जिससे उपभोक्ताओं व व्यापारियों को सौर ऊर्जा लगवाने में परेशानी हो रही है। इसके अलावा झटपट योजना के अंतर्गत मीटर उपलब्ध न होने की वजह से उपभोक्ताओं के समय से बिजली मीटर नहीं लग पा रहे हैं। इसके अलावा विभाग की ओर से जर्जर तार व खंभों को बदला जा रहा है। जिससे सारे दिन विद्युत आपूर्ति ठप रहती है। तारों के बदलने के क्रम से शहर की बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई है। इसमें एक दिन पहले सूचना दी जाए और तार बदलने का या खंभे लगवाने का कार्य सुबह 6 बजे से किया जाए। जर्जर खंभों और तारों को बदलने की भी मांग की गई।

एक्सईएन को ज्ञापन सौंपते संपाउद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा

अधिशासी अभियंता ने शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, युवा प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसूरी, उमेर शमसी, युवा नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय, नगराध्यक्ष सुशील अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, इसरार, वाहिद हुसैन, राजीव शर्मा, मोहम्मद मुजीब आदि व्यापारी शामिल थे।

सार संक्षेप

पुलिसकर्मियों ने बाइक सवार युवक से की मारपीट

संभल,अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में चेहल्लुम देखकर लौट रहे बाइक सवार युवक के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। मुरादाबाद जिले के गांव भांडली निवासी सलमान सोमवार को नखासा थाना क्षेत्र के गांव मंडलाई निवासी अपने मौसा हनीफ के यहां चेहल्लुम का मेला देखने आया था। शाम को सलमान बाइक पर सवार होकर खेत से अपने मौसा के घर जा रहा था। सलमान ने बताया कि पीछे से बाइक पर सवार होकर दो पुलिसकर्मी भी आ रहे थे। सलमान घर पहुंचकर दरवाजे पर बाइक खड़ी कर रहा था। आरोप है कि पीछे से पहुंचे पुलिसकर्मी सलमान के साथ मारपीट करने लगे। जिसके बाद पुलिसकर्मी सलमान को गांव के पास स्थित भोलेश्वर पुलिस चौकी ले गए। यहां भी पुलिसकर्मियों ने सलमान के साथ मारपीट की। परिजन गांव के लोगों को साथ चौकी पहुंचे तो पुलिस ने सलमान को छोड़ दिया।

शोभायात्रा का फीता काट कर आरंभ करते थानाध्यक्ष। ● अमृत विचार

अकरौली में नवमी पर निकाली शोभायात्रा

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : श्री कृष्ण अष्टमी के उपलक्ष्य में मंगलवार को बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ थाना बनियाठेर प्रभारी मोहित कुमार काजला एवं ग्राम प्रधान सलीम खान उर्फ भूरे अली तथा गांव के योगेश कुमार मौर्य ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। दोपहर दो बजे से निकली शोभायात्रा में खेड़े वाली देवी मंदिर से शोभायात्रा शुरु होकर आंबेडकर पार्क, प्राचीन काली का मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर, बुध बाजार, सनी बजार, इंटर कॉलेज के समक्ष होती हुई पुन : खेड़े वाली देवी मंदिर पर पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में शिव-पार्वती स्वरुप कलाकारों का तांडव नृत्य व झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर सुधीश कुमार मौर्य, सुधीर कुमार मौर्य, दिनेश कुमार मौर्य, करणवीर, राजू, देवेंद्र समेत ग्रामीण का सहयोग रहा।

नरौली क्षेत्र में निकाला गया चेहल्लुम का जुलूस

चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेहटा साहू के मझरा भीमपुर में मंगलवार को अपराह्न करीब चार बजे इमामबाड़ा रफत अली से चेहल्लुम का जूलूस निकाला गया। इमामबाड़ा से ताबूत और अलम लेकर मस्जिद रफीक रफत अली तक गए। गुलाम हैदर ने बताया कि मौलाना मसराकेन रिजवी मजलिस पढ़ी। अंजुमन सिरसी से मीरंस रजा ने मरसिया पढ़ा। नवाब भाई ने नात ख्वानि पढ़ी। इस दौरान नन्ही बेगम व उनके बेटे गुलाम हैदर ने इमाम हुसैन की याद में जगह-जगह पौधरोपण किया। इस मौके पर गुलाम हैदर, गजनफर अब्बास, जहीर अब्बास जैदी, नसीम जैदी, सलमान जैदी, हयात अली, अकबर जैदी, समर अब्बास, जैगम जैदी, गुलबेज जैदी सहित तमाम लोगों की भागीदारी रही।

गांव भीमपुर में चेहल्लुम निकालते मुस्लिम समाज के लोग।

बेहोश मिली बुजुर्ग महिला की मौत ,नहीं हुई शिनाख्त

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर बेहोश मिली बुजुर्ग महिला ने सोमवार की देर रात उपचार के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। कोतवाली क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग के किनारे स्थित मुसाफिर खाने के पास शनिवार की रात नौ बजे 65 वर्षीय अज्ञात महिला बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। पुलिस ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। सोमवार की देर रात महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला की मौत होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर महिला का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

विनोबा भावे जूनियर हाई स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

50 बच्चों के ब्लड ग्रुप की जांच की

चन्दौसी, अमृत विचार : इनरव्हील क्लब चन्दौसी सिटी स्टार की ओर से घटलेश्वर गेट स्थित विनोबा भावे जूनियर हाईस्कूल में शिविर का आयोजन कर 50 बच्चों का ब्लड ग्रुप टेस्ट कराया गया। जिसमें बच्चों को उनके ब्लड ग्रुप के बारे में भी जानकारी दी गई। बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी। छोटे बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में जागरूक किया गया। अंत में बच्चों को बिस्कुट आदि सामान वितरित किया गया। प्रधानाध्यापक राशिद खान समेत क्लब अध्यक्ष मनीला अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, चारु अग्रवाल, वंदना अग्रवाल का सहयोग रहा।

मेरठ के प्रवीन और अलीगढ़ के साबिर की कुश्ती बराबरी पर छूटी

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

अमृत विचार: ग्राम पंचायत कुढ़फतेहगढ़ में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय मेले के दूसरे दिन मंगलवार को भी दूर-दराज से अएए पहलवानों ने दंगल प्रतियोगिता में दांव लगाए। सबसे अधिक रोमांचकारी कुश्ती प्रवीन पहलवान मेरठ और साबिर अली पहलवान अलीगढ़ के बीच हुई। कुश्ती बराबरी पर छूटी।

दंगल में दिल्ली के ललित पहलवान ने उसहैत के राजू को, चन्दौसी के राजा पहलवान ने मनौटा के राशिद को, कैथल के सुमित ने रामनगर के मोहित पहलवान को, मुरादाबाद के सरताज ने सैफनी के मुराद अली पहलवान को, कैथल के महेंद्र पहलवान ने आदमपुर के आकाश को, आसफपुर के प्रमोद यादव ने कादर चौक के फुरकान पहलवान को, रारैंट के रिंकू पहलवान ने विचोला के विशाल पहलवान को, चन्दौसी के यामीन ने गजरौला के जावेद पहलवान को हरा दिया। दंगल में रेफरी की भूमिका जगन्नाथ सिंह एवं रामवीर सिंह ने निभाई।

विजेता पहलवानों को ग्राम प्रधान हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मेले में महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी की और बच्चों ने खेल खिलौने आदि सामान खरीदा।

कुढ़फतेहगढ़ में आयोजित दंगल में कुश्ती लड़ते पहलवान। ● अमृत विचार

- कुढ़फतेहगढ़ में दो दिवसीय जन्माष्टमी मेले के दूसरे दिन भी पहलवानों ने लगाए दांव

कार से उतारकर चालक के साथ की मारपीट

संभल, अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर सगे भाइयों ने कार रुकवाकर सरेराह दिल्ली निवासी युवक के साथ लात घूसों व बेल्टों से मारपीट की। आसपास के लोगों ने सगे भाइयों से चालक को बचाकर पुलिस को सूचना दी। मारपीट करने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

दिल्ली निवासी शब्बू खान मंगलवार को कार से संभल आ रहा था। नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हिंदूपुरा खेड़ा में संभल हसनपुर मार्ग पर खड़े सगे भाइयों ने शब्बू खान से कार रुकवा ली और गाली गलौज करने लगे। शब्बू का दोनों से विवाद बढ़ा तो उनके आधा दर्जन से अधिक अन्य साथी भी आ गए। हमलावर शब्बू खान को कार से नीचे उतारकर लात घूसों व बेल्टों से मारपीट करने लगे। जिसमें वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने मारपीट कर रहे सगे भाइयों व अन्य लोगों से शब्बू खान को बचाया।

गांव बनियाखेड़ा स्थित उपकेंद्र का निरीक्षण करतीं सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा।

एएनएम उपकेंद्र में भरा मिला भूसा व उपले

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- सीएमओ ने बनियाखेड़ा उपकेंद्र को शीघ्र खाली करने के दिए निर्देश

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा के एएनएम के उपकेंद्र का सीएमओ व डिप्टी सीएमओ ने निरीक्षण किया। जिसमें भूसा व उपले भरे मिले। जिन्हें शीघ्र ही हटाने को कहा गया।

गांव बनियाखेड़ा के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की थी कि कुछ लोगों ने गांव के एएनएम के उपकेंद्र पर अवैध कब्जा कर लिया है। उपकेंद्र के कमरों में भूसा, उपले व अन्य सामान भरा हुआ है। मंगलवार की शाम पांच बजे सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा व डिप्टी सीएमओ डॉ. विश्वास अग्रवाल मौके पर पहुंचे और एएनएम उपकेंद्र का निरीक्षण किया। शिकायत को सही पाया गया। सीएमओ ने शीघ्र ही उपकेंद्र परिसर को खाली कराने के निर्देश दिए।

अतिथियों के साथ बास्केटबॉल की विजेता टीम। ● अमृत विचार

बास्केटबॉल में सिल्वर स्टोन स्कूल की टीम ने बाजी मारी

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में खेल सप्ताह के प्रथम दिन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में छात्राओं की छह टीमों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता में सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने बाजी मारी।

हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आरंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती ने फ़ीता काटकर किया। सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहजोई व हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज कि छात्रों में फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें अपने खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कीर्ति आर्य, इंसा, मानवी, भावना, प्राची, लवी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज की छवि, महक, शमा, अनामिका, साहनी, महक, आंचल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खेल | एफआर इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

कुश्ती प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: एफआर इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार जिला स्तरीय बालक एवं बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के लगभग 15 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता का आंरभ सीआईसी के खेल अध्यापक शशिकांत गुप्ता, एसएम इंटर कॉलेज के खेल अध्यापक एके सिंह मेजबान विद्यालय के खेल अध्यापक मोहम्मद हनीफ एवं जावेद आलम ने छात्र पहलवानों से परिचय प्राप्त कर हाथ मिलवा कर किया। प्रतियोगिता रेफरी गोलू पहलवान की देखरेख में संपन हुई। फ्री स्टाइल कुश्ती 14 वर्षीय बालक वर्ग में 35 किलोग्राम वर्ग में छात्र मोहित मुलायम सिंह इंटर कॉलेज अतरासी, 48 किलोग्राम वर्ग में सुमित मुलायम सिंह इंटर कॉलेज अतरासी, 41 किलोग्राम वर्ग में अरुण मुलायम सिंह इंटर कॉलेज अतरासी, 45 किलोग्राम वर्ग में सुरेंद्र राष्ट्रीय सेवा सदन इंटर कॉलेज भकरौली, 48 किलोग्राम वर्ग में आमिर हुसैन चन्दौसी इंटर कॉलेज चन्दौसी विजयी रहे। वहीं 14 वर्षीय बालिका वर्ग में 62 किलोग्राम वर्ग में आयुषी सागर गीतांजलि हायर सेकेंडरी स्कूल सिंहपुर साहनी को चुना गया। 17 वर्षीय बालक वर्ग में 45 किलोग्राम वर्ग में अखिलेश मुलायम सिंह इंटर कॉलेज अतरासी, 48 किलोग्राम वर्ग में जुबेर मालिक चंद्रपाल आर्य इंटर कॉलेज बहजोई, 55 किलोग्राम वर्ग में केशव हिंद इंटर कॉलेज संभल, 60 किलोग्राम वर्ग में मोहम्मद ओवैस एसएम इंटर कॉलेज चन्दौसी, 65 किलोग्राम वर्ग में मोहम्मद रेहान एफआर इंटर कॉलेज चन्दौसी ने जीत हासिल की। 17 वर्षीय बालिका वर्ग में 69 किलोग्राम में तराना जहां चंदावली इंटर कॉलेज चंदावली विजयी रही। ग्रीको रोमन कुश्ती में अंडर 17 वर्षीय वर्ग में 55 किलोग्राम में मोहम्मद अफ्फान एफआर इंटर कॉलेज चन्दौसी, 60 किलोग्राम में अमित वर्मा चन्दौसी इंटर कॉलेज चन्दौसी, 65 किलोग्राम वर्ग में अनुराग सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज हनुमानगढ़ी चन्दौसी, 51 किलोग्राम वर्ग में रूप किशोर जनता इंटर कॉलेज अकरोली, 45 किलोग्राम में शुभकेश चन्दौसी इंटर कॉलेज विजयी रहे।

ग्रीको रोमन अंडर-19 वर्ग में 55 किलोग्राम वर्ग में शिवम शर्मा चन्दौसी इंटर कॉलेज, 60 किलोग्राम वर्ग में मोहम्मद अकमल हिंद इंटर कॉलेज संभल विजयी रहे। प्रभारी प्रधानाचार्य शफीक मियां ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि आगामी 4 सितंबर को कुश्ती प्रतियोगिता का मंडल स्तरीय आयोजन भी एफआर इंटर कॉलेज चन्दौसी में ही होगा।



चन्दौसी के एफआर इंटर कॉलेज में कुश्ती लड़ते खिलाड़ी छात्र। ● अमृत विचार

एक नजर

नौगांवा सादात में मंदिरों पर फोड़ी गई मटकी

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव यूसुफपुर में बाबा जाहरवीर व कृष्ण जन्माष्टमी का मेला लगा। मेले में जिला बुलंदशहर से राजपूत थियेएटर कंपनी ढकरोली उर्फ केशव कबाड़ी ने सत्यवादी हरिश्चंद्र का ड्रामा खेला। जाहर बाबा के मठ पर सुबह से ही प्रसाद व निशान चढ़ाने वालों का ताता लगा था। शाम आठ बजे राधा कृष्ण की झांकी गांव में निकाली गई। रात्रि 9 बजे बाबा जाहरवीर, राधा कृष्ण हनुमान मंदिर, शिव परिवार मंदिर पर मटकी फोड़ कार्यक्रम हुआ।

सांप के डसने से महिला की हालत गंभीर

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में चारा लेने गई महिला को लौकी के खेत में सांप ने डस लिया। इससे महिला की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने नगर के सीएचसी में महिला को भर्ती कराया। यहां चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। क्षेत्र के गांव करनखाल निवासी धनवती पत्नी हरपाल मंगलवार सुबह अपने खेत में पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। चारा काटते समय सांप ने महिला के पांव में काट लिया। महिला ने परिजनों को सूचना दी तो वे इसे लेकर नगर के सीएचसी पहुंचे। चिकित्सा प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह उसने बताया कि खेत पर सांप ने महिला को काट लिया था। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

घर में घुसकर मां-बेटी को पीटा, छेड़खानी भी की

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में सोमवार रात महिला के घर में घुसकर कुछ लोग गाली गलौज की। उन्होंने महिला की बेटी के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। इससे महिला के परिवार के लोग सहम गए। उन्हें जान से मारने की धमकी दी। छेड़खानी करने का विरोध किया तो उसे व उसकी पुत्री की पिटाई की। महिला ने कोतवाल को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

अमरोहा, अमृत विचार : नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। डिडौली निवासी 10 वर्षीय नाबालिग के पिता ने अधेड़ पर घर बुलाकर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था। इससे किशोर गुमसुम रहने लगा था।

शहर में धूमधाम से निकाली रामडोल शोभायात्रा

झांकियों ने लोगों का मन मोहा, कलाकारों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति, जगह-जगह हुआ शोभायात्रा का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शहर में मंगलवार को रामडोल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इसमें शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। जय कन्हैया लाल जयघोष गूंजा। भगवान श्रीकृष्ण का गान हुआ।

श्री धार्मिक रामडोल कमेटी की देखरेख में कई दिनों से श्रीकृष्ण जनमाष्टमी पर निकलने वाली रामडोल शोभायात्रा की तैयारियां की जा रही थीं। मंगलवार को पारंपरिक तरीके से 117वीं रामडोल शोभायात्रा निकाली गई। सबसे पहले रियासत वाले मंदिर में महाआरती हुई। इसमें पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल, नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, एसपी कुंवर अनुनमप सिंह, कांग्रेस नेता सचिन चौधरी, अजय टंडन, राजीव त्यागी, प्रणीत आर्य, कपिल शर्मा, कुवंर विनीत अग्रवाल सहित शहर के सम्मानित लोगों ने श्रीकृष्ण की आरती की। इसके बाद श्रीकृष्ण का रथ खींचकर शोभायात्रा की शुरूआत की। मंगलवार सुबह 11:30 बजे से शोभायात्रा निकालने की तैयारी शुरू हो गई। शहर के विभिन्न मोहल्लों से झांकी शामिल होने के लिए कोट चौराहे पर ठहर गईं। यहां से शोभायात्रा में लोग शामिल होने लगे।

दोपहर एक बजे के बाद शोभायात्रा रवाना हुई। रियासत वाली मंदिर से शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में सबसे आगे हाथी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस पर बच्चे भी सवार रहे। धार्मिक गीतों के बीच रामडोल शोभायात्रा कोट चौराहे पर पहुंची। यहां से शफातपोता बाजार में पहुंची। सड़क पर बच्चों और महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। दुकान और मकान की छतों और बालकनी से लोगों ने शोभायात्रा को देखा। भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति गान के बीच शोभायात्रा गंतव्य की ओर धीरे-धीरे चलती रही। विभिन्न जगहों के कलाकारों ने प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। बाजार में कई जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ। सर्राफा बाजार में व्यापारियों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। कोट चौराहा, शफातपोता, कटरा बाजार, सराफा बाजार, बसावनगंज, गुजरी, कोतवाली के पास जलपान की व्यवस्था की गई।

श्रीकृष्ण की आरती करते पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल, पालिका अध्यक्ष शशि जैन।

रामडोल शोभायात्रा में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चे।

शोभायात्रा से पहले पूजन करते लोग। ● अमृत विचार

राधा और कृष्ण की झांकियों पर की पुष्पवर्षा, भजन गूंजे

संवाददाता, सैदनगली

● शोभायात्रा में शामिल 12 झांकियां रहीं मुख्य आकर्षण का केंद्र

अमृत विचार : श्री कृष्णा जन्माष्टमी पर नगर में मथाना रोड और सैनियों के मोहल्ले से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में युवक नाचते हुए चल रहे थे। 12 झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। भगवान कृष्ण और राधा के भजन गूंजे।

शोभायात्रा बस स्टैंड, मुख्य बाजार, पाधाजी मंदिर, रामलीला मैदान, चामुंडा मंदिर होते हुए संरक्षक पंचू अग्रवाल के घर के सामने आकर संपन्न हुई। जगह-जगह लोगों ने मिश्री, चीनी, दही खिलाकर, दूध पिलाकर और फूल चढ़कर राधा कृष्ण की झांकियों का स्वागत किया। श्री कृष्ण व राधा की मूर्ति पंचू अग्रवाल घर पर रख दी गई। जहां पूजा अर्चना के बाद लोगों ने व्रत खोला। इस दौरान रामवीर सैनी, कुलदीप वैद्य, संरक्षक पंचू अग्रवाल, मनोज जोशी, शुभम, मनोज कश्यप, डॉ. अमन गुप्ता, अरुण गुप्ता, मुदित कुमार, राजन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों के साथ महिलाएं। ● अमृत विचार

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विवि में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने मोहल्ला कोट स्थित प्रभु संदेश भवन पर धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाई।

इसमें बीके अर्चना ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं श्री कृष्ण द्वारा माखन चुराने, माखन खाने, मटकी फोड़ने समेत अन्य का आध्यात्मिक अर्थ समझाया। राधा कृष्णा एवं सतयुग के देवी देवताओं की झांकियां सजाई गईं। राधा कृष्ण को पालने में झुलाया गया। विनय, मुकुल, गौरी, वैष्णवी ने गीतों पर नृत्य किया। संस्था की संचालिका बीके अर्चना, योगिता, प्रवेश, विनीता एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाई बहनों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी की खुशी में सामूहिक नृत्य किया। योग युक्त होकर ब्रह्मा भोजन ग्रहण किया। इस दौरान भारती, अंजू, मंजू, किरण, सीमा, सुमन, सुनीता, विमला आदि रहे।

धक्का लगाकर पुलिस की गाड़ी को स्टार्ट करने का वीडियो वायरल

अमरोहा, अमृत विचार : नगर क्षेत्र में पुलिस की डायल नंबर 112 पीआरवी (वाहन) को धक्का लगाकर स्टार्ट कराने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें लोग पीआरवी को धक्का लगाकर स्टार्ट करने का प्रयास करते दिख रहे हैं।

यह मामला अमरोहा रेलवे स्टेशन के माल गोदाम का बताया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग पुलिस की गाड़ी को पहले आगे की ओर धकेलते हैं, लेकिन गाड़ी स्टार्ट नहीं होती। इसके बाद लोग गाड़ी को पीछे की ओर धकेलते हैं। यह वीडियो वायरल होने पर पुलिस विभाग की फजीहत हो रही है। हालांकि सरकार ने पुलिस के लिए नए वाहन उपलब्ध कराए थे। लेकिन कुछ वाहन पुलिसकर्मियों को रास्ते में धोखा दे रहे हैं।

श्री कृष्ण की मूर्ति को सिर पर रखकर जाते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी।

शोभायात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

मां काली का अखाड़ा रहा आकर्षण का केंद्र

संवाददाता, हसनपुर

शोभायात्रा

● मंडी धनौरा के डाल अखाड़े के युवकों ने दिखाए करतब

अमृत विचार : श्रीराम सेवा समिति की ओर से नगर में शोभायात्रा निकाली गई। कई स्थानों पर भक्तों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा में इस्कॉन मंडली, महाकाल का अखाड़ा एवं मां काली का अखाड़ा मुख्य आकर्षण रहा।

विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने भगवान श्री कृष्ण की आरती एवं फीता काट कर शोभायात्रा का आरंभ किया। सुबह यात्रा शिवाला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई शिवाला मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान हनुमान, राधा कृष्ण, मां दुर्गा, ठाकुर जी का रथ एवं अशोक वाटिका में मां सीता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में धनौरा के डाल अखाड़े के युवक करतब दिखाते हुए चल रहे थे। दिल्ली का महाकाल अखाड़ा एवं मां काली के अखाड़े ने सभी नगर वासियों का मन मोह लिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, दिनेश अग्रवाल, विजय पारछा, पुनीत अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, बब्लू पाल, आकाश अग्रवाल, मनोज जोशी, बीना शर्मा, पूनम शर्मा, आंचल चौहान, जतिन गुर्जर, हर्ष भटनागर, शुभम अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

भाजपा सांसद कंगना के बयान की निंदा की

हसनपुर, अमृत विचार: रुहेलखंड क्षेत्रीय राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्र महासचिव मुजाहिद चौधरी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत के बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह देश के किसानों का नहीं, बल्कि अन्नदाताओं का अपमान है। उन्होंने किसानों को बदनाम करने का प्रयास किया है।

उन्होंने कहा कि कंगना रनौत बिना शर्त माफी मांगें और अपना बयान वापस लें। भाजपा को उनके विरुद्ध अनधिकृत व अपमान जनक बयान देने के लिए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के नेताओं और कंगना रनौत को एक्स पर ट्वीट करते हुए मुजाहिद चौधरी ने लिखा कि यह रंगमंच या बॉलीवुड का स्टेज नहीं है। यह वास्तविक जिंदगी है। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत को सांसद बनने के बाद भी संसद सदस्य के रूप में व्यवहार, आचरण व कार्यशैली की जानकारी नहीं है।

सपा के सम्मेलन में सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भाजपा सरकार से युवा परेशान: फहद

संवाददाता, हसनपुर

● सपा के सम्मेलन में छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

अमृत विचार : नगर स्थित एक पैलेस में समाजवादी पार्टी के छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान के तहत सपा युवजन सभा की ओर से मेधावी छात्र एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्र में जागरूकता व सदस्यता अभियान भी चलाया। युवाओं ने सपा की नीतियों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की।

सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद व सपा के जिलाअध्यक्ष मस्तराम यादव ने मेधावी छात्रों और शिक्षकों को सम्मानित किया। मोहम्मद फहद ने कहा कि युवा भाजपा सरकार से परेशान हैं। रोजगार के मुद्दे पर यह सरकार असफ साबित हुई है। केंद्र एवं प्रदेश की सरकार में नौकरियों में भ्रष्टाचार, पेपर लीक, आरक्षण के साथ खिलवाड़ समेत अन्य मुद्दों पर चिंता जाहिर की। सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष फैसल अल्वी ने कहा कि जिले में नौजवानों को सपा की सदस्यता दिलाया जा रही है। भाजपा सरकार छात्रों, नौजवानों को गुमराह कर रही है। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रीतम सिंह, जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी, संदीप गुर्जर, यूसुफ कुरैशी, यशवीर नागर, अकील प्रधान आदि मौजूद रहे।

नगर क्षेत्र में कराया जा रहा क्रॉस सर्वे

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील प्रशासन द्वारा नगर में आबादी, कृषि एवं बागों को लेकर क्रॉस सर्वे कराया जा रहा है। तहसीलदार एवं लेखपाल ने नगर में सर्वे किया। राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने क्षेत्र का क्रॉस सर्वे कर सही डाटा अपलोड करें। मंगलवार को तहसीलदार मूसाराम के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने नगर में क्रॉस सर्वे किया। रोडवेज बस स्टैंड, कोतवाली, पालिका एवं उसके आसपास क्षेत्र में सर्वे करके डाटा तैयार किया गया। इस दौरान कानूनगो नरेंद्र सिंह आर्य, लेखपाल हरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

सर्वे करती राजस्व विभाग की टीम।

आवास योजना से वंचित न रहे पात्र

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में बैठक हुई।

इसमें जिलाधिकारी ने कहा आवास प्लस 2018 सूची में पात्र लाभार्थियों के नाम जोड़ने को लेकर पात्रता एवं अपात्रता के संशोधित मानदंड के आधार पर नवीन सर्वे किया जाए। योजना से वंचित पात्र परिवारों को आवास का लाभ दिलाया जाएगा। आवास योजना की पूर्व सूची में अनेक त्रुटियां होने से पात्र लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल पाया है। इसके लिए सरकार से 2024 में पात्रता, अपात्रता के लिए नया सर्वे कराने के लिए निर्देश मिले हैं। डीएम ने बताया कि पक्की छत या पक्की दीवारों वाले मकान में रहने वाले परिवार, दो या दो से अधिक कमरों के मकान में रहने वाले परिवारों को पात्रता की श्रेणी से बाहर किया गया है। चार, कृषि उपकरण, 50000 या इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड, वे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उद्यम वाले परिवार, वे परिवार जिनका कोई सदस्य 15000 से अधिक प्रतिमाह कमा रहा है।

आयकर देने वाले परिवार, व्यवसाय कर देने वाले परिवार, ढाई एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि वाले, पांच एकड़ से अधिक असंचित भूमि वाले पात्रता की श्रेणी में नहीं आएंगे। आश्रय विहीन परिवार, बेसहारा, भीख मांग कर जीवन यापन करने वाले, हाथ से मैला ढोने वाले, आदिम जनजाति समूह, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर पात्रता की श्रेणी में आएंगे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, खंड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी।

सीएचसी में घायल व्यक्ति का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

बाइकों की भिड़ंत के बाद ट्रक ने युवक को घसीटा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर में बाईपास पर दो बाइकों की भिड़ंत के बाद पीछे से आ रहे ट्रक युवक को घसीट कर ले गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

हसनपुर नगर के संभल मार्ग स्थित अब्दुल्ला कॉलोनी निवासी मोहम्मद रियाज पुत्र अतर अहसान बाइक से मंगलवार को शहर आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक नगर के बाईपास मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंची तो पीछे से आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी और वह गिर गया। इस बीच पीछे से आ रहा ट्रक उसे घसीटता ले गया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था।

समस्या खेतों में फसलों का नुकसान होने से किसानों को दिक्कत, पशुओं को पकड़ने की मांग की

सड़कों पर छुट्टा पशुओं का कब्जा, लोग परेशान

संवाददाता अमरोहा/बुरावली

अमृत विचार : शहर से लेकर गांवों तक खेतों व सड़कों पर छुट्टा गोवंशीय पशुओं का कब्जा है। इनसे हादसे का डर बन रहता है। साथ ही फसलों का नुकसान होने से किसान परेशान हैं। किसानों ने छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला में भेजने की मांग की है।

किसानों का कहना है कि खेतों में चूहे फसलों का नुकसान कर रहे हैं। इसके अलावा पशुओं ने किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है। सड़कों पर गोवंशीय पशुओं के झुंड हादसे का कारण बन रहे हैं। किसान अपनी फसलों की रखवाली कर रहे हैं। इसके बावजूद भी पशुओं के झुंड खेतों में घुसकर फसलों को खा जाते हैं। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में गोवंशीय पशु किसानों के खेतों, गली, मोहल्लों व सड़कों पर झुंडों में बैठे रहते हैं।

सड़क पर मौजूद छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

गांव में सांड़ों की संख्या ज्यादा हो रही है। सांड़ लोगों पर हमला कर रहे हैं। डर की वजह से लोग घरों से डंडे लेकर निकलते हैं। जिलाधिकारी को पत्र भी दिया गया था। तीन दिन बाद भी समस्या बनी हुई है।
-डॉ. नरेश कुमार निरयावली खादर

छुट्टा गोवंश की समस्या विकराल हो गई है। अगर इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया तो किसानों के लिए अपनी फसलों को बचाना संभव नहीं होगा। **- देवराज सिंह, किसान, बुरावली**

लाखों रुपये खर्च कर गोशालाएं बनाई गई हैं, लेकिन दर्जनों पशु सड़कों पर घूमते रहते हैं। इन पशुओं से राहगीरों को परेशान होती है। ये पशु लोगों की जान ले लेते हैं। **-डॉ. सतवीर सिंह, प्रदेश सचिव भाकियू भूमि**

छुट्टा पशुओं की वजह से किसान रात दिन खेतों में रहकर फसलों की रखवाली कर रहे हैं। लेकिन नजर बचते ही छुट्टा पशु फैसलों को चट कर जाते हैं। इन पशुओं को गोशाला भिजवाया जाए। जिससे निजात मिल सके।
-कुलदीप नागर, किसान तरौली

मशीन फुंकी, चार दिन से नलकूपों की आपूर्ति ठप

संवाददाता, ढबारसी

अमृत विचार : ढबारसी बिजलीघर के 10 एमवीए ट्रांसफार्मर से आने वाली इनकमिंग मशीन फुंके हुए चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन विद्युत निगम के अधिकारियों की लापरवाही के चलते मशीन ठीक नहीं कराई गई है। आपूर्ति नहीं मिलने से खेतों में फसलों की सिंचाई न होने से किसान परेशान हैं।

ढबारसी बिजलीघर की इनकमिंग मशीन शुक्रवार रात ओवरलोडिंग के चलते फुंक गई थी। इस मशीन से आदमपुर, सकतपुर, सौंधन व भीमा सुल्तानपुर फीडर जुड़े हुए हैं। इन फीडरों से फसलों की सिंचाई के लिए नलकूपों को आपूर्ति होती है। विद्युत आपूर्ति न मिलने से किसानों को धान, गन्ना, चारे की फसल सूखने की आशंका सता रही है। ग्रामीणों ने विद्युत मंत्री एके शर्मा को पत्र भेजकर लापरवाह कर्मचारियों व अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। भाकियू के नेता सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि किसानों को निर्बाध आपूर्ति दी जाए। अगर विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो भाकियू लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध आंदोलन करने को विवश होगी। अवर अभियंता एसके भारद्वाज ने बताया कि इस इनकमिंग मशीन से घरेलू उपभोक्ताओं को आपूर्ति नहीं होती है। मशीन ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है।

फुंकी पड़ी इनकमिंग मशीन।

एक नजर

आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला ने दम तोड़ा

मुबारिजपुर, अमृत विचार : घरेलू विवाद से परेशान महिला ने गर्दन में फंदा कसकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे बचा लिया था। लेकिन सोमवार देर शाम मेरठ में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। आदमपुर क्षेत्र के एक गांव में घरेलू विवाद के चलते महिला ने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। सोमवार को मेरठ के एक अस्पताल में महिला की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। उसने अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ा है। थाना प्रभारी शोकेन्द्र ने बताया कि इस मामले में सूचना प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

धूमधाम से निकाली रामडोल शोभायात्रा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : शहर में मंगलवार को रामडोल शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। भक्त रामडोल पालकी को कंधे पर लेकर चल रहे थे। जगह-जगह इसका स्वागत किया गया। रामडोल शोभायात्रा का शुभारंभ गढ़ी मंदिर धर्मशाला से हुआ, जो पुराना स्टेट बैंक चौराहा, अग्रसेन बाजार, नुक्कड़ शिव मंदिर, सोसायटी होती हुए मंदिर पर ही पहुंची। रामडोल की पालकी का जगह जगह स्वागत हुआ। इस मौके पर मुकेश अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, रमेश, मयंक, रिंकू, मुदित, सोनू, महेंद्र, राजू, अभिषेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कल परचम कुशाई से होगा उर्स-ए-रजवी का आगाज

बरेली, अमृत विचार : दरगाह आला हजरत के आसपास बृहस्पतिवार को शुरू होने जा रहे उर्स-ए-रजवी की रौनक नजर आने लगी है। उर्स में शिरकत के लिए दूसरे राज्यों से मेहमानों का आना शुरू हो गया है। इन्हें दरगाह के मेहमान खाने के साथ मदरसों और शादी हॉल में ठहराया जा रहा है। उधर, दरगाह और उर्स स्थल पर तैयारी अंतिम चरण में है। उर्स स्थल पर पिछले साल के मुकाबले इस बार बड़ा पंडाल लगाया जा रहा है। परचम कुशाई की रस्म के साथ 29 अगस्त को 106 वे उर्स-ए-रजवी का आगाज होगा। दरगाह आला हजरत से इस्लामिया ग्राउंड और मथुरापुर तक तैयारी तेजी के साथ पूरी की जा रही है।

सिहाली में बाइक सवार लुटेरों ने दादी-पोते से 50 हजार रुपये लूटे

गांव में ही बैंक से रुपये लेकर घर लौट रहे थे दोनों

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में दादी-पोते से बाइक सवार लुटेरों ने 50 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस ने बैंक व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। लेकिन लुटेरों का पता नहीं चला।

क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी नाजमा पत्नी हामिद मंगलवार दोपहर अपने पोते अयान को साथ लेकर गांव में स्थित ग्रामीण यूपी प्रथमा बैंक गई थीं। महिला बैंक से 60 हजार रुपये निकाल कर अपने पोते के साथ घर जा रही थी। जैसे ही दादी पोते बैंक से बाहर निकले तो अचानक दो लोग आए और महिला से कहा कि हमारे रुपये जमा करा दो। इस पर महिला ने कहा कि खुद जमा कर लो। तभी बाइक सवार तीन लुटेरे वृद्ध महिला के हाथों से 50 हजार रुपये छीनकर फरार हो गए। बताया कि 10 हजार रुपये की एक गड्डी दूसरे हाथ में रह गई। महिला से लूट होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पीड़ित महिला से जानकारी लेने के बाद आसपास व बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामला टप्पेबाजी का है। सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

घटनास्थल पर लोगों से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

दो दुकानों से 60 हजार रुपये का सामान चुराया

चौधरपुर, अमृत विचार: क्षेत्र में सोमवार रात्रि चोरों ने दो दुकानों के शटर काट कर नकदी सहित 60 हजार से अधिक का सामान चोरी कर लिया। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पलौला निवासी अब्दुल रहमान की चौधरपुर में ओवरब्रिज के पास प्रिंटिंग प्रेस की दुकान है। वह सोमवार शाम दुकान बंद कर घर चला गए थे। रात्रि किसी समय चोरों ने उसकी दुकान का शटर काट लिया और काउंटर की दराज तोड़कर आठ हजार रुपये, दो बैटरी, इन्वर्टर सहित 60 हजार का सामान चोरी कर ले गए। इस के बाद चोरों ने चौधरपुर निवासी रियासत हुसैन की दुकान के शटर के ताले तोड़ कर एक बैटरी, 1200 रुपये चोरी कर लिए। चोरी के मामले में पुलिस को सूचना दी गई है। 10 दिन पूर्व भी बदमाश चौधरपुर में फर्म में स्वामी व उसके बेटे को हथियारों के बल पर बंधक बनाकर लाखों रुपये का सामान लूट कर ले गए थे।

तिगरी मेला होगा आकर्षण का केंद्र, अधिकारी करें तैयारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में तिगरी मेला के आयोजन के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले वर्ष तिगरी गंगा मेला भव्यता के साथ आयोजित कराया गया था। मेले को इस बार और भी भव्य रूप दिया जाएगा।

कहा कि शौचालय, पानी, घाटों, सड़कों, प्रकाश की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था उत्तम करनी है। सभी अधिकारी अभी से तैयारी में लग जाएं। शौचालय की गुणवत्ता ठीक हो. घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए तैयारी करें। घाटों पर गहराई वाले स्थलों पर बल्लियां लगाना प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण कराएं। मेला स्थल पर जल की व्यवस्था के लिए अधिक से अधिक हैंडपंप लगवाएं। शौचालय आधुनिक हो और उनमें सफाई के लिए पर्याप्त सफाई कर्मी लगाए जाना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अच्छी टीम लगाई जाए। इसके लिए कलाकारों से बात करें। घाटों की सुंदरता के लिए कार्य करें। आवागमन के लिए बनाए जाने वाले मार्ग सुदृढ़ और सुगम हो। इसके लिए भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारी तैयारी कर लें।

विकास योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाए। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। सुरक्षा के लिए पुलिस निरीक्षक और क्षेत्राधिकारी की तैनाती की जाएगी। इस दौरान अपर जिला अधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आदि मौजूद रहे।

छात्रा को स्मार्टफोन देते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : सैदनगली में स्थित एनटी डिग्री कॉलेज में मंगलवार को छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे गए। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल गए।

विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर ने 70 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार में छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए कार्य किया जा रहे हैं। स्मार्टफोन से छात्र-छात्राएं अच्छे से अपनी पढ़ाई की तैयारी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि फोन के माध्यम से बहुत कुछ सीख सकेंगे। विद्यार्थियों से फोन का सही उपयोग करने की अपील की। इस मौके पर दिवाकर पांडे, मयंक अग्रवाल, डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष इंद्रेश गुर्जर, हेमराज सैनी, वीर सिंह सैनी, हेमराज प्रधान, रिजवान, केसर हुसैन, उमाशंकर गर्ग, उदित गुर्जर, अभिषेक गुजर आदि मौजूद रहे।

बरेली कॉलेज में एलएलबी में प्रवेश के लिए पहली मेरिट जारी

बरेली, अमृत विचार: बरेली कॉलेज ने एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पहली मेरिट जारी कर दी है। ओपन वर्ग में मेरिट इंडेक्स 226-155 वाले छात्रों को 2 से 3 सितंबर तक ऑनलाइन प्रवेश लेना होगा। मेरिट इंडेक्स रुहेलखंड विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा के परिणाम के अनुसार जारी की गई है।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए कॉलेज की वेबसाइट पर लॉगिन करना होगा और फीस जमा करनी होगी। छात्र किसी भी समस्या के लिए सेमिनार कक्ष में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। यदि अभ्यर्थी की किसी भी विषय में बैक है तो उसका प्रवेश मान्य नहीं होगा। **एमए और एमएससी के छात्र भी 2 और 3 को लेंगे प्रवेश:** बरेली कॉलेज ने एमए और एमएससी के कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि निर्धारित कर दी है। इनमें शामिल छात्रों को 2 और 3 सितंबर को प्रवेश लेना होगा। जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि निर्धारित की है।

संतान न होने पर पत्नी की गला रेतकर हत्या

उझानी(बदायूं), अमृत विचार : संतान न होने पर पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद लूटपाट का विरोध करने पर हत्या करने की कहानी गढ़ी। सख्ती से पूछताछ पर युवक टूट गया और हत्या करना कबूल कर लिया।

उझानी के गांव मानकपुर निवासी सरताज खान की शादी चार साल पहले कासगंज के थाना सहावर के गांव बधारी कला बेहटा निवासी निदा उर्फ समरीन पुत्री मोहम्मद सफी के साथ हुई थी। वह दिल्ली में रहकर जीन्स की सिलाई करता था। निदा को भी दिल्ली ले गया। उनके संतान नहीं थी। मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे वह पत्नी के साथ उझानी आया और पैदल गांव जा रहा था। पक्के रास्ते की बजाय उसने राजनगर कॉलोनी के कच्चे रास्ते का शॉर्टकट अपनाया। रास्ते में उसने निदा को धक्का दिया और गला दबाने के बाद चाकू से रेत दिया।

बरेली की नवाबगंज नगर पालिका में 10.41 करोड़ रुपये का घोटाला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **ईओडब्ल्यू की टीम शहला ताहिर के 2012 से 2017 तक के कार्यकाल की कर रही थी जांच**
- **मुरादाबाद के नरेंद्र कुमार जौहरी रामपुर के विजय कुमार,बिलारी के कैलाश चंद्र के नाम भी रिपोर्ट में**

अमृत विचार : नवाबगंज नगर पालिका की अध्यक्ष रहीं शहला ताहिर के कार्यकाल में हुईं वित्तीय गड़बड़ियों की आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने जांच पूरी कर ली है। जांच में 10.41 करोड़ से ज्यादा धनराशि का गोलमाल पाए जाने के बाद शहला समेत पांच अधिशासी अधिकारी, पांच लिपिक और चार ठेकेदारों समेत 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

ईओडब्ल्यू के लखनऊ सेक्टर की टीम ने शहला ताहिर के वर्ष 2012 से 2017 तक के कार्यकाल की जांच की थी। इसके बाद लखनऊ के थाना ईओडब्ल्यू के उपनिरीक्षक सत्यपाल गौड़ की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई।

इसमें शहला ताहिर के अलावा उनके इस कार्यकाल में तैनात रहे बरेली की वैष्णोपुरम कॉलोनी निवासी हीरालाल प्रजापति, बरेली के ही प्रेमनगर निवासी हरीलाल राम, मझोला (मुरादाबाद) की मानसरोवर कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार जौहरी, बरेली की महानगर कॉलोनी के उत्सव पार्ट टू निवासी राजेश सक्सेना और सीतापुर डीएम कार्यालय में संबद्ध विजय कुमार समेत पांच अधिशासी अधिकारियों के नाम शामिल हैं।

इसके अलावा कर्मचारियों में रामपुर की श्वापुरम कॉलोनी निवासी विजय कुमार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नवाबगंज के वार्ड चार निवासी अमर सिंह, आंवला के गांव पलथा निवासी रघुवीर सिंह, बिलारी (मुरादाबाद) के कैलाश चंद्र, नवाबगंज के ही नायब मोहर्रिर लिपिक सुरेश पाल, रिटायर्ड बाबू रविंद्र कुमार शुक्ला, वकील खां, ठेकेदार मोहम्मद अफजाल, मोहम्मद आरिफ, सलीम हैदर और संविदा कर्मचारी शिव कुमार के नाम एफआईआर में हैं। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज हुए इस केस में साक्ष्य छिपाने और धोखाधड़ी के आरोप शामिल हैं।

युवक ने नाम बदलकर बागपत की युवती को फंसाया, दुष्कर्म के बाद धर्म परिवर्तन कराया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मुस्लिम युवक ने बदले नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बनाकर बागपत की युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा दिया। शादी का वादा कर उसे अपने घर बुलाकर दुष्कर्म किया। युवती को हकीकत पता चली तो आरोपी ने तमंचा दिखाकर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। किसी को बताने पर पशु की तरह काट डालने की धमकी दी। अब वह आरोपी के चंगुल से छूटकर एसपी के पास पहुंची और शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

यह मामला थाना सैदनगली क्षेत्र का है। क्षेत्र के गांव अल्लीपुर ढक्का मोड़ निवासी एक युवक ने अपना नाम बदलकर इंस्टाग्राम पर आईडी बनाकर बागपत की युवती को अपने जाल में फंसाया। फिर उसे अमरोहा अपने घर ले आया। आरोप है कि यहां उसने युवती के साथ शारीरिक संबध बनाए और उसे बंधक बना लिया। कुछ दिनों बाद युवती को पता चला कि युवक मुसलमान है। उसने विरोध किया तो आरोपी ने तमंचा दिखाकर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। आरोपी युवक के परिवार के अन्य सदस्यों ने भी उसके साथ छेड़खानी की। उसे किसी को बताने पर पशु की तरह काटने की धमकी दी। 20 दिन पहले युवती आरोपी के चंगुल से छुटकर भाग गई। पहले उसने सैदनगली थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन वहां उसकी सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार को युवती ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती पत्र सौंपा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

कार्यालयः मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद

पत्रांकः- सी.एम.ओ./ / एन.यू.एच.एम. / शहरी आशा चयन / 2024-25/4699 दिनांकः- 27 अगस्त, 2024

-: विज्ञप्ति :-

प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ०प्र०, लखनऊ के शासनादेश संख्या-2505/ 5-10-15-9(120)/13 दिनांक 01.01.2016 एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र. के पत्रांक-एसपीएमयू/एनयूएचएम / बजट /2024-25/61/1555-2 दिनांक 18.06.2024 के क्रम में जिलाधिकारी/ अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) मुरादाबाद के अनुमोदन दिनांक 08.08.2024 के अनुपालन में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अर्न्तगत जनपद मुरादाबाद के शहरी क्षेत्रों मे नवीन आशाये 203 एवं ड्राप आउट घोषित 28 आशा (16 स्लम एरिया एवं 12 नान स्लम एरिया) कुल 231 आशाओं का चयन किया जाना है। शहरी आशाओं के पदों एवं नगरीय प्रा०स्वा०के०/वार्ड संख्या का विवरण निम्नलिखित है-

रिक्त आशा पदो का विवरण	शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम एवं वार्ड संख्या (जहाँ आशाओ के पद रिक्त है)					
	शहरी प्रा०स्वा०के० का नाम	वार्ड का नाम एवं संख्या	रिक्त पद	शहरी प्रा०स्वा० के० का नाम	वार्ड संख्या	रिक्त पद
215 (नान स्लम एरिया हेतु)	आदर्श नगर	पंडित नगला-24	02	किसरौल	दौलत बाग-50	02
		भदौरा-33	01		किसरौल-64	04
	बंगला गाँव	बंगला गाँव-6,	03	कोठीवाल नगर	असालतपुरा भूडा-41	05
		बारादरी-42	04		असालतपुरा-59	03
		बाड़ाशाह सफा-68	03		गॉधीनगर-60	05
	बरबलान	बरबलान-38	02	लालबाग	तम्बाकुबालान-67	05
		बरबलान मुगलपुरा-66	03	मझोला	पैपटपुरा लाकडी 4,	03
	चाऊ की बस्ती	ज्ञानी वाली बस्ती-14	01		फाजलपुर-23	02
		हनुमान नगर-29	04		मझोला-37	04
		जयंतीपुर-53	01		प्रकाश नगर-28	01
		सूर्य नगर ढक्का-2	01			
	फकीरपुरा	आदर्श कालोनी-2	03	मझोली	खुशहालपुर-3,	03
		सिविल लाइन्स-13	03		मानसरोवर-9	01
		चन्द्र नगर-17	02		बुद्धिविहार-16	05
	गाडीखाना	मकबरा-58	01		फाजलपुर-23	01
	गुलाबबाडी	गुलाबबाड़ी-36	03	मियां कालोनी	मैनाठेर-11	04
	हरथला	आशियाना-5	01		आजाद नगर-69	07
		झांझनपुर-8	02	पीतल बाजार	पीतल बस्ती-44	06
		काजीपुरा-10	02	नया गाँव	नया गांव-7	07
		मऊ-15	06		रामगंगा विहार-34	07
		हरथला-18	03	रहमत नगर	लाल नगरी-27	04
	कंजरी सराय	अशोक नगर-19	02		रहमत नगर-51	01
		कटरा पूरनजाट-32	01		जाहिद नगर-52	08
		सागर सराय-47	02	शिव नगर	शिव नगर-30	11
	कानून गोयान	डेहरिया-49	05		आजाद नगर-69	05
		कानून गोयान-39	02	टाउनहाल	पीरगैब-35	01
	काशीराम नगर	शाहपुर तिगरी-1	04		चौमुखापुल-54	03
		भीमाठेर-20	05	वारसी नगर	घुईयाबाग-5 व 57	05
	कटघर	कटघर-26	01		कटार शहीद-61	05
		उडपुरा-48	02		जामा मस्जिद-63	06
	मुर्करबपुर	चक्कर की मिलक-25	01	नबाबपुरा	नबाबपुरा-40	04
		जिगर कालोनी-31	03		कटरा बंशीधर-56	04
		मुकर्रबपुर-70	04			

	शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम एवं वार्ड संख्या (जहाँ आशाओ के पद रिक्त है)					
16 (स्लम एरिया हेतु)	शहरी प्रा०स्वा०के० का नाम	वार्ड का नाम एवं संख्या	रिक्त पद	शहरी प्रा०स्वा० के० का नाम	वार्ड संख्या	रिक्त पद
	हरथला	हरथला-18	01	मुकर्रबपुर	चक्कर की मिलक-25	01
		मऊ-15	01	नबाबपुरा	नबाबपुरा-40	01
	फकीरपुरा	चन्द्रनगर-17	02	रहमत नगर	जाहिद नगर-52	01
	काशीराम नगर	शाहपुर तिगरी-01	01	शिव नगर	आजाद नगर-69	02
				लालबाग	लालबाग-55	01
		भीमाठेर-20	01	मियाँ कालोनी	मैनाठेर-11	02
	कन्जरी सराय	कटरा पूरनजाट-32	01	चाऊ की बस्ती	ज्ञानी वाली बस्ती-14	01

शैक्षिक योग्यता एवं आवश्यक निर्देश व शर्ते :-

1) अभ्यार्थी को सम्बन्धित नान स्लम/स्लम क्षेत्र की स्थानीय निवासी होना आवश्यक है तथा उसे अपने आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित क्षेत्र के पार्षद / सभासद द्वारा निर्गत स्थायी निवास प्रमाण-पत्र लगाना आवश्यक है।

2) न्यूनतम हाईस्कूल उत्तीर्ण हो।

3) आयु सीमा 20-45 वर्ष हो,

4) चयन में विवाहित / विधवा / तलाकशुदा / पति से अलग हो गयी महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके प्रमाण के लिये नोटरी द्वारा प्रदत्त 10 रूपये के स्टाम्प पर शपथ संलग्न करना अनिवार्य है।

5) स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम एवं जे.एन.एन.यू.आर.एम., यूनीसेफ एवं भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य संस्थाओ के समुदाय स्तर पर कार्य करने वाली अभ्यार्थियो को वरीयता प्रदान की जायेगी। इस हेत अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

6) आशाओं के चयन करने हेतु आवेदन पत्र पंजीकृत डाक या स्वय भी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के कक्ष संख्या-3 में दिनांक 17.09.2024 की सायं 4:00 बजे तक जमा कर सकते है। दिनॉक 17/09/2024 के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो पर कोई विचार नही किया जायेगा।

7) आवेदन अपूर्ण होने, प्रारूप से भिन्न होने, बिना हस्ताक्षर एवं विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र या अन्य क्षेत्र के होने पर निरस्त कर दिया जायेगा।

8) नगरीय आशा को कोई भी मासिक मानदेय निर्धारित नही है। राज्य द्वारा प्रस्तावित दिशा-निर्देशो के अनुरूप चयनित आशा के प्रारम्भिक प्रशिक्षण के उपरान्त किये गये कार्यो के सत्यापन के आधार पर ही प्रोत्साहन राशि देय होगी।

9) पदो की संख्या व आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद के कार्यालय नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चस्पा है।

10) साक्षात्कार की तिथि की सूचना समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित की जायेगी।

आवेदनकर्ता अपने आवेदन पत्र का प्रारूपः- जनपद का नाम, वार्ड की सख्या, वार्ड का नाम, अभ्यर्थी का नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि, दिनांक-01.09.2024 -वर्ष माह दिन, धर्म, जाति, वर्तमान पता, स्थाई पता, मोबाईल नं०, वैवाहिक स्थिति (अविवाहित / विवाहित / विधवा / तलाकशुदा)

शैक्षिक योग्यता :-

क्र.स.	शैक्षिक योग्यता	प्राप्तांक / पूर्णांक	प्रतिशत

अनुभव :-

क्र.स.	संस्था का नाम	पदनाम	कब से कब तक	कार्य का विवरण

अभ्यार्थी द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा का प्रारूपः-

मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गयी समस्त जानकारी पूर्ण रूप से सत्य व सही है। आवेदन पत्र पर गलत जानकारी पाये जाने पर मेरा आवेदन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

(हस्ताक्षर अभ्यार्थी)

सम्बन्धित क्षेत्र के पार्षद / सभासद द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र का प्रारूप :-

प्रमाणित किया जाता है कि .....पुत्री/पत्नी.....निवासी .....मेरे वार्ड संख्या..... वार्ड का नाम..... की निवासी है। इन्हे शहरी आशा के रूप मे चयन किये जाने की संस्तुति की जाती है। (हस्ताक्षर पार्षद / सभासद के हस्ताक्षर एवं मोहर/सील)

उपरोक्त से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिये अपने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व क्षेत्र की ए.एन.एम. से सम्पर्क करे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मुरादाबाद

गरमाई राजनीति : बांग्लादेश के बहाने 80 बनाम 20 फीसदी की राजनीति से वोटबैंक पर नजर

राजनीति में योगी का नया प्रयोग है बंटेंगे तो कटेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा में कट्टर हिंदुत्व का इकलौता चेहरा बनकर उभर रहे मुख्यमंत्री योगी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पुराने रूप में आ गए हैं। बंटेंगे तो कटेंगे जैसा बयान देकर एक बार फिर उन्होंने राजनीति में नया प्रयोग किया है। बांग्लादेश के बहाने भाजपा में कट्टर हिंदुत्व का इकलौता बनने साथ 80 बनाम 20 फीसदी की राजनीति से वोटबैंक भी साधने की कोशिश कर रहे हैं।

आगरा में वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश के हालात का संदर्भ देते हुए नारा दिया कि बंटेंगे तो कटेंगे। कहा कि बंटना नहीं है, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे। इसका लक्ष्य जाति में बंटे वोट को वापस धर्म के आधार पर जोड़ने का है। क्योंकि जिन जातियों का वोट हिंदू धर्म के आधार पर एकजुट होकर मिल रहा था, वह इसबार लोकसभा चुनाव में बंट गया। प्रदेश में ही 2019 के मुकाबले 2024 में भाजपा की 29 सीट घट गई। इसकी बड़ी वजह थी कि कोइरी व कुर्मी वोट 19 प्रतिशत, गैर जाटव दलित वोट 20 प्रतिशत और अन्य ओबीसी वोट 24 प्रतिशत तक घट गया। अब अगले कुछ दिनों में 10 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को हिंदुओं के ध्रुवीकरण के अलावा जीत की गारंटी और कुछ नहीं दिख रही है।

जिम्मेदारों का काम भय फैलाना नहीं

योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स लिखा कि जिम्मेदार लोगों का काम भय से बचाना होता है, भय फैलाना नहीं। अगर ये किसी के व्यक्तिगत विचार हैं तो गलत हैं और अगर उनके दल के हैं तो और भी गलत हैं। भाजपा राज में बने भय के इस वातावरण में क्या डबल इंजन कहीं दुबक कर जा बैठा है।

समाज को बांट रहे योगी:ओवैसी

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने योगी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री समाज को विभाजित कर रहे हैं। वे जानते हैं कि भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाना चाहती है। यह उनकी असुरक्षा को दर्शाता है। वह इस तरह के नफरत भरे भाषण के माध्यम से मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं।

ट्रेन से आरपीएफ कर्मियों को फेंकने वाले गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार: चलती ट्रेन से आरपीएफ कर्मियों को बाहर फेंकने वाले चारों शराब तस्करों को उप्र. एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी पटना से की गई है। दो दिन पहले हुई इस घटना में दो आरपीएफ कर्मियों की मौत हो गई थी। मुकदमा गाजीपुर के गहमर थाने में दर्ज किया गया है। एसटीएफ के मुताबिक आरोपी शराब के तस्कर हैं। इसी के विरोध में पुलिस कर्मियों को बाहर फेंका था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पंकज कुमार, प्रेमचंद्र वर्मा, विनय कुमार, विलेंद्र पासी हैं। सभी पटना के रहने वाले हैं।

सार-संक्षेप

मूवमेंट के हित में न रुकेंगे, न झुकेंगे : मायावती

लखनऊ, अमृत विचार : बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि देश में बहुजनों के आत्म सम्मान व अस्मिता के मूवमेंट के हित में न कभी रूकेंगे और न ही झुकेंगे। टूटना तो दूर की बात है। बसपा प्रमुख मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बहुजनों को केवल अपनी शक्ति पर भरोसा करना सीखना होगा, अन्यथा धोखा खाते रहेंगे और लाचारी व गुलामी का जीवन जीने को मजबूर रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद बहुमत से काफी दूर भाजपा के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार का रवैया समय की मांग के अनुसार अब तक सुधारवादी नहीं लगता है। इस प्रकार इसे स्थाई व मजबूत सरकार नहीं कहा जा सकता है। लोकसभा का चुनाव कई तरह की नई संभावनाएं पैदा करता है।

पालघर में रेप के आरोपी को प्रयागराज में पकड़ा

लखनऊ, अमृत विचार : महाराष्ट्र के पालघर में नाबालिग मूक बधिर किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को एसटीएफ ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ ने मुंबई पुलिस के साथ घेराबंदी कर आरोपी को प्राथमिक विद्यालय दांदूपुर के पास पक्की सड़क से पकड़ा। अधिकारियों के मुताबिक महाराष्ट्र में पालघर जिले के वालीव थाने में आरोपी के खिलाफ नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उप्र. एसटीएफ से संपर्क किया। इस पर एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह ने निरीक्षक जय प्रकाश राय को आरोपी की गिरफ्तारी में लगाया। मंगलवार को टीम ने महाराष्ट्र पुलिस के साथ घेराबंदी कर आरोपी को उतरांव से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह मुंबई के नाइक पाड़ा वसई विरार में रहता था। वहीं पर एलईडी लाइट कंपनी में काम करता था। वहीं की 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया।

खेल प्रशिक्षकों के लिए साक्षात्कार 7 सितंबर से

लखनऊ, अमृत विचार। खेल निदेशालय की ओर से सहायक प्रशिक्षकों के 13 पदों की भर्ती के विज्ञापन के सापेक्ष 11 पदों पर 54 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिन्हित किया गया है। इन चिन्हित उम्मीदवारों का साक्षात्कार सात सितंबर से आयोजित किया जाएगा। जिन दो पदों के लिए उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए नहीं मिले उसमें शूटिंग व तलवारबाजी शामिल है। शूटिंग में सहायक प्रशिक्षक के लिए एक भी आवेदन आनलाइन नहीं मिला है। वहीं, तलवारबाजी के लिए कोई योग्य उम्मीदवार ही नहीं मिला है। चिन्हित अभ्यर्थियों की सूची और साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करने से पहले सामान्य व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 60 रुपये और एससी/एसटी अभ्यर्थियों को 20 रुपये शुल्क आनलाइन जमा करना होगा। दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को कोई साक्षात्कार शुल्क नहीं देना होगा।

युवाओं को घूमने के लिए सरकार देगी पैसे

लखनऊ, अमृत विचार : पर्यटन विभाग की तरफ से शुरू की गई मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। 40 आयु वर्ष तक के स्नातक पास युवा आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को पारिश्रमिक के अलावा क्षेत्र भ्रमण के लिए राशि का भुगतान भी किया जाएगा। अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट uptourism.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आवेदन के लिए मान्यता प्राप्त संस्थानों या विश्वविद्यालयों से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक अथवा उच्च शैक्षणिक योग्यता आवश्यक है। आवेदन पत्र में सूचीबद्ध किसी भी क्षेत्र में प्रासंगिक कार्य का अनुभव तथा बीबीए, एमए, एमफिल, पीएचडी, टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा-ट्रैवल एंड टूरिज्म, हास्पिटैलिटी, पर्यटन एवं पुरातत्व में डिग्री या डिप्लोमा को वरीयता दी जाएगी।

मथुरा में कुट्टू के आटे से बने पकौड़े खाने से 120 से अधिक लोग बीमार

अधिकारियों ने छापा मारकर दो दुकानें सील कीं, मुकदमा दर्ज

मथुरा,एजेंसी

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखने वाले 120 से अधिक लोग कुट्टू के आटे से बना पकवान खाने के बाद बीमार हो गये और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार कुट्टू के आटे की आपूर्ति करने वाले दो दुकानदारों के यहां जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापा मारकर दुकानें सील कर दी हैं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखने वाले 60 से अधिक लोगों की कुट्टू के आटे से बने पूड़ी और पकौड़े खाने के बाद विषाक्तता के कारण तबीयत बिगड़ गयी। बाद में बीमारों की संख्या बढ़कर 120 से अधिक हो गयी है। इन लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने के बाद आगरा और मथुरा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों की हालत स्थिर है और उनका इलाज किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैपिड रिस्पांस टीम) के प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद ने बताया कि यह घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे की है जब फरह थाना क्षेत्र के पांच-छह गांवों में फूड प्वॉयजनिंग होने की शिकायत मिली। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम फरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तथा गांवों में पहुंचीं और मरीजों को पहले सीएचसी में लाया गया, लेकिन जब संख्या बढ़ गई तो उन्हें जिला अस्पताल, वृन्दावन स्थित सौ-शैया संयुक्त चिकित्सालय और आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया जा चुका है, जहां उनका उपचार जारी है। उन्होंने कहा कि लोगों की हालत में सुधार हो रहा है।

इरफान सोलंकी के मामले की सुनवाई अब 18 सितंबर को

विधि संवाददाता, प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट में पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की आपराधिक अपील पर मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। मामले की सुनवाई आगामी 18 सितंबर को होगी। सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष हुई। मामले के अनुसार कानपुर की सीसामऊ विधानसभा से सपा के निवर्तमान विधायक और उनके भाई सहित चार लोगों को एमपी/एमएलए कोर्ट ने जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की एक महिला का घर जलाए जाने के मामले में दोषी करार देते हुए 7 जून 2024 को 7 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई थी। विधायक सोलंकी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सोलंकी सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए थे। सजा के बाद उनकी विधायकी छिन गई है।

11,860 बेसहारा बच्चों को सरकार ने दिए 14 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 20 हजार बच्चों को चार हजार रुपये प्रति माह मदद देने का लक्ष्य
- पिछले वित्तीय वर्ष में सात हजार से अधिक को मिले नौ करोड़

अमृत विचार : अनाथ, परित्यक्त और बाल भिक्षुओं (ओएएस) को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार स्पांसरशिप योजना चला रही है। केंद्र सरकार के मिशन वात्सल्य कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 11860 बच्चों को 14.23 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की जा चुकी है।

सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में 20 हजार बच्चों को योजना से लाभांवित करने का लक्ष्य रखा है। इस योजना में 18 साल तक उम्र के ओएएस बच्चों को प्रतिमाह चार हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना में पिछले वित्तीय वर्ष में सात हजार से अधिक बच्चों को 9.10 करोड़ रुपये की सहायता दी गई थी।

महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक संदीप कौर नेबताया कि इस योजना मेंबाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति से बचाये गये व दिव्यांग बच्चों को मदद दी जा रही है। इसी साल जनवरी में चितौआना पंचायत में विभाग ने दो लड़के और दो लड़कियों की मदद की। इनके पिता का निधन हो गया था। परिवार आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा था। इनकी मां ने योजना का लाभ मिलते ही बच्चों का स्कूल में प्रवेश करा दिया था।

महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव बी चंद्रकला ने बताया कि ओएएस बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 जुलाई 2022 को स्पांसरशिप योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना में केंद्र सरकार 60 और राज्य सरकार 40 प्रतिशत खर्च वहन करती है। योजना का मुख्य उद्देश्य ओएएस बच्चे के भविष्य को सुनहरा बनाने के साथ उनके स्कूली जीवन को सुनिश्चित करना है।

वक्फ के साथ कोई नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

मौलाना सैफ अब्बास से बातचीत करते जगदंबिका पाल।

- मंशा-ए-वाकिफ के खिलाफ है वक्फ संशोधन विधेयक : सैफ

अमृत विचार : वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के बनी संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मंगलवार को राजधानी में मौलाना सैफ अब्बास और मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली से मुलाक़ात की। उन्होंने दोनों धर्मगुरुओं को आश्वस्त किया कि विधेयक से वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा मजबूत होगी और मुसलमानों के विकास के रास्ते खुलेंगे।

मौलाना अब्बास ने पाल को सुझाव दिया कि भारत के धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों के साथ संयुक्त संसदीय समिति बैठक करे। विचार विमर्श से जो बात निकले उसे संसद तक पहुंचाएं। पाल ने सरकार की ओर से पेश बिल के फायदे गिनाते हुए कहा कि सरकार वक्फ की रक्षा के लिए यह बिल ला रही है, ताकि कोई भी नुकसान न पहुंचा सके और मुसलमानों का अधिक विकास हो सके। मौलाना ने कहा कि 44 बिंदुओं पर संशोधन कर पेश किए गए बिल में कई कमियां हैं। ये मंशा-ए- वाक़िफ के खिलाफ हैं। मौलाना ने अधिवक्ता मुहम्मद हैदर रिज़वी की टीम के सुझावों और आपत्तियों को प्रस्तुत कर कहा कि इन पर विचार करने की जरूरत है। मौलाना ने पाल से कहा कि विद्वानों और बुद्धिजीवियों एवं संगठन के सुझाव लेने के लिए पोर्टल बनाया जाए। संयुक्त संसदीय समिति के साथ धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों की बैठक कर वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा भी की जानी चाहिए।

मौलाना खालिद रशीद से पाल ने ऐशबाग स्थित इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया में मुलाकात की। मौलाना ने उन्हें 20 बिन्दुओं का ज्ञापन सौंपा। इसमें जिलाधिकारी को जरूरत से ज्यादा अधिकार देने पर एतराज जाहिर किया गया है। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक में कई धाराएं वक्फ के वजूद पर खतरा हैं।

एसएजी जांच में बोल्डर से इंजन टकराने की पुष्टि

कानपुर, अमृत विचार : झांसी रूट पर गोविंदपुरी से भीमसेन स्टेशन के बीच 16 अगस्त की रात साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर बांधे गए बोल्डर (रेल पटरी के टुकड़ा) से टकराने के कारण ही बेपटरी हुई थी। रेलवे की वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी) कमेटी की जांच में यही बात सामने आई है। कमेटी ने तीन दिन में सेंट्रल स्टेशन के कम्युनिटी हॉल में 34 कर्मचारियों के बयान दर्ज किए और स्थलीय निरीक्षण के साथ इंजन को देखा और परखा। एसएजी कमेटी की स्थलीय जांच और पूछताछ में यह बात सामने आई कि ट्रैक से बोल्डर बांधा गया था।

लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया 68 लाख का सोना

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: बैंकॉक से पेस्ट के रूप में बेल्ट में छिपाकर लाया गया 68 लाख रुपये से अधिक कीमत का सोना चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पकड़ा गया।

सोमवार की रात थाई एयर एशिया की उड़ान (एफडी 146) से उतरे यात्रियों की जांच के दौरान कस्टम अधिकारियों ने एक यात्री के पास 68 लाख 42 हजार 850 रुपये का सोना पकड़ा। यात्री बेल्ट के अंदर उक्त सोने का पेस्ट बनाकर रखा था। उसके ऊपर अलग कलर का कपड़ा लगाकर सिलाई कर दी थी लेकिन अधिकारियों ने जांच के दौरान यात्री को धर दबोचा। बरामद सोने का वजन 931 ग्राम बताया जा रहा है।

महाकुंभ में शुद्ध गंगाजल उपलब्ध कराने के संदर्भ में विस्तृत कार्य योजना तलब

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- याचिका पर अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज में 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ की व्यवस्था पर राज्य सरकार से जानकारी मांगते हुए पूछा कि महाकुंभ में बड़ी मात्रा में श्रद्धालु आएंगे ऐसे में सरकार शुद्ध गंगाजल कैसे उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि प्रदेश के शासन व प्रशासन ने देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं, संतो को स्वच्छ तथा पर्याप्त गंगाजल उपलब्ध कराने पर अब तक व्यवस्थित रूप से विचार नहीं किया है। कोर्ट ने इस संदर्भ में विस्तृत कार्य योजना की जानकारी मांगी है।

उक्त प्रश्न मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने अधिवक्ता सुनीता शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र कुमार पांडेय और पूर्व पार्षद कमलेश सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए किया। याचिका में बताया गया है कि लाखों श्रद्धालु, गंगा भक्त और संत महाकुंभ के दौरान प्रयागराज जाते हैं। याची के अधिवक्ता ने यह तर्क दिया कि महाकुंभ में स्नान व पूजन के लिए पर्याप्त और स्वच्छ गंगा जल तभी मिल सकेगा, जब तक कानपुर की टेनरी का पानी रोकने, गंगा में लगातार प्रतिदिन 4 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने, गंगा एवं यमुना में गिरने वाले गंदे नाले को बंद किया जाए। जनहित याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 10 सितंबर को सुनिश्चित की गई है।

वर्ग पहेली-174

बाएं से दाएं

3. 1. खुरदरा, जिसकी सतह चिकनी न हो 2. जिसपर बिस्तर न बिछा हो और सुतली शरीर में गड़ती हो।
5. अत्यधिक भीड़, एक के ऊपर एक गिरना-पड़ना, भेड़ों जैसा अंधानुकरण।
6. (ऐसा प्राणी) जो खुजली रोग से ग्रस्त हो।

ऊपर से नीचे

1. वृद्ध, अधिक उम्रवाला।
2. एक प्रत्यय जो निम्नलिखित अर्थ देता है- 1. विपरीत अर्थ
4. 1. क्रांति लाने वाला, क्रांतिकारी, इनकलाब लाने वाला 2. इनकलाब संबंधी।
5. भेदभाव या भिन्नता पैदा करने की नीति, दूसरों में फूट डालने की नीति।
6. हलका आसमानी रंग।



वर्ग पहेली -173 का हल

	1 के	2 श		3 अ
4 खं	त	रा		म
		5 क	दी	र
6 बं		त		स
	7 द	8 ब	ना	
9 धी		10 ज	मा	ती
11 ति	ल	का		

सुडोकू -87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7		4	9	8		5	
			3		2	8		
1			5					4
		7			9	2		
4	5						9	8
		6	8			3		
3					1			7
		2	7		4			
	8		2	5	6		1	

सुडोकू -86 का हल

9	5	4	6	1	7	2	8	3
1	6	3	9	2	8	5	4	7
8	2	7	4	3	5	1	6	9
4	8	2	7	9	1	3	5	6
6	1	9	8	5	3	4	7	2
3	7	5	2	4	6	9	1	8
5	4	8	3	6	2	7	9	1
2	9	6	1	7	4	8	3	5
7	3	1	5	8	9	6	2	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अगस्त बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 29 अगस्त 01.19 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 15.53 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज आप काफी रोमांटिक मूड में रहेंगे। आवश्यक दस्तावेजों को संभाल कर रखें। ससुराल पक्ष में कुछ परेशानी हो सकती है। अटके हुए कार्यों को तेजी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। बच्चों की जिद पूरी करनी पड़ेगी।

वृष — आज व्यापार में आप जोखिम भरे निर्णय ले सकते हैं। विदेशों से जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। नशे और अनैतिक गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। आपको फिट रहने के लिए पर्याप्त व्यायाम और आराम करना चाहिए।

मिथुन — आज किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको सहयोगियों से थोड़ा सावधान रहना चाहिए। यदि विवाह को लेकर कोई निर्णय ले रहे हैं तो तुरंत निर्णय लेने से बचें। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

कर्क — आज घरेलू सामान की खरीदारी के लिए बाजार जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या संतुलित रखें। फालतू के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। अपनी कार्ययोजना में सुधार लाने का प्रयास करें। मनोनुकूल काम न हो पाने के कारण आपका मन उदास हो सकता है।

सिंह — आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। मेडिकल छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावना बढ़ेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के अधिकार बढ़ सकते हैं।

कन्या — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र से आपको उत्तम परिणाम मिलेंगे। उच्चाधिकारी आपके प्रमोशन की चर्चा करेंगे। बच्चों के साथ समय बिताएंगे। परिजनों के साथ आप मूवी देखने के लिए जा सकते हैं।

तुला — आज विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। लोहे के व्यापार में थोड़ी कठिनायी आ सकती है। धन उधार देने को लेकर धर्म-संकट में फंस सकते हैं। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहेंगे।

वृश्चिक — आज पुरुष जातक महिलाओं के प्रति भाव शुद्ध रखें। तनाव का आपकी नींद पर बुरा असर पड़ सकता है। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर का वातावरण थोड़ा अस्त-व्यस्त रहेगा। किसी कानूनी मामले में उलझ सकते हैं।

धनु — आज अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। कार्यक्षेत्र में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। व्यवसाय में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम मिल सकते हैं। मांगलिक कार्यों में आप सम्मिलित होंगे।

मकर — आज पुराने मतभेदों को लेकर समझौता हो सकता है। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ मिलेगा। कुछ लोग आपकी छवि को लेकर दुष्प्रचार कर सकते हैं। आपकी प्रभावशाली वाणी की लोग प्रशंसा करेंगे। कपड़ा कारोबारियों को व्यवसाय में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

कुंभ — आज अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। स्त्रियों को शरीर में थकावट और सूजन जैसी समस्या महसूस हो सकती है। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ चल रहा विवाद बढ़ सकता है। अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहेंगे।

मीन — आज नौकरीपेशा लोग बॉस से कुछ नाखुश रहेंगे। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य में कुछ कमी हो सकती है। व्यापार के दृष्टिकोण से दिन काफी सामान्य रहने वाला है। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मकसद — सुबह : 10.34
- समुराई — रात : 08.05

&pictures
- रावणासुर — सुबह : 10.58
- गुल मकई — रात : 08.00

SONY PIX
- 2012 — सुबह : 09.34
- गॉडजिला — शाम : 04.41

ZEE CINEMA
- शिवा द सुपर हीरो 2 — सुबह : 11.23
- पाथु थाला — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- अमर अकबर एंथोनी — दोपहर : 12.00
- दिल है तुम्हारा — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी पिक्स पर शाम : 04.41 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चिंटू- तुम लड़कियां लव मैरिज क्यों करती हो?
पिंकी- अनजान नमूना मिलने से अच्छा है, जाना पहचाना नालायक मिल जाए।
लड़की - तुम लड़के लव मैरिज क्यों करते हो?
लड़का- एनाकोंडा मिलने से अच्छा है की पहले से पाली हुई नागिन मिले।

सोनू- यदि आपकी प्रेमिका खूबसूरत, समझदार, ध्यान रखने वाली, कभी न जलने वाली और अच्छे व्यंजन बनाने वाली हो तो उसे आप क्या नाम दोगे?
मोनू- अफवाह...

एक नजर

नियो एनर्जी को पवन-सौर मिश्रित परियोजना मिली

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उसकी शाखा जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) से पवन-सौर मिश्रित बिजली परियोजना के लिए निर्णय पत्र (एलओए) मिला है। जेएसडब्ल्यू ने कहा कि 200 मेगावाट की पवन-सौर मिश्रित बिजली परियोजना जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को शुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली में दी गई है।

जेएलएल के सूचकांक में भारत 31वें स्थान पर

मुंबई। वैश्विक संपत्ति सलाहकार जेएलएल ने मंगलवार को कहा कि भारत का शीर्ष रियल एस्टेट बाजार पहली बार पारदर्शी क्षेत्र में शामिल हो गया है। जेएलएल ने अपना वैश्विक रियल एस्टेट पारदर्शिता सूचकांक, 2024 जारी किया है, जिसके मुताबिक भारत के पहली श्रेणी के बाजारों ने 2.44 के समग्र अंक के साथ पहली बार पारदर्शी क्षेत्र में प्रवेश किया है। 89 देशों में भारत 31वें स्थान पर है। यह सूचकांक वाणिज्यिक संपत्तियों के संस्थागत रूप लेने और डेटा पहुंच में सुधार को दर्शाता है।

मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

मेंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग- 1120 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890
रामपुर : शिवालिक-1000 फ्लैग- 1115 डीएमओ-875 बोल्ड-1190

छोटे शहरों, कस्बों में 40% लोग रोज कर रहे डिजिटल भुगतान

चेज इंडिया की रिपोर्ट में तीसरी से लेकर छठी श्रेणी के शहरों को दर्शाया

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के तीसरे दर्जे के शहरों से लेकर छोटे कस्बों में 40% से अधिक उपभोक्ता दैनिक आधार पर डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल करते हैं जबकि 45% लोग दो दिन में एक बार इसका इस्तेमाल करते हैं। भारत में डिजिटल भुगतान की स्थिति पर जारी चेज इंडिया की रिपोर्ट कहती है कि इसमें देश के तीसरी से लेकर छठी श्रेणी के शहरों में उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल भुगतान के लगातार उपयोग को दर्शाया गया है।

रिपोर्ट में डिजिटल भुगतान सेवाओं को अपनाने में कारोबारियों और उपभोक्ताओं के सामने जमीनी स्तर पर आने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है। ग्रामीण भारत में डिजिटल भुगतान का उपयोग नहीं करने वाले आधे कारोबारी इस सेवा से अनजान हैं। इसके उलट डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल नहीं करने वाले उपभोक्ताओं में से 94% इससे परिचित होने के बावजूद उपयोग नहीं करते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी, सीमित ज्ञान, ऑनलाइन भुगतान में अविश्वास और सेवा-संबंधी समस्याओं के चलते उपभोक्ता डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल नहीं करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 41% कारोबारियों को अपनी बिक्री का 25% से कम डिजिटल भुगतान के माध्यम से मिलता है जबकि लगभग 15% कारोबारियों को बिक्री का 50% से अधिक डिजिटल भुगतान के माध्यम से मिलता है।

- कारोबारियों और उपभोक्ताओं के सामने जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों की हुई पहचान
- 94 प्रतिशत इससे परिचित होने के बावजूद नहीं करते हैं डिजिटल भुगतान सेवाओं उपयोग

1,184 उपभोक्ता व 1,056 कारोबारियों की ली राय

चेज इंडिया की रिपोर्ट कहती है कि यह स्थिति जमीनी स्तर पर डिजिटल भुगतान के उपयोग को बढ़ाने के संबंध में अब भी मौजूद संभावनाओं को दर्शाती है। रिपोर्ट कुल 2,240 उत्तरदाताओं के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में आठ राज्यों को लेते हुए 16 जिलों में फैले 1,184 उपभोक्ता और 1,056 कारोबारियों की राय ली गई।

देश के शीर्ष 150 जिलों में रहते हैं पांच लाख से अधिक आमदनी वाले परिवार

नई दिल्ली। पांच लाख रुपये और उससे अधिक की वार्षिक आय वाले अधिकतर परिवार देश के 150 जिलों में ही रहते हैं। मैपमाइइंडिया-समर्थित आंकड़ा विश्लेषण फर्म क्लैरिटीएक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, चार वर्षों में देश में समृद्धि 17 से 30% तक बढ़ गई है। पांच लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले 60% परिवार देश के शीर्ष 20 % (लगभग 150) जिलों में मौजूद हैं और अखिल भारतीय जिला औसत से ऊपर के कुल जिलों में से दो-तिहाई पश्चिमी भारत में हैं। रिपोर्ट में आय वितरण, स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक प्रोत्साहन, प्रति व्यक्ति शिक्षा सुविधाएं, बुनियादी ढांचे की उपलब्धता, बैंकिंग कवरेज जैसी वित्तीय गतिविधियों जैसे सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के आधार पर जिलों की वृद्धि को मापा गया है। इन संकेतकों के इस्तेमाल से

जिला संभावना सूचकांक (डीपीआई) तैयार किया जाता है। जिलों की वृद्धि को मापने के लिए 2019 के डीपीआई स्कोर की तुलना 2023 के साथ की गई है। भारत में जिलों की संख्या 2019 के 723 से बढ़कर 788 हो गई है। बेंगलुरु शहरी और हैदराबाद जिले 2023 में सभी 788 जिलों में उच्चतम स्कोर के साथ शीर्ष दो स्थानों पर रहे हैं। मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में झारखंड और त्रिपुरा अधिक वृद्धि वाले राज्यों के रूप में उभरे हैं। सबसे तेजी से बढ़ने वाले पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्य उत्तरी क्षेत्रों के हैं।

उतार-चढ़ाव से सेंसेक्स 14 अंक तो निफ्टी शिखर पर

मुंबई। शेयर बाजारों में मंगलवार को काफी उतार-चढ़ाव रहा और बीएसई का सेंसेक्स मामूली 14 अंक के लाभ में रहा। हालांकि, निफ्टी उच्चतम स्तर 25,017 अंक पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया और यूक्रेन में तनाव बढ़ने से मुनाफावसूली से बाजार स्थिर रहा। धातु, टिकाऊ उपभोक्ता और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों में मुनाफावसूली ने दूरसंचार, प्रौद्योगिकी और आईटी शेयरों में लाभ को हल्का किया। सेंसेक्स में छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 13.65 अंक यानी 0.02% की बढ़त के साथ 81,711.76 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 7.15 अंक यानी 0.03% की नाममात्र बढ़त के साथ 25,017.75 अंक पर बंद हुआ। यह नौवां सत्र है जब निफ्टी में तेजी रही है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर होने के साथ मुनाफावसूली हुई। फेडरल के नीतिगत दर में कटौती की संभावना से बाजार में धारणा सकारात्मक है। पश्चिम एशिया और यूक्रेन में तनाव बढ़ने तथा कच्चे तेल के दाम में तेजी से निवेशक सतर्क भी हुए हैं।

पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलकर नई गाड़ी लेने पर 1.5- 3% तक छूट

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख वाणिज्यिक और यात्री वाहन कंपनियां त्योहारों से पहले पुरानी गाड़ियों को कबाड़ में बदलने के बदले नये वाहन खरीदने पर 1.5 से 3% तक छूट देंगी। आधिकारिक बयान में मंगलवार को कहा गया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक में वाहन विनिर्माताओं ने यह सहमति जताई। बयान अनुसार यह पहल देश में संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग (सर्कुलर) वाली अर्थव्यवस्था को गति देने और स्वच्छ, सुरक्षित तथा अधिक कुशल वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गडकरी ने भारत मंडपम में वाहन कंपनियों के शीर्ष निकाय सियाम (सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स) के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बातचीत के दौरान, मंत्री की सलाह पर गौर करते हुए और वाहनों के आधुनिकीकरण तथा संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था के महत्व को पहचानते हुए कई वाणिज्यिक वाहन

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक में वाहन विनिर्माताओं ने सहमति जताई

और यात्री वाहन विनिर्माताओं ने जमा प्रमाणपत्र (स्क्रैपेज सर्टिफिकेट) के बदले सीमित अवधि के लिए छूट देने पर सहमति जताई है। इसमें कहा गया है कि वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता दो साल और यात्री वाहन विनिर्माता एक साल के लिए छूट देने को तैयार हैं। यह छूट पुराने वाहनों को कबाड़ में तब्दील करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इससे सड़कों पर सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक दक्ष वाहनों का चलना सुनिश्चित होगा। मर्सिडीज बेंज इंडिया ने 25,000 रुपये की सीधी छूट देने की पेशकश की है, जो सभी मौजूदा रियायतों के अतिरिक्त होगी।

सड़क कंपनियों की आय में होगी 5-7 % की वृद्धिः क्रिसिल

नई दिल्ली। सड़क इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनियों की आय वृद्धि अगले वित्त वर्ष में नरम होकर पांच से सात प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इसका कारण यह है कि राजमार्ग परियोजनाओं के कम आवंटन से उनके ऑर्डर पर असर पड़ रहा है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट अनुसार, इन कंपनियों की साख स्थिर बनी रहेगी, जिसको परिचालन लाभ और मजबूत बही-खाते का समर्थन प्राप्त है।

जनधन खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये जमा : वित मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत देश में खोले गए 53.13 करोड खाते

प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत अब तक देश में 53.13 करोड खाते खोले जा चुके हैं और इन खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये जमा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने योजना के एक दशक पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर मंगलवार को कहा कि इस योजना के तहत शून्य शेष खातों की अनुमति है और इन खातों में न्यूनतम बैलेंस राशि बनाये रखने की अनिवार्यता नहीं है।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत खुले खातों में से 80% चालू हैं और 8.4% खातों में शून्य शेष राशि है। प्रति खाता औसत शेष राशि मार्च 2015 में 1065 रुपये था जो 18 अगस्त 2024 को बढ़कर 4352 रुपये हो गया है।

जीएसटीः अगली बैठक में सुसंगत दरों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद की अगले महीने होने वाली बैठक में कर दरों को सुसंगत बनाने पर चर्चा होगी लेकिन दरों एवं स्लैब में बदलाव पर अंतिम निर्णय बाद में लिया जाएगा।

एयर इंडिया ने ग्राहक सहायता सेवा को सात क्षेत्रीय भाषाएं और जोड़ीं

मुंबई। एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने आईवीआर प्रणाली में मौजूदा अंग्रेजी और हिंदी के अलावा मराठी, पंजाबी, तमिल और मलयालम सहित सात नई भाषाओं को जोड़कर ग्राहक सहायता सेवाओं को बेहतर बनाया है। एयरलाइन ने कहा कि आईवीआर (इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स) प्रणाली अब उपयोगकर्ता के मोबाइल नेटवर्क पर ग्राहक की भाषा वरीयता को स्वचालित रूप से पहचान लेगी, जिससे भाषा चुनने की जरूरत समाप्त हो जाएगी और प्रतिक्रिया का समय कम हो जाएगा।

राष्ट्रीय

279 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

जम्मू कश्मीर विस चुनाव : सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में 18 सितंबर हो मतदान

जम्मू, एजेंसी

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने दी नामांकन करने वालों की जानकारी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में प्रदेश के सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में 279 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। 18 सितंबर के चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन का मंगलवार को आखिरी दिन था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से नामांकन करने वालों की जानकारी दी गई है। प्रदेश के अनंतनाग जिले में 72, पुलवामा में 55, डोडा में 41, किश्तवाड़ में 32, शोपियां में 28, कुलगाम में 28, रामबन में 23 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। वहीं, जम्मू संभाग के किश्तवाड़ के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 13 ने 48-इंदरवाल से, 11 ने 49-किश्तवाड़, 8 ने 50-पद्दर-नागसेनी से नामांकन किया। डोडा के तीन विस क्षेत्रों में 16 ने 51-भद्रवाह, 16 ने 52-डोडा, 9 ने 53-डोडा पश्चिम से पर्चा भरा। रामबन के दो विस क्षेत्रों में 54-रामबन से 13 ने, 55-बनिहाल से 10 ने नामांकन किया। कश्मीर में पुलवामा के चार विस क्षेत्रों में 32-पंपोर से 16 ने, 33-त्राल से 13, 34-पुलवामा से 14 ने पत्र दाखिल किया, जबकि 35-राजपोरा से 12, शोपियां के 36-जैनपोरा से 15, 37-शोपियां से 13, कुलगाम के तीन विस क्षेत्रों में 38-डीएच पोरा से 6, 39-कुलगाम से 11, 40-देवसर से 11 तो अनंतनाग के सात विस क्षेत्रों के लिए 12 ने 41-डूरू, 11 ने 42-कोकरनाग (एसटी), 14 ने 43-अनंतनाग पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया है।

भाजपा ने 29 और प्रत्याशियों की सूची की जारी

नई दिल्ली। भाजपा ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 29 और उम्मीदवारों की सूची जारी की। साथ ही पार्टी अब तक 45 सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। भाजपा ने देवेंद्र सिंह राणा को नगरोटा सीट और सतीश शर्मा को बिलावर सीट से उम्मीदवार है। पार्टी ने सोमवार को जारी सूची में एक बदलाव किया है। उसने श्री माता वैष्णो देवी सीट से रोहित दुबे के स्थान पर बलदेव राज शर्मा मैदान में है। भाजपा की ताजा सूची में दूसरे चरण के लिए 10 और तीसरे के लिए 19 उम्मीदवार हैं। भाजपा ने अभी तक नौशेरा के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है जिसका प्रतिनिधित्व 2014 में उसके मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने किया था।

नेकां ने की 32 नामों की सूची जारी, उमर गंदेरबल से लड़ेंगे चुनाव

श्रीनगर। नेशनल कांफ्रेंस ने मंगलवार को 32 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गंदेरबल क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। गंदेरबल श्रीनगर लोकसभा सीट का हिस्सा है और दशकों से अब्दुल्ला परिवार का गढ़ रहा है। उमर अब्दुल्ला के अलावा अन्य उम्मीदवारों में सांसद मियां अल्ताफ के बेटे मियां मेहर अली कंगन से चुनाव लड़ेंगे। दिलचस्प यह है कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद अब्दुल्ला ने राज्य का दर्जा बहाल होने तक विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की कसम खायी थी। इसी के साथ पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी इसको लेकर चुनाव नहीं लड़ने की प्रतिबद्धता जताई थी।

मैं पक्षपात करुंगा, मियां मुस्लिमों को कब्जा नहीं करने दूंगा : हिमंत

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि वह पक्षपात करेंगे और मियां मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने देंगे। शर्मा नागांव में 14 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना पर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर विपक्षी दलों के कार्य स्थगन प्रस्ताव पर विधानसभा में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित रखा जाता तो अपराध की दर नहीं बढ़ती। विपक्ष के पक्षपात के आरोप पर शर्मा ने कहा कि मैं पक्षपात करुंगा। आप क्या कर सकते है? लोअर असम के लोग अपर असम क्यों जाएंगे? ताकि मिया मुस्लिम असम पर कब्जा कर लें? हम ऐसा नहीं होने देंगे। नोकझोंक के बीच सत्ता और विपक्ष के सदस्य आसन के पास आ गए जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी को कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस, एआईयूडीएफ और माकपा विधायकों ने महिलाओं के प्रति अपराध समेत बढ़ती जुर्म से उत्पन्न हालात पर चर्चा के लिए कार्य स्थगन प्रस्ताव दिया था।

सरकार ने टैक्स टेररिज्म से मध्यम वर्ग की कमर तोड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर टैक्स टेररिज्म से मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने का आरोप लगाया और दावा किया कि यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्रों की संपत्ति बचाने एवं बढ़ाने के लिए हो रहा है।

उन्होंने कहा कि वह इस आतंक और अन्याय के विरुद्ध भारतीयों के साथ खड़े हैं। राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सऐप चैनल पर पोस्ट किया कि टैक्स टेररिज्म भाजपा राज का एक खतरनाक चेहरा है। यही सच्चाई है। आज हिंदुस्तान में टैक्स टारगेट का भार मध्यम वर्ग की आमदनी पर डाल दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि मध्यम वर्ग के वेतन में वर्षों कोई

- राहुल गांधी बोले- ये सब प्रधानमंत्री के मित्रों की संपत्ति बढ़ाने को हो रहा

बढ़ोतरी नहीं हुई, लेकिन आयकर में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि महंगाई के दौर में, हर चीज़ पर जीएसटी देने वाले मध्यम वर्ग को सोचना चाहिए कि क्या आपकी आमदनी बड़े व्यापारियों से ज्यादा है? क्या आपको सरकारी सुविधाओं का कोई विशेष लाभ मिल रहा है? नहीं ना! फिर मध्यम वर्ग से ये वसूली क्यों हो रही है? जब आपको डरा कर, जेब काटी जाए, यही है टैक्स टेररिज्म का चक्रव्यूह। गांधी ने कहा कि मोदी अपने मित्रों की संपत्ति बढ़ाने को मध्यम वर्ग की कमर तोड़ रहे हैं।

एक नजर

नीट प्रश्नपत्रः दो अभियुक्तों को पुलिस रिमांड पर भेजा

पटना। बिहार में पटना की विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में दो और गिरफ्तार अभियुक्तों को सात दिनों के पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया। सीबीआई ने झारखंड के बोकारो ज़िला निवासी सुदीप कुमार और कुमार युवराज को गिरफ्तार किया था।

दो महिला चिकित्सकों का पीछा करने में तीन पर केस

हिसार। हरियाणा के हिसार में महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज की दो जूनियर महिला चिकित्सकों का पीछा करने तथा अभद्र टिप्पणियां के आरोप में तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह घटना 23 अगस्त शाम को अग्रोहा में तब हुई जब महिला चिकित्सक ड्यूटी पूरी करने के बाद हॉस्टल जा रही थीं।

कोर्ट ने आयुष मंत्रालय की अधिसूचना पर लगाई रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आयुष मंत्रालय की अधिसूचना पर रोक लगा दी, जिसमें आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने वाले औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के नियम 170 को हटाया गया था। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि अधिसूचना उसके आदेश के विपरीत है।

सीबीआई ने एएसआई का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की मांगी अनुमति

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई ने कोलकाता की अदालत से शहर के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) अनूप दत्ता का पॉलीग्राफ कराने की अनुमति मांगी है। दत्ता को प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय का करीबी बताया जाता है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सीबीआई जांच कर रही है कि क्या दत्ता ने अपराध छुपाने में रॉय की मदद की थी। दत्ता ने रॉय को कई तरह के लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सीबीआई पता लगाने में जुटी है कि क्या रॉय ने दत्ता को अपराध के बारे में बताया था और क्या उसे कोई मदद मिली थी। अदालत दत्ता की सहमति लेने के बाद पॉलीग्राफ के आवेदन पर फैसला करेगी।

महिला चिकित्सक से दरिंदगी

ईडी ने अनियमितताओं पर धन शोधन का मामला किया दर्ज

कोलकाता। ईडी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और कुछ अन्य के कार्यकाल में हुए कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के तहत धन शोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (के तहत प्राथमिकी के समकक्ष अपनी प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने के लिए सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान लिया है।

100 कलाकारों ने की सुरक्षित कार्यस्थल की मांग

कोलकाता। बंगाली फिल्म उद्योग से जुड़ी सौ से अधिक महिला कलाकारों ने डॉक्टर से दरिंदगी के खिलाफ सरकारी टेली अकादमी को पत्र लिख सुरक्षित कार्यस्थल की मांग की। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में निर्देशक अपर्णा सेन, अभिनेत्री रूपा गांगुली, स्वस्तिका मुखर्जी, पाओली दाम, सोहिनी सरकार, बिदिप्ता चक्रवर्ती, चैताली दास गुप्ता, अनुराधा रे और शकुंतला बरुआ शामिल हैं। पत्र ईस्टर्न इंडिया मोशन पिक्चर एसोसिएशन और वेस्ट बंगाल मोशन पिक्चर आर्टिस्ट फोरम को भेजा गया है।

धन का उपयोग केजरीवाल की इच्छानुसार हुआ : सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की अदालत के समक्ष दावा किया कि आबकारी घोटाले से अर्जित धन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की इच्छानुसार खर्च हुआ, जिन्होंने 2022 के गोवा विधानसभा चुनाव में पार्टी के हर उम्मीदवार को 90-90 लाख रुपये देने का वादा किया था।

सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष यह दलील दी। सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल और अन्य के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लेने का आग्रह किया। अदालत ने इस पर संज्ञान लेने के बारे में आदेश तीन सितंबर तक सुरक्षित रख लिया।

आबकारी घोटाला

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 सितंबर तक बढ़ी

नई दिल्ली। आबकारी घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 3 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई। राउज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। पूरक आरोपपत्र में पांच अन्य लोगों पर कथित घोटाले से शामिल होने के आरोप लगाए हैं। सीबीआई ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाने की गुहार लगाई थी, लेकिन अदालत ने उसे ठुकरा दिया।

जाम में फंसे जज डीजीपी तलब

रांची। रांची में खराब यातायात प्रबंधन से नाखुश झारखंड हाईकोर्ट के जज संजय द्विवेदी ने मंगलवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता और अन्य अधिकारियों को कोर्ट में तलब किया। जज ने अधिकारियों को अवगत कराया कि वह 23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास के सामने बहुत देर तक जाम में फंसे रहे। उस दिन विपक्षी दल भाजपा की विरोध रैली थी। उन्होंने कहा कि यह जज की सुरक्षा में गंभीर चूक है। सुरक्षा केवल राजनेताओं और नेताओं के लिए है। डीजीपी ने पीठ से माफी मांगी व आश्वासन दिया कि सुचारू यातायात सुनिश्चित करेगा।

सरकारी अस्पताल के पास नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर में घर से लापता 15 साल की लड़की से दो लोगों ने सरकार अस्पताल के पीछे कूड़ा फेंकने के स्थान पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने घटना को लेक भाजपा सरकार को घेरा। गहलोत ने एक्स पर लिखा महात्मा गांधी राजकीय अस्पताल में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना राज्य में जंगलराज के हालातों का एक और उदाहरण है।

18 राज्यों के मुख्य सचिव न्यायालय में हुए पेश

नई दिल्ली। न्यायिक अधिकारियों को बकाया पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों के कथित गैर-अनुपालन को लेकर 18 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, केरल व दिल्ली तथा केंद्र शासित प्रदेशों के अनुपालन हलफनामों पर संज्ञान लिया और सुनवाई बंद करने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की।

- एसएनजेपीसी प्रस्तावों का गैर-अनुपालन पर किए गए तलब

पराली जलाने, प्रदूषण से निपटने की बताएं योजनाः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारियों की कमी के कारण ठीक से काम नहीं कर पा रहा है। दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन को जिम्मेदार निकाय से सर्दियों के समय प्रदूषण और पराली जलाने से निपटने के लिए योजना बताने को कहा।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष को मामले की सुनवाई के दौरान डिजिटल तरीके से उपस्थित रहने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि आज स्थिति यह है कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं, जिससे वे ठीक ढंग से काम नहीं कर पा रहे हैं... इसलिए हम सीएक्यूएम के अध्यक्ष से अनुरोध करते हैं कि वे सुनवाई की अगली तारीख पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उपस्थित रहें और बताएं कि आयोग कौन से कदम उठाना प्रस्तावित है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारियों की कमी के कारण नहीं कर पा रहा ठीक से काम

प्रतिनिधित्व की कमी से कैसे काम करेगी सीएक्यूएम

पीठ ने सवाल किया कि सीएक्यूएम द्वारा गठित होने वाली सुरक्षा और प्रवर्तन संबंधी उप-समिति, रिक्त पदों से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रतिनिधित्व की कमी पर कैसे काम करेगी। पीठ ने पांचों एनसीआर राज्यों के रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया, अच्छा हो यह 30 अप्रैल, 2025 से पहले हो। पीठ ने सीएक्यूएम अध्यक्ष को हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया, जिसमें बताया जाए कि आयोग द्वारा वायु प्रदूषण को रोकने के लिए क्या कदम उठाया जाएगा, जिसे दिल्ली से सटे राज्यों में पराली जलाने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। पीठ ने अगली सुनवाई 2 सितंबर को करना निर्धारित किया।

खेल डायरी

गुकेश ने ड्रॉ खेला, फिरोजा ने बढ़त मजबूत की

सेंट लुई (अमेरिका)। भारत के ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप में एक बार फिर अपनी बाजी ड्रॉ खेली तथा अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे जबकि फ्रांस के खिलाड़ी अलीरेज़ा फ़िरोज़ा ने सातवें दौर में पूरे अंक लेकर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने लगातार सातवीं बाजी ड्रॉ खेली। उन्होंने रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ अंक बांटे। अब जबकि दो राउंड का खेल बाकी है तब फिरोजा पांच अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने सातवें दौर में चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया। कारूआना उनसे एक अंक पीछे हैं। पांच खिलाड़ी अमेरिका के वेस्ली सो, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव, फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव, गुकेश और प्रज्ञाननंदा 3.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। लिरेन और नेपोम्नियाचची इनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि नीदरलैंड के अनीश गिरी 2.5 अंकों के साथ तालिका में

सेमवाल-निरुपमा ने स्क्वाश में जीते खिताब

मुंबई। ओम सेमवाल और निरूपमा दुबे ने यहां गरवारे क्लब हाउस अखिल भारतीय एसआरएफआई स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमश: पुरुष और महिला ओपन के खिताब जीते। मुंबई के सेमवाल ने पुरुष वर्ग के फाइनल में अपने श्रीलंकाई प्रतिद्वंद्वी और दूसरी वरीयता प्राप्त शमिल वकील को 11-4, 4-11, 6-11, 13-11, 11-4 से हराकर शरद पवार ट्रॉफी जीती। महिलाओं के फाइनल में निरुपमा ने हमवतन तनिष्का जैन पर 11-6, 12-10, 3-11, 11-9 से जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय स्क्वाश महासंघ के तत्वावधान में किया गया था।

रुतुपर्णा-श्वेतपर्णा कोरिया ओपन के पहले दौर में हारीं

सोल। रुतुपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी मंगलवार को यहां कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में सीधे गेम में हार के साथ बाहर हो गई। पांडा बहनों को सीह पेई शेन और हुग इन जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ 37 मिनट चले मुकाबले में 18-21 5-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में तीन भारतीय आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़ और अश्मिता चालिहा चुनौती पेश कर रही हैं। आकर्षी को पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से भिड़ना है जबकि मालविका और अश्मिता को बुधवार को क्रमश: डेनमार्क की होजमार्क जार्सफेल्ट और थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ खेलना है। पुरुष एकल और पुरुष युगल में कोई भारतीय खिलाड़ी चुनौती पेश नहीं कर रहा। मिश्रित युगल में आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वेन के रूप में एकमात्र भारतीय जोड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है। यह जोड़ी पहले दौर में सुंग ह्युन को और ह्ये वो इयोम की स्थानीय जोड़ी से भिड़ेगी।

तारिणी को अंडर-19 टूर्नामेंट में दोहरा खिताब

मुंबई। मुंबई की तारिणी सूरी ने हैदराबाद में हुए कोटक इंडिया जूनियर अंडर-19 अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के लड़कियों के युगल और मिश्रित युगल वर्ग का खिताब जीता। टूर्नामेंट का आयोजन हैदराबाद की गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में किया गया। 17 साल की तारिणी ने श्रावणी वालेकर के साथ मिलकर लड़कियों के युगल फाइनल में केयला पुत्री और मिशा वारडोयो की इंडोनेशिया की जोड़ी को 21-10, 21-15 से हराया। तारिणी और भव्या छाबड़ा ने इसके बाद मिश्रित युगल फाइनल में उलटफेर करते हुए अतावुत श्रीपीव और पनावी पोलयिआम की थाईलैंड की शीर्ष वरीय जोड़ी को 21-13, 19-21, 21-14 से हराकर खिताब जीता। तारिणी उस भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं जो 30 सितंबर से चीन के नानचैंग में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

25 पदक की सीमा लांघने उतरेंगे 84 पैरालंपियन

पेरिस पैरालंपिक : सबसे बड़े दल से रिकॉर्ड पदकों की उम्मीद, सुमित और भाग्यश्री होंगे भारत के ध्वजवाहक

पेरिस, एजेंसी

भारत ने बुधवार से यहां शुरू होने वाले पैरालंपिक खेलों के लिए 84 खिलाड़ियों का मजबूत दल भेजा है जिनसे उसे रिकॉर्ड पदक जीतने की उम्मीद है। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे और वह समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था। इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है।

भारत ने यह लक्ष्य इसलिए तय किया है क्योंकि इस बार उसका सबसे बड़ा दल इन खेलों में भाग लेगा। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके उम्मीद बढ़ा दी है। भारत ने पिछले साल हांग्झोऊ एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे। इसके बाद मई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आधा दर्जन स्वर्ण सहित 17 पदक जीते। एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले कई खिलाड़ी पैरालंपिक टीम में शामिल हैं। इनमें विश्व रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल (एफ64) और राइफल निशानेबाज अवनि लेखरा (10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1) जैसे शीर्ष सितारे शामिल हैं। ये दोनों तोक्यो में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे।

38 एथलेटिक्स खिलाड़ियों से देश को है काफी उम्मीद

12 खेलों में इस बार भाग ले रहा है भारतीय दल

2021 तोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित जीते थे रिकॉर्ड 19 पदक

24 वें स्थान पर रहा था भारतीय दल समग्र रैंकिंग में

29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे भारत ने पिछले साल हांग्झोऊ एशियाई पैरा खेलों में

54 सदस्यीय टीम ने तोक्यो में 9 खेलों में लिया था हिस्सा

भारत के लिए पैरा-एथलेटिक्स टीम ने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है और इस बार भी एथलेटिक्स में भाग ले रहे 38 खिलाड़ियों से देश को काफी उम्मीद है।

पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल हैं, जो अपने पैरों से निशाना लगाती है। उनके अलावा होकाटो सेमा (शॉट पुट) और नारायण कोंगनापल्ले (रोवर) और कई अन्य खिलाड़ी पदक के दावेदार हैं। भारत इस बार 12 खेलों में भाग ले रहा है, जबकि तोक्यो में 54 सदस्यीय टीम ने नौ खेलों में भाग लिया था। निशानेबाज मनीष नरवाल और बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जो पिछले पैरालंपिक में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे। 17 साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपना बायां पांव गंवाने वाले सुमित ने मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था और वह पेरिस में उसी स्थान पर 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की उम्मीद कर रहे हैं जहां नीरज चोपड़ा ने इस महीने के शुरू में ओलंपिक रजत पदक जीता था।

लेखरा ने एक स्वर्ण और एक कांस्य के साथ तोक्यो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दो पदक जीते थे। उनके अलावा सिंहराज अधाना (रजत और कांस्य) ने भी दो पदक हासिल किए थे लेकिन वह मौजूदा टीम में जगह नहीं बना सके। लेखरा पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला थीं। वह अब पैरालंपिक में तीन पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होना चाहेगी। तोक्यो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के कारण इस बार पैरालंपिक में भाग नहीं ले पाएंगे। तोक्यो में रजत पदक जीतने वाले सुहास यतिराज (पुरुष एकल और मिश्रित युगल) फिर से पदक के दावेदार होंगे। पैरा तीरंदाजी में शीतल और हरविंदर सिंह पदक के दावेदारों में से होंगे। हरविंदर ने तोक्यो में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में कांस्य पदक जीता था। तोक्यो में टेबल टेनिस में रजत पदक जीतने वाली भाविनाबेन पटेल का लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। व्हीलचेयर पर बैठकर खेलने वाली यह खिलाड़ी महिला एकल एस4 और महिला युगल डी10 स्पर्धाओं में भाग लेगी। एशियाई पैरा खेलों में एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले सुमित अंतिल और शॉट पुटर भाग्यश्री जाधव पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार किसी स्टेडियम के बाहर आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे।

उद्घाटन में होंगे भारतीय दल के 100 से अधिक सदस्य

पेरिस। भारतीय दल के 100 से अधिक सदस्य बुधवार को पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे जिनमें 52 खिलाड़ी शामिल है। यह समारोह खेलो के इतिहास में पहली बार स्टेडियम से बाहर आयोजित होगा। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया ने कहा जिन खिलाड़ियों की 29 अगस्त को स्पर्धायें हैं, वे उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लेंगे। निशानेबाजी टीम देशों की परेड में भाग नहीं लेगी। देशों की परेड में भारत के 106 सदस्य हिस्सा लेंगे जिनमें 52 खिलाड़ी और 54 अधिकारी हैं।

टी-20 विश्व कप में पार करेंगे आखिरी बाधा : कौर

नई दिल्ली, एजेंसी

- 3 से 20 अक्टूबर तक यूएई में होगा महिला टी-20 विश्व कप

कप्तान हरमनप्रीत कौर आशावादी हैं कि भारत आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के दौरान अपना पहला वैश्विक खिताब जीतेगा। उन्होंने कहा कि यूएई की परिस्थितियां उनकी टीम के लिए फायदेमंद होंगी। आईसीसी ने बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाले महिला टी-20 विश्व कप को यूएई में स्थानांतरित कर दिया था।

हरमनप्रीत ने कहा जब भी हम इस तरह के मंच पर खेलते हैं तो हम हमेशा अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हमने अतीत में भी हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है और उम्मीद करते हैं कि इस बार हम अंतिम बाधा को पार करने में सफल रहेंगे और खिताब जीतेंगे। हरमनप्रीत को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। 35 साल की हरमनप्रीत ने कहा कि यूएई की परिस्थितियां भारत से काफी मिलती-जुलती हैं। उम्मीद है परिणाम टीम के हक में होंगे।

दलीप ट्रॉफी

बीमार सिराज बाहर जडेजा को और आराम की स्वीकृति

मुंबई। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज बीमारी के कारण दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैच में नहीं खेल पाएंगे जबकि बीसीसीआई की चयन समिति ने रविंद्र जडेजा की आराम की अवधि बढ़ा दी है।

दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में दो मैच शामिल होने हैं जो पांच से आठ सितंबर तक खेले जाएंगे। इसमें भारत ए का मुकाबला भारत बी से बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा जबकि भारत सी की टीम भारत डी से अनंतपुर के ग्रामीण विकास ट्रस्ट स्टेडियम ए में खेलेगी।

लीजेंड्स टूर में खेलेंगे जीव-रंधावा

- 30 से ग्रेटर नोएडा में शुरू होगी प्रतियोगिता, 64 खिलाड़ी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा सहित 64 खिलाड़ी 30 अगस्त से ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स पर पहली एचएसबीसी इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

यह देश में लीजेंड्स टूर की पहली प्रतियोगिता होगी। इसकी इनामी राशि पांच लाख डॉलर है और इसमें 2005 के अमेरिकी ओपन चैंपियन न्यूजीलैड के माइकल कैंपबेल भी शिरकत करेंगे। इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप के विजेता को 74,250 डॉलर जबकि उप विजेता को 49,000 डॉलर मिलेंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी की झोली में 32,700 डॉलर आएंगे। यह प्रतियोगिता 54 होल की होगी और इससे पहले 28 और 29 अगस्त को प्रो-ऐम प्रतियोगिता खेली जाएगी। लीजेंड्स टूर पेशेवर गोल्फ टूर है जिसमें 50 और इससे अधिक वर्ष के पुरुष गोल्फर हिस्सा लेते हैं। इसका संचालन पीजीए यूरोपीय टूर करता है। इसकी शुरुआत 1992 में यूरोपीय सीनियर टूर के रूप में हुई और 2020 में इस लीजेंड्स टूर नाम दिया गया। पीजीटीआई से इस टूर्नामेंट की मेजबानी जीव कर रहे हैं। इसमें 17 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

लीजेंड्स चैंपियनशिप के लिए टी-शर्ट लॉन्च करते आयोजक व खिलाड़ी।

अमेरिकी ओपन : 89वां मैच जीत कर जोकोविच ने की रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी

दूसरे दौर में पहुंचे नोवाक-गॉफ

न्यूयॉर्क, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पहले दौर के मैच में मोल्दोवा के क्वालीफायर राडू अल्बोट को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया। उन्होंने अमेरिकी ओपन में 89वां मैच जीत कर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की कवायद में हैं।

जोकोविच का अगला मुकाबला सर्बिया के उनके हमवतन लास्लो जेरे से होगा जिन्होंने जान लेनार्ड स्ट्रफ पर 6-7 (7), 6-1, 6-7 (7), 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। एक साल पहले जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में जेरे से पहले दो सेट हार गए थे लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करके पांच सेट में यह मुकाबला जीता था। गॉफ ने पहले दौर के मैच में वरवरा ग्रेचेवा को 6-2, 6-0 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्लोएन स्टीफंस ने क्लारा ब्यूरेल के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन, 24वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच, 12वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना और 14वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज शामिल है।

पहले दौर में बाहर हुए सुमित नागल

न्यूयॉर्क। भारत के शीर्ष खिलाड़ी सुमित नागल यहां शुरुआती दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से सीधे सेटों में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए। नागल को अपनी पहली सर्विस में संघर्ष करना पड़ा और ग्रिक्सपुर से हार गए। नागल ने 2:20 मिनट तक चले मैच में दो बार प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ी जबकि नीदरलैंड के खिलाड़ी ने ब्रेक प्वाइंट के 11 मौकों में से छह को भुनाया। नागल को लय हासिल करने में कुछ समय लगा। पुरुष युगल में भारत के रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी और नागल अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ खेलेंगे।

डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर भारत, पाकिस्तान 8वें स्थान पर

दुबई। पाकिस्तान रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 10 विकेट की हार और उसके बाद धीमी ओवर गति की पेनल्टी के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में आठवें स्थान पर खिसक गया है। वहीं, भारत नौ मैचों में छह जीत हासिल करके 74 अंकों और 68.52 के जीत प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है।

पाकिस्तान छह मैचों के बाद 16 अंकों और 22.22 के जीत प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर है। वह केवल वेस्टइंडीज से आगे है। रविवार को समाप्त हुए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज करने वाला बांग्लादेश 21 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। उसने अब तक अपने पांच में से दो मैच जीते हैं। पाकिस्तान के लिए पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण स्थिति और अधिक निराशाजनक हो गई है।

जय शाह के बाद बीसीसीआई सचिव पद का कार्यभार संभाल सकते हैं रोहन

दुबई, एजेंसी

- आईसीसी की सबसे दमदार वित्त और व्यावसायिक मामलों की उप समिति के प्रमुख हैं शाह

बीसीसीआई सचिव जय शाह दिसंबर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगले चेयरमैन बनेंगे क्योंकि इस पद के लिए वह अकेले उम्मीदवार बचे थे। आईसीसी ने मंगलवार को यह घोषणा की। वहीं, भाजपा नेता रहे अरुण जेटली के पुत्र रोहन जेटली बीसीसीआई के सचिव होंगे।

35 वर्ष के शाह निवर्तमान ग्रेग बार्कले की जगह लेंगे जिन्होंने लगातार तीसरी बार दावेदारी नहीं करने का फैसला किया। शाह ने आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन के तौर पर नामित होने से अभिभूत हूं। शाह को अब बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ना होगा जिस पर वह 2019 से काबिज हैं। बोर्ड की आमसभा की बैठक अगले महीने या अक्तूबर में होगी। शाह इस समय आईसीसी की सबसे दमदार वित्त और व्यावसायिक मामलों की उप समिति के प्रमुख है। वह 2022 में इस उप समिति के अध्यक्ष बने थे।

बॉलीवुड हलचल

कोहरा 2 में शामिल हुईं मोना सिंह

मुंबई। सुपरहिट फिल्म मुंज्या में अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के बाद अभिनेत्री मोना सिंह, बरुन सोबती अभिनीत कोहरा के दूसरे सीजन में दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने कोहरा सीजन 2 के बारे मे इंस्टाग्राम पर जानकारी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा,एक नया रहस्य, एक नई जांच, कोहरा जल्द ही छंटेगा, कोहरा सीजन 2 जल्द ही आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर। कोहरा, जिसने 2023 में दर्शकों को खूब रोमांचित किया था, अब नए चेहरों, नए रहस्य और जांच के साथ दूसरे सीज़न के लिए वापस आने के लिए तैयार है। इस शो के सीजन 1 को खूब सराहना मिली थी। शो कोहरा 2 का निर्देशन फैसल रहमान के साथ शोरनर, निर्माता और सह-निर्माता सुदीप शर्मा द्वारा किया जाएगा और एक्ट थ्री प्रोडक्शंस और फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया जाएगा। निर्माता और निर्देशक के रूप में यह सुदीप शर्मा की पहली फिल्म होगी। कोहरा पंजाब की एक पुलिस प्रक्रियात्मक कहानी है जो एक एनआरआई व्यक्ति की हत्या के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें सुविंदर विक्की और बरुण सोबती मामले की जांच कर रहे पुलिसकर्मी की भूमिका निभाते नजर आएंगे, हरलीन सेठी सुरिंदर की बेटी की भूमिका में हैं और लगान की राचेल शेली एनआरआई बच्चे के दोस्त की मां की भूमिका में हैं।

टोरंटो फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी आवारा

मुंबई। भारतीय सिनेमा जगत के पहले शोमैन कहे जाने वाले राज कपूर की सुपरहिट फिल्म आवारा टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित की जाएगी। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर घोषणा की कि फिल्म आवारा को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के क्लासिक सेक्शन 2024 में प्रदर्शित किया जाएगा। इस 4के रेस्टोरेशन के शानदार प्रयास का नेतृत्व एनएफडीसी और 'नेशनल फिल्म आर्काइव ऑफ इंडिया ने किया है। राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन का हिस्सा, रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट में कुणाल कपूर की देखरेख में उन्नत कलर ग्रेडिंग शामिल है। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य यही रहा है कि फिल्म अपने मूल रूप में बनी रहे और दर्शकों के सामने उसी तरह आए। इस परियोजना को भारत के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने वित्त पोषित किया है। यह परियोजना कपूर की शताब्दी उत्सव को मनाने के लिए शुरू की गई है, जिसे दिसंबर 2024 में मनाया जाएगा। फिल्म प्रेमियों को आवारा 4के में 13 सितंबर, 2024 को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में देखने को मिलेगी।

कियारा से बहुत प्रेरित हैं शरवरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी, कियारा आडवाणी से बहुत प्रेरित हैं। कियारा आडवाणी निस्संदेह भारतीय सिनेमा की बहुमुखी और पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने काम, अभिनय और इंडस्ट्री में अपने सफर के साथ, कियारा आडवाणी कई युवा अभिनेत्रियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। शरवरी वाघ ने हाल ही में कियारा आडवाणी के बारे में बात की और कहा, मुझे वाकई लगता है कि कियारा आडवाणी का सफर बहुत प्रेरणादायक है, क्योंकि मुझे लगता है कि वह बहुत लंबे समय तक ऐसी फ़िल्मों का हिस्सा रहीं, जिनके बारे में लोगों को पता भी नहीं था और आज वह टॉप अभिनेत्रियों में से एक हैं। मुझे लगता है कि दृढ़ संकल्प, मुझे यकीन है कि उन्हें आगे बढ़ते रहना था और खुद को बेहतर बनाना था और बेहतर प्रदर्शन करना था। मुझे लगता है कि यह कुछ प्रेरणादायक है। कियारा आडवाणी फिल्म गेम चेंजर, वॉर 2 और डॉन 3 में नजर आएंगी, जबकि शरवरी अगली बार फिल्म अल्फा में नजर आएंगी।

स्त्री 2 की कमाई 400 करोड़ के पार

मुंबई। बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2, ने भारतीय बाजार में 400 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं। अमर कौशिक के निर्देशन में बनीं फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया है। फिल्म स्त्री 2, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। इससे पूर्व 14 अगस्त को पेड प्रिव्यू से स्त्री 2 ने 8.50 करोड़ रुपये की कमाई की थी। स्त्री 2 ने शानदार कमाई का सिलसिला जारी रखा है। स्त्री 2 ने देशभर के बॉक्स-ऑफिस पर 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। स्त्री 2 का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

चीनी जहाजों ने मनीला के जहाज को रोका

मनीला। चीन ने 40 जहाजों के अत्यधिक बल प्रयोग से फिलीपीन के दो जहाजों को दक्षिण चीन सागर में एक विवादित द्वीप पर मनीला के सबसे बड़े तटरक्षक जहाज को खाद्य एवं अन्य सामान की आपूर्ति करने से रोक दिया। दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय विवाद का यह ताजा मामला है। चीन, फिलीपीन ने टकराव के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है।

बुर्किना फासो में आतंकी हमले में 100 की मौत

अबुजा। मध्य बुर्किना फासो के एक गांव में अल-कायदा से जुड़े आतंकवादियों द्वारा सप्ताहांत में किए गए हमले में 100 ग्रामीणों और सैनिकों की मौत हो गई। एक विशेषज्ञ ने हमले से जुड़े वीडियो के विश्लेषण के बाद यह जानकारी दी। इस हमले को संघर्षग्रस्त बुर्किना फासो में इस वर्ष हुए सबसे घातक हमलों में से एक बताया जा रहा है।

सूडान में वर्षा, बाढ़ से 132 लोगों की मौत

खार्तूम। सूडान में भारी वर्षा होने से अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 132 हो गई है। सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्राकृतिक आपदा से मरने वालों का आंकड़ा 132 तक पहुंच गया है। इससे पहले, सूडानी अधिकारियों ने प्राकृतिक आपदा के कारण 68 लोगों की मौत की सूचना दी थी। उन्होंने कहा था कि पीड़ितों की मौत घर गिरने और डूबने सहित विभिन्न कारणों से हुई है।

मणिपुर में केवाईकेएल के छह सदस्य गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले से सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन कांग्लेई यावोल कान्बा लूप (केवाईकेएल) के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बंदूक पर लगाए जाने वाले तीन लेंस, सैन्य वर्दी, गोला-बारूद और चार पहिया वाहन बरामद हुआ है। सुरक्षाबलों ने कुछ अन्य जगहों पर छापेमारी कर एक सिंगल बैरल और एक डबल बैरल बंदूक, 75 जिंदा कारतूस, एके-47 की तीन भरी हुई मैगजीन, सात वायरलेस वॉकी-टॉकी सेट और अन्य सामग्री बरामद किया।

नौसेना ने निकाला लापता विमान का मलबा

जमशेदपुर। भारतीय नौसेना के जवानों ने झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चांडिल बांध से, दो सीट वाले विमान का मलबा बाहर निकाल लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह विमान जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे से 20 अगस्त को उड़ान भरने के बाद विमान लापता हो गया था। एनडीआरएफ ने गुरुवार को पायलट कैप्टन जीत सतरू और प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता के शव बरामद किए थे।

शिवाजी की मूर्ति मामले में ठेकेदार पर प्राथमिकी

कोल्हापुर। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ध्वस्त होने के मामले में प्रतिमा बनाने वाले ठेकेदार और संरचनात्मक सलाहकार सहित दो लोगों के खिलाफ मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। यह प्रतिमा सिंधुदुर्ग जिले स्थित मालवन बीच पर राजकोट किले में बनी थी।

दर्शन को दूसरी जेल भेजने पर जल्द फैसला

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि रेणुकास्वामी हत्या मामले में यहां परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में बंद कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को दूसरी जेल में स्थानांतरित करने पर प्राधिकारी कुछ दिनों में फैसला कर सकते हैं। दर्शन की एक आदतन अपराधी समेत तीन अन्य लोगों के साथ जेल परिसर में एक कुर्सी पर बैठ कर और हाथ में कॉफी का मग लेकर धूम्रपान करने की तस्वीर रविवार को वायरल हो गई थी।

महिला को छूने और आंख मारने पर ठहराया दोषी

मुंबई, एजेंसी

- उम्र और आपराधिक इतिहास न होने पर नहीं दी सजा

मुंबई की एक अदालत ने महिला को आंख मारने और उसका हाथ पकड़ने के आरोपी युवक को उसकी (महिला की) गरिमा को ठेस पहुंचाने का दोषी करार दिया, लेकिन आरोपी की उम्र और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं होने पर उसे सजा नहीं दी। मजिस्ट्रेट आरती कुलकर्णी ने 22 अगस्त को पारित आदेश में कहा कि आरोपी मोहम्मद कैफ फाकिर द्वारा किया गया अपराध उम्रकैद से कम सजा का हकदार नहीं है, लेकिन उसकी उम्र और कोई आपराधिक इतिहास नहीं होने से उसे परिवीक्षा का फायदा मिलना चाहिए।

अदालत ने कहा कि वह महिला को हुई मानसिक पीड़ा और उत्पीड़न को नजरअंदाज नहीं कर सकती, लेकिन आरोपी को सजा देने से उसके भविष्य और समाज में उसकी छवि पर असर पड़ेगा। अदालत ने फाकिर को आईपीसी की धारा 354 के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने फाकिर को 15,000 रुपये का बांड भरने पर रिहाई का आदेश दिया। अप्रैल 2022 में दक्षिण मुंबई के भायखला पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, महिला ने एक दुकान से किराने का सामान मंगवाया था और उसी दुकान पर काम करने वाला आरोपी सामान देने घर पहुंचा था। आरोपी ने महिला से पीने को पानी मांगा और जब वह उसे पानी दे रही थी, तो उसने उसके हाथ को गलत तरीके से छुआ और आंख मारी।

डिजिटल अरेस्ट : साइबर ठगों ने बिछाया नया जाल

डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को धोखा देने के लिए अपनाई जाने वाली एक नई और अभिनव रणनीति है। इसमें साइबर अपराधी पुलिस अधिकारी, सीबीआई या कस्टम अधिकारी बनकर लोगों को कॉल कर उन्हें बताते हैं कि उन पर या उनके किसी स्वजन पर कुछ आरोप लगे हैं और उन्हें तुरंत पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विश्वास दिलाने के लिए साइबर अपराधी पीड़ितों को वीडियो कॉल पर नकली पुलिस स्टेशन का बैकग्राउंड आदि दिखकर भयभीत करते हैं। इस तरह झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर अपराधी ब्लैकमेल कर पैसे वसूलने की कोशिश करते हैं। सावधानी और जागरुकता से इससे बचा जा सकता है।

यह तरीके अपनाते हैं अपराधी

फर्जी कॉल : अपराधी पुलिस या अन्य सरकारी अधिकारी बनकर कॉल करते हैं और पीड़ित को बताते हैं कि उन पर कुछ आरोप लगे हैं और उन्हें तुरंत पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वीडियो कॉल : अपराधी वीडियो कॉल पर नकली पुलिस स्टेशन का बैकग्राउंड दिखाकर पीड़ित को डराते हैं और उनसे पैसे मांगते हैं।

फर्जी मेल/मैसेज : अपराधी फर्जी मेल या मैसेज भेजकर पीड़ित को बताते हैं कि उनके खाते में कुछ समस्या है और उन्हें तुरंत पैसे देने की जरूरत है वरना उनका खाता बंद कर दिया जाएगा।

नकली वेबसाइट : अपराधी नकली वेबसाइट बनाकर पीड़ित को बताते हैं कि उन्हें कुछ पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सोशल मीडिया : अपराधी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके पीड़ित को बताते हैं कि उन्हें कुछ पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ठगी से बचाव के कुछ तरीके

- **सावधानी बरतें :** यदि आपको कोई संदिग्ध कॉल या मैसेज आता है, तो तुरंत प्रतिक्रिया न दें। पहले इसकी सत्यता की जांच करें।
- **सत्यापन करें :** यदि आपको कोई कॉल आती है जिसमें आपसे पैसे मांगे जा रहे हैं, तो पहले कॉल करने वाले की पहचान और संपर्क जानकारी को सत्यापित करें।
- **पर्सनल जानकारी न दें :** अपनी गोपनीय जानकारी न दें, विशेष रूप से बैंकिंग डिटेल्स।
- **हमेशा डॉक्यूमेंट मांगें :** कानूनी आरोपों के बारे में जानकारी को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करें और कॉल करने वाले से कानूनी प्रपत्र की मांग करें।

साइबर सेल से करें संपर्क

शांत रहें और कभी भी घबराएं नहीं क्योंकि वास्तविक कानूनी मामलों को आमतौर पर औपचारिक प्रक्रियाओं के माध्यम से निपटाया जाता है, न कि तत्काल धमकियों के माध्यम से। यदि आपको लगता है कि आप डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो रहे हैं, तो तुरंत पुलिस और साइबर सेल से संपर्क करें और उन्हें पूरी जानकारी देकर सहायता मांगें।

इंदौर में 1.50 करोड़ की ठगी

इंदौर। इंदौर में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं। पिछले आठ महीनों में ठग गिरोहों ने ऐसे 13 लोगों को कुल 1.50 करोड़ रुपये का चूना लगाया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने मंगलवार को बताया कि हमें एक जनवरी से अब तक डिजिटल अरेस्ट के नाम पर कुल 1.50 करोड़ रुपये की ठगी को लेकर 13 लोगों की शिकायतें मिली हैं।

यूक्रेन के प्रति शांति संदेश, मानवीय समर्थन के लिए मोदी की सराहना

बाइडन ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात, शांति बहाली की संभावनाओं पर की चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए भारत से मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और यूक्रेन के लिए उनके शांति के संदेश एवं मानवीय समर्थन को लेकर उनकी सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की कीव की ऐतिहासिक यात्रा पर और संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से जल्दी शांति लौटने की संभावना पर चर्चा की। मोदी की 23 अगस्त की कीव यात्रा को कूटनीतिक संतुलन बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि बाइडन प्रशासन ने पिछले महीने उनकी रूस यात्रा की आलोचना की थी और कई पश्चिमी देशों ने इस पर नाराजगी जताई थी। कीव यात्रा के दौरान मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा था कि यूक्रेन और रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए एक साथ बैठना चाहिए और भारत शांति बहाल करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। मोदी की यात्रा के तीन दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति की पहल पर सोमवार को दोनों नेताओं की बातचीत हुई बाइडन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर चर्चा करने के लिए फोन पर उनसे बात की और यूक्रेन के लिए शांति के उनके संदेश और मानवीय समर्थन को लेकर उनकी सराहना की।

उन्होंने कहा कि हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। मोदी की रूस, पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा तथा बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बातचीत थी। व्हाइट हाउस ने इस फोन वार्ता की जानकारी दी और बांग्लादेश का कोई उल्लेख नहीं किया जिसका प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में जिक्र किया। मोदी की यूक्रेन की लगभग नौ घंटे की यात्रा, 1991 में यूक्रेन की आजादी के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। जिससे कुछ पश्चिमी देशों में नाराजगी फैल गई थी। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं ने मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की हालिया यात्रा के साथ-साथ सितंबर में प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों पर भी चर्चा की। बाइडन ने यूक्रेन के ऊर्जा क्षेत्र के लिए सहयोग के अलावा वहां शांति और मानवीय समर्थन के वास्ते मोदी के संदेश की भी सराहना की। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन और मोदी ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपने निरंतर समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बाइडन के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने यूक्रेन की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का विस्तृत आदान-प्रदान किया।

प्रधानमंत्री ने यूक्रेन यात्रा, द्विपक्षीय संबंधों पर पुतिन से की बात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की। उन्होंने यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा से प्राप्त अनुभवों को साझा किया तथा यूक्रेन के साथ संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बातचीत में दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा से प्राप्त अनुभवों को साझा किया। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। टेलीफोन पर बातचीत में प्रधानमंत्री ने पिछले महीने 22वें भारत-रूस द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपनी रूस की सफल यात्रा को याद किया। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

पाकिस्तान में 25 आतंकवादी मारे गए

पेशावर, एजेंसी। पाकिस्तान के अशांत कबायली जिले खैबर में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और उसके दो सहयोगी समूहों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए व्यापक अभियान में एक शीर्ष आतंकवादी कमांडर समेत 25 आतंकवादी मारे गए जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा (इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस) ने टीटीपी का जिक्र करते हुए एक बयान में कहा कि ये अभियान ''पुख्ता खुफिया जानकारी'' पर आधारित थे और इससे 'फितना अल खवारिज' और उसके सहयोगियों को बड़ा झटका लगा। सुरक्षा बलों ने अब तक 25 आतंकवादियों को मार गिराया गया है जिनमें इसका सरगना अबुजार उर्फ सद्दाम शामिल है, जबकि 11 आतंकी घायल हुए हैं। अभियान के दौरान चार सैनिकों की भी मौत हो गई।

भारत अगले माह संरा में उच्च सागर संधि पर हस्ताक्षर करेगा

चेन्नई, एजेंसी। भारत अगले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा में राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (बीबीएनजे) समझौते, जिसे उच्च समुद्र संधि भी कहा जाता है, पर हस्ताक्षर करेगा। यह महत्वपूर्ण घोषणा मंगलवार को यहां केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सलाहकार पीके श्रीवास्तव ने की। कार्यान्वयन पर केंद्रित दो दिवसीय उच्च स्तरीय कार्यशाला को मंगलवार को संबोधित करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि मंत्रालय समझौते से संबंधित विकास की निगरानी के लिए एक समर्पित संस्थागत तंत्र स्थापित करेगा। कहा कि यह प्राधिकरण संधि से संबंधित आवश्यक नियमों, अध्ययनों और अन्य गतिविधियों से निपटेगा। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यकताओं के साथ अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कानून में संधि पर विस्तृत चर्चा और संशोधन की आवश्यकता है।

हिप्र विस में निंदा प्रस्ताव पारित हरियाणा में आप का प्रदर्शन

शिमला/चंडीगढ़, एजेंसी

- भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसानों पर दिए बयान से बवाल

भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसानों पर दिए बयान के खिलाफ विपक्ष ने मंगलवार को भी हमला जारी रखा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कंगना के बयान की निंदा करने के लिए कांग्रेस समर्थित प्रस्ताव पारित किया गया, जबकि आप ने हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया।

हिमाचल के मंडी से सांसद रनौत ने दिए साक्षात्कार की क्लिप साझा की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर देश में मजबूत नेतृत्व नहीं होता, तो भारत में 'बांग्लादेश जैसी स्थिति' पैदा हो सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अब निरस्त हो चुके तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान शव लटक रहे थे और बलात्कार हो रहे थे। उन्होंने इस 'साजिश' में चीन और अमेरिका के शामिल होने का आरोप लगाया। रनौत की टिप्पणी को लेकर उनके कांग्रेस शासित कंगना के गृह राज्य हिमाचल प्रदेश की विधानसभा में तीखी बहस हुई, क्योंकि सदन ने टिप्पणी की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। 'आप' की हरियाणा इकाई ने रनौत की टिप्पणी के खिलाफ राज्य में विरोध प्रदर्शन किया।

फिल्म इमरजेंसी के निर्माताओं को नोटिस

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने फिल्म इमरजेंसी के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा है। सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था का दावा है कि फिल्म में सिखों के चरित्र और इतिहास को गलत तरीके से पेश किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी जल्द ही सिंगापुर का दौरा करेंगे

सिंगापुर, एजेंसी। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने घोषणा की है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शीघ्र ही सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। भारत और सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्रियों के रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए यहां एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद उन्होंने यह बात कही। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित चार सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने और आपसी हितों के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए सोमवार को यहां दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया।

कुछ वर्षों में गहरी हुई भारत और ब्राजील में साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों देशों की 9वीं संयुक्त आयोग की बैठक में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी पिछले कुछ वर्षों में गहरी और विविधतापूर्ण हुई है और अब यह रक्षा, अंतरिक्ष, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संबंधों सहित बहुत व्यापक क्षेत्रों तक फैल गई है। दिल्ली में 9वीं भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) में अपने उद्घाटन भाषण में जयशंकर ने जी-20 बैठकों के सफल आयोजन के लिए लैटिन अमेरिकी देश को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं ब्राजील की जी20 अध्यक्षता के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराना चाहूंगा।

हम एक न्यायपूर्ण विश्व और एक टिकाऊ ग्रह के निर्माण के विषय पर केंद्रित विभिन्न अनूठी पहलों की सराहना करते हैं। यहां 25 अगस्त को पहुंचे ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा ने अपने प्रारंभिक भाषण में कहा कि राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा को नवंबर में रियो डी जेनेरियो में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने में खुशी होगी।

अमेरिका-चीन में टकराव से बचने के तरीकों पर बातचीत

बीजिंग, एजेंसी। व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और चीन यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहे हैं कि उनके बीच प्रतिस्पर्धा टकराव में तब्दील न हो। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन वरिष्ठ विदेश नीति अधिकारी वांग यी के साथ दो दिनों से बैठक कर रहे हैं। सुलिवन ने वार्ता शुरू होने से पहले संक्षिप्त बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडन ने राष्ट्रपति शी के साथ अपनी बातचीत में यह स्पष्ट किया कि वह इस अहम संबंध को जिम्मेदारी से संभालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुलिवन गुरुवार तक चीन में रहेंगे और इस यात्रा का उद्देश्य एक ऐसे रिश्ते में संवाद को बनाए रखने की कोशिश करना है।

राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने को गठित करें टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कब्जों पर चिंता जताते हुए केंद्र को दिए निर्देश
- कोर्ट ने पोर्टल भी बनाने को कहा जहां लोग जानकारी दे सकें

राष्ट्रीय तथा राज्यों के राजमार्गों पर अतिक्रमण को लेकर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को निर्देश दिया कि सड़कों पर अनधिकृत कब्जों के लगातार और नियमित निरीक्षण के लिए विभिन्न दल बनाए जाएं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मंत्रालय को यह निर्देश भी दिया कि एक पोर्टल बनाएं जहां लोग राजमार्गों पर अतिक्रमण के बारे में जानकारी दे सकते हैं और तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं। केंद्र को पोर्टल का व्यापक प्रचार करने का निर्देश देते हुए पीठ ने कहा कि एक टोल-फ्री नंबर जारी किया जाए जहां लोग राजमार्गों पर अतिक्रमण की सूचना दे सकते हैं।

शीर्ष अदालत ज्ञान प्रकाश नामक व्यक्ति द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग (भूमि एवं यातायात) नियंत्रण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के कार्यान्वयन एवं राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए विभिन्न निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था। न्यायमित्र नियुक्त की गईं अधिवक्ता स्वाति घिल्डियाल ने कहा कि मंत्रालय ने 18 मार्च, 2020 को एक परिपत्र जारी किया था।

भारत विरोधी पोस्ट पर छात्रा को वापस भेजा बांग्लादेश

सिलचर, एजेंसी। असम के सिलचर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में पढ़ने वाली एक बांग्लादेशी छात्रा को सोशल मीडिया पर भारत विरोधी पोस्ट पर 'लव' इमोजी के साथ प्रतिक्रिया देने के बाद उसके देश वापस भेज दिया गया। कछार के पुलिस अधीक्षक नुमल महत्ता ने मंगलवार को दावा किया कि यह निर्वासन नहीं था, बल्कि बांग्लादेश के अधिकारियों के परामर्श से उसे वापस भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एनआईटी सिलचर के इलेक्ट्रॉनिक और संचार विभाग में चौथे सेमेस्टर की छात्रा मैशा महजबीन को सोमवार को करीमगंज जिले के सुतारकंडी में एकीकृत जांच चौकी के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया।

यौन उत्पीड़न : अभिनेता मोहनलाल ने एएमएमए अध्यक्ष का पद छोड़ा

अन्य पदाधिकारियों ने भी दिया इस्तीफा

कोच्चि, एजेंसी

अपने कई सदस्यों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के मद्देनजर, एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स (एएमएमए) के अध्यक्ष और शीर्ष अभिनेता मोहनलाल सहित इसके सभी पदाधिकारियों ने मंगलवार को अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।

एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि मौजूदा प्रशासनिक समिति ने आरोपों को लेकर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दिया है। बयान के अनुसार, आम सभा की बैठक बुलाए जाने के बाद दो महीने के भीतर नयी प्रशासनिक समिति चुनी जाएगी। बयान में कहा गया है कि एसोसिएशन ने उसकी आलोचना करने और उसमें सुधार लाने के लिए सभी का आभार जताया।

बांग्ला फिल्म उद्योग में भी होता है यौन उत्पीड़न

कोलकाता। मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर गंभीर खुलासे करने वाली न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बांग्ला अभिनेत्री ऋताभरी चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि ऐसी कई रिपोर्ट यहां उनके अनुभवों से मेल खाती हैं। चक्रवर्ती ने सोमवार रात को फेसबुक पर अपने पोस्ट में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को टैग करते हुए उनसे केरल में हेमा समिति की तर्ज पर ऐसी ही जांच करवाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मलयालम फिल्म उद्योग में यौन उत्पीड़न का पर्दाफाश करने वाली हेमा समिति की रिपोर्ट ने मेरे मन में यह विचार पैदा किया है कि बांग्ला फिल्म उद्योग ऐसे ही कदम क्यों नहीं उठा रहा है? सामने आयीं कई रिपोर्ट मेरे अनुभवों से मेल खाती हैं या कुछ अभिनेत्रियों के अनुभवों से मेल खाती है जिन्हें मैं जानती हूं।

मुझे कुछ हुआ तो सेना-आईएसआई जिम्मेदार : इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को दोहराया कि उनकी हालत के लिए सेना और आईएसआई जिम्मेदार हैं और उन्होंने जान को खतरे का अंदेशा भी जताया। अदियाला जेल में बंद खान (71) ने सरकार पर आरोप लगाया कि उसे देशभर में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और पाकिस्तान क्रिकेट को बर्बाद करने को लेकर आलोचना बर्दाश्त नहीं है। अगर मेरे साथ कुछ भी होता है, तो सेना प्रमुख और डीजी आईएसआई जिम्मेदार होंगे।

ब्लैक होल के बिना जीवन संभव नहीं हो सकता

संवाददाता, नैनीताल

- जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरणीय मिश्रण की आपूर्ति करता है ब्लैक होल

अमृत विचार : हमारे जैसा जीवन व सौर मंडल ब्लैकहोल के बिना संभव नहीं है। नए शोध के अनुसार दुर्लभ जीवन के लिए सटीक पर्यावरणीय मिश्रण की आवश्यकता होती है, जो ब्लैक होल ही प्रदान कर सकता है।

नए शोध में माना गया है कि जीवन को संभव बनाने के लिए तत्वों के एक निश्चित संयोजन की आवश्यकता होती है। जिसमें हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, कार्बन, ऑक्सीजन, फॉस्फोरस और सल्फर का मिश्रण शामिल है। महाविस्फोट के कुछ मिनटों के बाद से ही हाइड्रोजन ब्रह्मांड के चारों ओर घूम रहा है, लेकिन अन्य तत्व केवल तारों के अंदर संलयन प्रक्रियाओं से आते हैं। हमारे जैसा सौर मंडल संभव होने से पहले आकाशगंगाओं को तारे के जन्म और मृत्यु की कई पीढ़ियों की आवश्यकता होती है। यदि तारों की बात की जाय तो आकाशगंगा में तारे का निर्माण बहुत तेजी से हो सकता है। तारों की पीढ़ियां पलक झपकते ही आ और जा सकती हैं। तारों के निर्माण प्रक्रिया को सुपरमैसिव ब्लैक होल ही रोक सकता है। ब्लैक होल द्वारा छोड़ी जाने वाली सामग्री में जीवन के आवश्यक तत्व मौजूद होते हैं, जो जीवन की उत्पत्ति के बेहद जरूरी हैं। बुद्धिजीवी जीवन की उत्पत्ति को लेकर कई शोध हो चुके हैं। ब्रह्मांड में पृथ्वी के अलावा अभी तक किसी अन्य जगह पर जीवन का नहीं मिलना एक बड़ा रहस्य है, जबकि खगोलविद मानते हैं कि विशाल अंतरिक्ष में हम जैसा या फिर किसी अन्य रूप में जीवन अवश्य मौजूद होगा। जिसकी तलाश अभी तक पूरी नहीं हो सकी है।

कैसे आया पृथ्वी पर जीवन

पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति को लेकर कई विचार सामने आए हैं, जो जीवन की उत्पत्ति के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। मगर अभी तक ठोस सबूतों की कमी बनी हुई है। जिसके चलते वैज्ञानिकों के शोध आज भी जारी हैं।